# बहराइच से आठ माह में 27 तेंदुए, 3 बाघ और 3 भेड़िए किये गये रेस्क्यू

## वन विभाग मानव व वन्यजीव दोनों को बचाने की रणनीति पर कर रहा है कार्य : डॉ. अरूण कुमार सक्सेना, विशेषज्ञों की टीम गठित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हॉटस्पॉट तथा महत्वपूर्ण प्राकृतवास में तैनात वन विभाग के कर्मचारियों को रेस्क्यू ऑपरेशन, वन्यजीव सुरक्षा तथा प्राकृतवास प्रबंधन एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं से निपटने के लिए सक्षम बनाने हेतु कार्यशालाओं/प्रशिक्षण का आयोजन भी कराया जा रहा है। उक्त वक्तव्य प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं जलवायु

- **मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने में वन विभाग संकल्पित**

परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. अरूण कुमार सक्सेना ने वन विभाग मुख्यालय स्थित अरण्य भवन के पारिजात सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा।

डा. सक्सेना ने कहा कि मानव व वन्यजीव संघर्ष का एक कारण यह भी है कि मानव की आबादी बढ़ रही है और वह जंगल की ओर जा रहा है तथा जानवरों की आबादी भी बढ़ रही है और वह जंगल के बाहर भाग रहा है। विभाग उक्त सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर इस संघर्ष को न्यून करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं पर कार्य कर रहा है जिससे कि मानवों के साथ-साथ वन्यजीवों का भी संरक्षण किया जा सके।

वन मंत्री ने विभाग द्वारा मानव व वन्यजीव संघर्ष को न्यून करने की दिशा में वन विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयास एवं भविष्य की रणनीति को विस्तार पूर्वक बताया। मानव-वन्यजीव संघर्ष तब होता है जब मनुष्यों और वन्यजीवों के बीच मुठभेड़ नकारात्मक परिणामों की ओर ले जाती है। इसके फलस्वरूप सम्पत्ति, अजीविका और कभी-कभी जीवन



का नुकसान भी होता है। इन मुठभेड़ों के परिणामस्वरूप मानव-वन्यजीव दोनों को तुरंत प्रभावित होना पड़ता है। जैसे-जैसे मानव आबादी व स्थान की मांग बढ़ती जा रही है, लोगों और वन्यजीवों के बीच परस्पर क्रिया और संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है। इस कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष में वृद्धि होती है। प्रदेश में वन क्षेत्रों से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में बाघ, तेन्दुआ एवं भेड़िया के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। इन घटनाओं को विभाग द्वारा अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुए तत्काल उचित कार्यवाही की जा रही है।डा. सक्सेना ने बताया कि वन्यजीव के हमले की घटनाओं से पीड़ित व्यक्ति के परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता/मुआवजा दिलाने की त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। 1 जनवरी से 20अगस्त तक हिंसक वन्यजीव तथा बाघ एवं तेन्दुआ द्वारा मारे/घायल किए गए व्यक्तियों के आश्रितों को 156.00 लाख रुपये की अनुग्रह आर्थिक सहायता धनराशि स्वीकृत की गई है। उपरोक्त प्रयासों के परिणाम स्वरूप माह जनवरी से 23 अगस्त तक कुल 27 तेन्दुआ, 03 बाघ एवं 03 भेड़िया (बहराइच से) रेस्क्यू किये जा चुके हैं।

बिजनौर जनपद में माह जनवरी से अब तक 14 तेन्दुए रेस्क्यू कर हटाये जा चुके हैं। प्रदेश के बिजनौर जनपद एवं आस-पास के इलाकों में पर्याप्त संख्या में गुलदार गन्ने के खेतों में रह रहे हैं, जिसके कारण ग्रामीणों द्वारा कृषि से संबंधित व अन्य दैनिक कार्यों के लिये कास्तकारी क्षेत्रों में विचरण के दौरान गुलदारों के कारण मानव-वन्य जीव संघर्ष की ज्वलंत समस्या के संबंध में समस्या का अध्ययन कर स्थाई निदान का सुझाव देने हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। उक्त के क्रम में 22 अगस्त भारत सरकार के पत्र द्वारा निदेशक भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून को विशेषज्ञों की टीम गठित कर समस्या का अध्ययन कर आवश्यक सुझाव उत्तर प्रदेश सरकार को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर विशेषज्ञों की टीम ने अध्ययन प्रारम्भ कर दिया है।

वन मंत्री ने बताया कि वन क्षेत्रों से सटे ग्रामों में मानव-वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं को न्यूनतम करने के दृष्टिकोण से राज्य आपदा न्यूनीकरण नीति की सहायता से कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में 75 किमी, दुधवा टाइगर रिजर्व में 15 किमी, बफर क्षेत्र में 31 किमी, पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 25 किमी चेनलिंक/सोलरफोन्सिंग स्थापित कराई गई है। उक्त के कारण इन क्षेत्रों में मानव-वन्य जीव की घटनाओं में कमीं आयी है। वर्ष 2024-25 में भी उक्त कार्य के अंतर्गत संवेदनशील स्थलों पर चेनलिंक/सोलरफोन्सिंग का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। प्रदेश के वन्य जीव क्षेत्रों के आस-पास संवेदनशील ग्रामों में बाघ/गुलदार मित्र चिन्हित किये गये हैं एवं इनको आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए एवं दक्षता विकसित कराकर मानव-वन्य जीव संघर्ष की स्थिति में सहयोग प्राप्त किया जा रहा है।

# मथुरा में भव्यता और दिव्यता से मनेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : जयवीर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मथुरा में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव समारोह (जन्माष्टमी) आस्था एवं भव्यता से मनाने की तैयारियां जोरों पर है। मथुरा में पर्यटकों की भारी संख्या को देखते हुए पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इसी क्रम में ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फसाड लाइटिंग और साइनेज कार्य हेतु 20.99 करोड़ रुपए तथा यमुना नदी के घाटों के विकास एवं पुनरुद्धार कार्य के लिए 43.66 करोड़ रुपए स्वीकृ त किए हैं।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने दी। उन्होंने बताया कि गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फसाड लाइटिंग और साइनेज कार्य हेतु मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है। योजना मद में स्वीकृत 20.99 करोड़ रुपए के सापेक्ष 10 करोड़ रुपए की प्रथम किस्त की स्वीकृति भी राज्यपाल द्वारा मिल चुकी है। वहीं, यमुना नदी के घाटों के विकास एवं पुनरुद्धार कार्य हेतु स्वीकृत 43.66 करोड़ रुपए के सापेक्ष 15 करोड़ रुपए की प्रथम किस्त नामित



कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग और अपर खंड आगरा कैनाल को जारी की जा चुकी है। जयवीर सिंह ने बताया कि गोवर्धन पर्वत का धार्मिक महत्व है। मान्यताओं के अनुसार 21 किलोमीटर की गोवर्धन परिक्रमा को दो भागों में माना गया है। छोटी परिक्रमा लगभग 9 किलोमीटर और बड़ी परिक्रमा लगभग 12 किलोमीटर लंबी है। गोवर्धन परिक्रमा मानसी-गंगा कुंड से शुरू होती है। इस पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु फत्ताड लाइटिंग और साइनेज कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि यमुना नदी के घाटों के विकास एवं पुनरुद्धार कार्य के अंतर्गत बंगाली घाट से सती घाट तक मौजूदा घाट का विकास और जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिसमें बंगाली घाट से विश्राम घाट तक मौजूदा घाट को फिर से मजबूत बनाना और घाटों की सीढ़ी और चौडाई को फिर से डिजाइन करना तथा बुनियादी सुविधाओं जैसे-बैठने के लिए बेंच, पीने का पानी आदि का प्रावधान किया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि मथुरा और ब्रज क्षेत्र में श्रद्धालु सालभर आते हैं। जन्माष्टमी व रंगोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। पर्यटकों के लिए पर्यटन सुविधा और आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

# यूपी बोर्ड ने कक्षा 9 और 11 के छात्रों के पंजीकरण की तिथियों में किया संशोधन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9 और 11 के छात्रों के पंजीकरण की तिथियों में संशोधन किया है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अब 10 सितंबर तक पंजीकरण शुल्क जमा करने और छात्रों के शैक्षिक विवरणों को परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करने की अनुमति दी गई है, जिससे वे इस प्रक्रिया को समय पर पूरा कर सकें। इसके बाद 11 से 13 सितंबर के बीच प्रधानाचार्यों को अपलोड किए गए छात्रों के विवरण जैसे कि नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, विषय, फोटो आदि की गहन जांच करनी होगी। इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का अपडेशन प्रतिबंधित रहेगा, ताकि छात्रों के विवरण की सटीकता सुनिश्चित की जा सके। यदि किसी विवरण में सुधार की आवश्यकता हो, तो प्रधानाचार्य 14 से 20 सितंबर के बीच इन विवरणों में आवश्यक संशोधन कर सकते हैं। इस अवधि के दौरान नए छात्रों का विवरण अपलोड या स्वीकार नहीं किया जाएगा, केवल

- **अब विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को 10 सितंबर तक पंजीकरण शुल्क जमा करने और छात्रों के शैक्षिक विवरणों को अपलोड करने की अनुमति**
- **11 से 13 सितंबर के बीच प्रधानाचार्य अपलोड किये गये छात्रों के विवरण की गहन जांच करेंगे**

पहले से अपलोड किए गए विवरणों में ही संशोधन की अनुमति होगी। सभी प्रधानाचार्यों को पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली और संबंधित कोषपत्र की एक प्रति 30 सितंबर तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करनी होगी।

# जलगांव महाराष्ट्र में पीएम के कार्यक्रम में शामिल होंगी यूपी की दो लखपति दीदी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से प्रयागराज की लखपति दीदी (बी सी सखी) रीना कुमारी एवं अलीगढ़ की लखपति दीदी (सी आर पी) नीरज देवी ने अपने निरंतर प्रयास एवं लगन से आज एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह दोनों लखपति दीदी जलगांव महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में 25 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी।दोनों दीदियाँ को जलगाँव महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री द्वारा लखपति दीदी एवं लखपति सी आर पी के सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आमंत्रित किया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि जलगाँव, महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री द्वारा स्वयं सहायता समूहों को दी जाने वाली रिवाल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि वितरण व लखपति दीदियों को



प्रोत्साहित किये जाने वाले कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की दो लखपति दीदी भी सम्मिलित होंगी। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 15795 स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड व 15651 समूहों को सीआईएफ प्रदान की जायेगी। लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया जायेगा। बताया कि इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित 15795 स्वयं सहायता समूहों को भी 47.385 करोड़ रुपये का रिवाल्विंग फंड एवं 15651 स्वयं सहायता समूहों को 234.765 करोड़ रुपये की सामुदायिक निवेश निधि (सीव आईव एफव)प्रदान की जाएगी। दीपा रंजन ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा इसी उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जनपदों ,विकास खंड ,एवं सीव एलव एफव स्तर पर भी इसी प्रकार कार्यक्रम करवाए जाने के निर्देश दिये गए है ,जिनमे चिन्हित 274971 लखपति दीदी एवं 34274 लखपति सीव आरव पीव को भी प्रशस्ति पत्र जनपद स्तर पर कार्यक्रम करते हुए प्रदान किए जाएंगे। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में 28.92 लाख स्वयं सहायता समूह सदस्यों को आगामी तीन वर्ष में लखपति महिला बनाने का लक्ष्य है।

# संगठन में कील कांटे को करें दुरुस्त : राष्ट्रीय महासचिव

## त्रिलोक त्यागी ने की किसान एवं छात्र प्रकोष्ठ की समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय लखनऊ पर दो दिवसीय दौरे एवं समीक्षा बैठक के क्रम में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने शनिवार को किसान एवं छात्र प्रकोष्ठ की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण पटेल तथा छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय अपने क्षेत्रीय अध्यक्षों सहित उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 30 सितंबर तक क्षेत्रीय अध्यक्ष अपनी कमेटी के साथ-साथ अपने अंतर्गत आने वाले जिलों की कमेटी घोषित करें। उन्होंने कहा कि छात्र देश का भविष्य है, वहीं किसान नींव है। चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को लागू करके छात्र एवं किसान देश की मजबूती में नींव का पत्थर साबित हो सकते हैं। त्यागी ने कहा कि छात्रों की जिम्मेदारी है कि



युवाओं के बीच चौधरी चरण सिंह की विचारधारा का प्रचार प्रसार करें। वर्तमान समय में रालोद का केन्द्रीय नेतृत्व जयन्त चौधरी भी युवा हैं और उनके छात्रों के प्रति स्नेह किसी से छिपा नहीं है। जयंत चौधरी द्वारा अपने विभाग कौशल विकास तथा उद्यमशीलता के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के जीवनयापन एवं जीवन स्तर के उन्नयन के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल, रालोद नेता विनय प्रधान, युवा नेता अभिषेक राज, योगेन्द्र सिंह, रामबहादुर सिंह पटेल, पुष्पेन्द्र सिंह धारीवाल, हेमराज सिंह यादव, छात्र सभा के मनीष गुप्ता, दिनेश सिंह, अभिजीत चाहल, सौरभ चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# जदयू यूपी प्रभारी श्रवण कुमार ने टटोली संगठन की नब्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के संगठन प्रभारी श्रवण कुमार का आगमन शनिवार को लखनऊ में हुआ।

मंत्री पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित होने वाले पार्टी के प्रदेश

- **प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल**

स्तरीय बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने किया। इस बैठक में पार्टी के प्रदेश भर से लगभग सभी नये पुराने वरिष्ठ नेतागण, जिला/महानगर अध्यक्ष, सभी प्रकोष्ठों के प्रमुख पदाधिकारीगण एवं सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए। मंत्री मण्डलवार समीक्षा करने के साथ ही साथ सभी कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने



कहा कि बिना मजबूत संगठन के पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती हैं इसलिए आप लोग संगठन को मजबूत करने में अभी से लग जायें क्योंकि अभी उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पर्याप्त समय है।

उन्होंने कहा कि छोटे छोटे जन मुद्दों को लेकर हम लोग संगठन को मजबूत बना सकते हैं और उन्होंने बांग्लादेश एवं कलकत्ता की घटनाओं का जिक्र किया। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने प्रदेश पार्टी की तरफ से मंत्री को पुनः उत्तर प्रदेश प्रभारी बनाये जाने पर बधाई दी और प्रभारी मंत्री को आश्वस्त किया कि आपके कुशल निर्देशन में हम अपने कार्यकर्ताओं के बल पर उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत स्थिति में लाएंगे। संगठन की समीक्षा के साथ ही साथ प्रदेश में संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे, जिसे मंत्री ने गम्भीरतापूर्वक सुना और उसके समाधान के लिए सुझाव दिये। मंत्री ने पार्टी संगठन की अगली बैठक किसी अन्य मण्डल में रखने का निर्देश दिया है। इस बैठक में पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत सिंह पटेल, महिला प्रदेश अध्यक्ष पूनम सिंह, वरिष्ठ नेता अवधेश सिंह, मधूलिका सिंह, प्रदेश प्रवक्ता दिवाकर सिंह, विनीत तिवारी, कुंवर अजय सिंह, डॉ केके त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, जितेन्द्र सिंह, मनीष नंदन आदि मौजूद रहे।

**अन्य पार्टियों के नेताओं ने ली सदस्यता :** मंत्री के समक्ष अन्य पार्टी के नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया, जिसमें वाराणसी से जय प्रकाश पटेल, चन्द्र बली वर्मा, वेद प्रकाश पटेल, मनीष पटेल, बीर चन्द्र, रजनीश मौर्य, दिनेश यादव, लखनऊ से तृणमूल कांग्रेस अधिवक्ता सभा के पूर्व अध्यक्ष शरद मिश्र सिन्धु, शरद सिंह, गाजियाबाद से स्वामी रमेशानंद गिरी महाराज, शाहनवाज चौधरी, सुनील कुमार, दिलीप कुमार, अजीत सिंह, पारस नाथ मुख्य रूप से रहे।

# कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम : दिनेश प्रताप सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सभी जिलों में कृषि निर्यातकों और अन्य संबंधित हितधारकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायें। यह

- **मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की विभागीय समीक्षा बैठक**

बातें शुक्रवार को कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय तथा मण्डी परिषद की समीक्षा बैठक के दौरान उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहीं।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने निर्देशित किया कि प्रत्येक जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों में निर्यातकों को उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति 2019 (संशोधित 2024) के विभिन्न प्रावधानों, प्रोत्साहनों और सब्सिडी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए।



पम्फलेट तैयार कर सभी प्रतिभागियों के बीच वितरित करें, जिसमें आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल की जानकारी भी शामिल हो, ताकि निर्यातक आसानी से आवेदन कर सकें। इसके अतिरिक्त, प्रमुख निर्यात गंतव्यों की आयात आवश्यकताओं और संभावित मूल्यों की भी जानकारी दी जाए, जिससे निर्यातकों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में सहायता मिले।

मंत्री सिंह ने यह भी जोर दिया कि प्रदेश की मंडियों के आधारभूत ढांचे में सुधार, उनकी सफाई, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का उन्नयन जरूरी है ताकि किसानों और निर्यातकों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। इस दिशा में सरकार द्वारा मंडियों के सुचारू संचालन और रखरखाव के लिए आवश्यक बजट और संसाधन भी उपलब्ध है।

# ग्राम चौपालों में 3 लाख 90 हजार समस्याओं का हुआ निस्तारण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण के लिए प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।

सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार

**अब तक 95 हजार से अधिक ग्राम चौपालो का किया गया आयोजन**

को प्रदेश की 1523 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4876 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 4160 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 8318ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 90 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 95 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है।

# नकारात्मक राजनीति में भाजपा को महारत हासिल है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में भाजपाई और भाजपा सरकार सबसे ऊपर है। महिलाओं के ऊपर घोषित रूप से अत्याचार करने में देश में सबसे ज्यादा 54 सांसद, विधायक भाजपा के है। इसके अलावा भाजपा ने अपराध बढ़ाने में भी रिकार्ड बनाया है। नकारात्मक राजनीति में भाजपा को महारत हासिल है।

उत्तर प्रदेश सहित भाजपा शासित राज्यों में महिला अपराध सबसे ज्यादा हो रहे है। भाजपा सरकारें अपराधियों को संरक्षण देती है और दूसरे दलों और नेताओं को बदनाम करने का षड्यंत्र करती है। झूठे मुकदमें लगाकर अन्याय करती है। महिला अपराध ही नहीं भाजपा ने धांधली, भ्रष्टाचार समेत कई जनविरोधी रिकार्ड बनाए है।

उत्तर प्रदेश में बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार में बेटियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। मुख्यमंत्री सुरक्षा के हवाई दावे करते रहते हैं। रूदौली में लगातार छेड़छाड़ की हो रही घटनाओं से बेटियां दहशत में जीने



को मजबूर है। पीड़ितों को कई-कई दिन थाना-चौकियों के चक्कर लगाने पड़ते है तब भी सुनवाई नहीं होती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि चुनावी घपलों की सबसे शर्मनाक घटना का रिकॉर्ड भाजपा ने कैमरे के सामने बनाया है। सबसे अधिक पेपर लीक का रिकॉर्ड भाजपा के शासनकाल में बना है। भाजपा सरकार ने लोगों पर सबसे अधिक झूठे मुकदमे थोपे गये हैं। उन्होंने कहा कि छुट्टा पशुओं से सबसे अधिक मौतें भाजपा काल में हुई। पुलिस हिरासत में मौत का रिकॉर्ड भाजपा काल में बना। सबसे कम समय में सबसे ज्यादा आरक्षण विरोधी कानून भाजपा ने लाने की साजिश की। सबसे बड़ा आरक्षण घोटाला (69000 शिक्षक भर्ती में) भाजपा के समय में हुआ। भाजपा ने खिलाड़ियों के उत्पीड़न का भी अलिखित रिकार्ड बनाया। भाजपा ने सबसे ज्यादा चलती हुई, निर्वाचित सरकारें तोड़ी। भाजपा ने नकारात्मक राजनीति का सबसे बड़ा रिकार्ड बनाया है। भाजपा ने अविश्वास और भय की नफरत भरी राजनीति से देश के सौहार्द को ऐतिहासिक क्षति पहुंचाने का भी निंदनीय रिकार्ड बनाया है।

# छात्र-छात्राओं ने किया तकनीकी कौशल का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बनारसी दास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के तत्वावधान में टेक एक्स्प्लोर 2024 (इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट एक्सपो) का आयोजन शनिवार को किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और

- **बीबीडीयू : टेक एक्स्प्लोर 2024 (इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट एक्सपो) का हुआ आयोजन**

प्रेरणा से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो-वाईस चांसलर प्रो. डॉ. एससी शर्मा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपने




तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया।

छात्र-छात्राओं ने साइबर सिक्योरिटी, स्मार्ट सिस्टम्स, रोबोटिक्स, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि से सम्बंधित प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों के नवीन विचारों को स्वास्थ्य सेवा, कृषि और रक्षा क्षेत्रों के वास्तविक समय अनुप्रयोगों में लागू किया जा सकता है जो हमारे देश के विकास के लिए उपयोगी हो सकते हैं। स्मार्ट इरीगेशन सिस्टम




मुख्य आकर्षण रहा जोकि आईओटी आधारित कृषि निगरानी प्रणाली है और वायरलेस सेंसर का उपयोग करती है। गार्जियन आई, स्मार्ट ट्रॉली और ब्रेन कैंसर रिपोर्ट एनालाइजर प्रोजेक्ट्स की भी बहुत सराहना की गयी, जिनका दैनिक जीवन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी योगदान होगा। छात्रों में से एक ने अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली पर वेबसाइट डिजाइन की है, जो रैक बीनने वालों को रीसाइक्लिंग और विशेष उद्योग में कचरे के निपटान से संबंधित जानकारी देगी। सीएनएन मॉडल का उपयोग करने वाला एक ब्रेन ट्यूमर विश्लेषक, ट्यूमर का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया था। यह ट्यूमर के प्रकार और स्थान की पहचान कर सकता है जो डॉक्टर्स के लिए वरदान हो सकता है। ब्लाइंड आई और स्वचालित टोल गेट सिस्टम भी आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे ।इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. एसएमके रिजवी उपस्थित रहे और छात्रों का उत्साहवर्धन किया ।अंत मे स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन डॉ प्रवीण शुक्ल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सबको धन्यवाद दिया तथा सभी के सफल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।इस अवसर पर आईओटी क्लब और एंड्राइड क्लब के सभी वालेंटियर्स मौजूद रहे।

# एआरटीओ और मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर पद की भर्ती के लिए मिली मंजूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सड़क सुरक्षा की चुनौती को प्रभावी ढंग से निस्तारण करने के लिए एआरटीओ एवं एमवीआई ( मोटर वेहकिल इंस्पेक्टर ) पद का अनुमोदन शनिवार को वित्त विभाग द्वारा प्रदान कर दिया गया है। प्रथम चरण में एआरटीओ सड़क सुरक्षा के 50 पदों एवं एमवीआई के 351 पदों पर का अनुमोदन वित्त विभाग द्वारा मिला है।

सड़क सुरक्षा एआरटीओ एवं एमवीआई की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए परिवहन राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) दया शंकर सिंह ने कहा कि यह परिवहन विभाग के लिए महत्वपूर्ण उप्लब्धि है। इससे सड़क सुरक्षा के कार्य में और अधिक गति आयेगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि रोड सेफ्टी के महत्व को देखते हुए परिवहन विभाग अगले चरण में बाकी जिलों में भी एआरटीओ सड़क सुरक्षा की नियुक्ति करेंगा।

जिससे कि प्रदेश के सभी लोगों को सुरक्षा के साथ-साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाने के लिए लोगों को और अधिक व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए। परिवहन मंत्री ने बताया कि सड़क सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार हर सम्भव कदम उठा रही है। विभाग के अपर मुख्य सचिव एलवेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह, सड़क सुरक्षा के प्रभारी पुष्पसेन सत्यार्थी ने विभागीय प्रेसेन्टेशन दिया।

# अतिक्रमण हटाने के दौरान विरोध, घेराव, नोक झोंक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम टीम को अलग अलग जोन में अतिक्रमण हटाने के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। नगर निगम टीम को लोगों ने घेर लिया। जोन दो में जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के साथ जमकर बहस भी हुई। लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। कुछ लोग निगम का लाउड स्पीकर छीनने लगे। एक व्यक्ति बुलडोजर के सामने आ गया। लोगों का कहना था कि निर्माण अवैध नहीं है। घटना चौक स्थित चरक चौराहे के पास की है। जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी का कहना है कि यहां कुछ लोगों ने स्थायी निर्माण कर लिया है। इस अवैध निर्माण को ढहाने के लिए जोन 2 की टीम शनिवार को बुलडोजर लेकर पहुंची थी।

जोनल अधिकारी शिल्पा का कहना है कि काफी समय से शिकायत आ रही थी। ऐसे में स्थानीय पुलिस और नगर निगम प्रवर्तन दल की टीम के



साथ मिलकर अभियान चलाया गया। यहां सड़क किनारे हुए अतिक्रमण की वजह से आने-जाने वाले लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विरोध के बाद भी अभियान चलाया गया है। यहां अतिक्रमण न हो इसके लिए स्थानीय पुलिस को भी पत्र लिखा जाएगा। नगर निगम की टीम इससे पहले पारा इलाके में अभियान चलाने गई थी। उस समय भी विरोध हुआ था। यहां तक की लोगों ने नगर निगम की टीम पर राजनीति से प्रेरित होकर अभियान चलाने का आरोप लगाया था। यहां 50 से ज्यादा दुकानों को हटाया गया था। यहां पर महिलाएं नगर निगम के बुलडोजर के सामने आ गई थी। इसी तरह जोन सात में भूतनाथ मार्केट में अतिक्रमण हटाने के दौरान विरोध हो गया। व्यापार मंडल के दो गुटों की वजह से अतिक्रमण अभियान कुछ समय के लिए बाधित रहा। जोन सात के कर अधीक्षकों और राजस्व निरीक्षकों को व्यापारियों ने घेर लिया। एक गुट की शिकायत पर निगम अतिक्रमण हटाने पहुंचा था। भूतनाथ व्यापार मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता के साथ व्यापारियों ने विरोध जताया। नगर निगम टीम से झड़प हुई। कहा शाम को नही हट सकता है अतिक्रमण, किसकी शिकायत पर दुकानें हटाई जा रहीं हैं। कर्मचारियों पर लगाया आरोप, होती है वसूली, मुंह न खुलवाएं। ट्रक से जब्त किया सामान उतरवा लिया। व्यापार मंडल के दोनों गुटों की वजह से कई दिनों से अभियान चल रहा है। जोन 06 में अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के साथ ही वृहद अभियान के तहत प्रतिबन्धित पॉलिथीन जब्त कर 50 हजार का जुमार्ना वसूला। नेहा यादव राजस्व निरीक्षक के नेतृत्व में चरक चौराहे से बुलाकी अड्डा तक, तुरियागंज चौराहे से गिरधारसिंह स्कूल तक, बावनीगंज वार्ड में अस्थायी अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए अवैध अतिक्रमण हटाया गया ।जिसमें 15 जुग्गी, 40 ठेले,100 प्रचार बोर्ड,12 एंगल,05 तक्थ इत्यादि हटवाए गए ।इसके अतिरिक्त करीब 05 किलो प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलिथिन जब्त कर 50000 रु का जुर्माना वसूल किया गया।

## खुर्रमनगर में एसके पैलेस को एलडीए ने किया सील



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने खुर्रमनगर क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान रिंग रोड पर अवैध रूप से निर्मित किये गये एक गेस्ट हाउस/बैन्क्वेट हॉल को सील किया गया। एलडीए के संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि मोहम्मद खलीक पुत्र स्वर्गीय नजीर अहमद व अन्य की ओर से रिंग रोड पर खुर्रमनगर चौराहे के पास भूमि खसरा संख्या-95 पर लगभग 1000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से बहुमंजिला भवन का निर्माण कराकर एसके पैलेस नाम से गेस्ट हाउस संचालित किया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये गये उक्त निर्माण कार्य के विरूद्ध विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसे शनिवार को प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी, सरोज कुमार, भरत पाण्डेय व प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया गया।

# घर, मीटर, नाम एक लेकिन बिजली बिल आ रहे दो

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली बिल वसुली के नाम पर अब उपभोक्ता को परेशान भी किया जा रहा है। नाम एक, घर एक और बिजली मीटर एक फिर भी बिल दो आ रहा है। माल विकास खंड के रुदानखेड़ा गांव निवासी ओरीलाल की गत वर्ष मौत हो गयी थी। उसके चार बेटों में दो दिब्यांग हैं। दो बेटे पिता से अलग रहते हैं। जबकि दिब्यांग निर्मल गुमटी में पान की दुकान लगाता है।

निर्मल के मृतक पिता ओरीलाल पुत्र हुलसी निवासी रुदानखेड़ा के नाम से बिल सं0,24090366420 व एकाउंट आईडी 4248587000 तथा बिल की 1484.72 रुपये आ रहा है और ओरीलाल पुत्र हुलसी निवासी शाहमऊ के नाम का बिल संख्या 64606 6946037 व एकाउंट आईडी 646066800 तथा बिल की राशि 1597.83 रुपये और अब तक 38193 रुपये का बिल बिजली विभाग दे रहा है। प्रथम तो एक ही नाम और वल्दियत के नाम से ब्यक्ति तो हैं लेकिन गांव अलग अलग हैं।

साथ ही बिल और अकाऊंट आईडी भी अलग है फिर भी मीटर रीडर बिजली बिल मृतक के दिब्यांग बेटे निर्मल से जमा कराने के लिए दवाब बना रहा है। निर्मल का कहना है कि मैं अपना बिल थोड़ा थोड़ा करके प्रत्येक महीने जमा करता आ रहा हूँ, और मेरे घर पर एक ही मीटर लगा है लेकिन बिल दो दिये जा रहे हैं। जब इस बारे में विद्युत उपखण्ड अधिकारी डीके प्रजापती से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि आप उपभोक्ता को मेरे पास भेजिये समास्या का समाधान किया जायेगा। जबकी पीड़ित का कहना है कि बिजली विभाग जाने पर कोई सुनवाई नही होती है।

# प्रशिक्षु अधिकारी और जेल वार्डन की पासिंग आउट परेड सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सम्पूणार्नंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में शनिवार को उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ और उत्तराखंड के प्रशिक्षु अधिकारी और जेल वार्डन की पासिंग आउट परेड सम्पन्न हुई । उत्तर प्रदेश के सचिन

- **आपकी लगन एवं मेहनत व उपलब्धियों में आपके परिजनों का बड़ा योगदान : दारा सिंह**
- **उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ और उत्तराखंड के प्रशिक्षु व जेल वार्डनों की हुई परेड**

वर्मा, अभिषेक सिंह, अमन कुमार सिंह, मंजीव विश्वकर्मा एवं आशीष झा ने जेल अधीक्षक संवर्ग का प्रशिक्षण पूरा किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के 12 सहायक जेल अधीक्षक, उत्तराखंड के 110 एवं उत्तर प्रदेश के 20 जेल वार्डन की भी पासिंग आउट परेड हुई।

इस अवसर पर कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अधिकारियों एवं जेल वार्डनो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी लगन एवं मेहनत व उपलब्धियों में आपके परिजनों का बड़ा योगदान है।

वही, डीजीपी/आईजी कारागार पीवी रामा शास्त्री ने अफसरों एवं जेल वार्डनों सम्बोधित किया और कहा कि अनुशासित बलों में प्रशिक्षण का महत्व अत्यधिक होता है। इसी से वर्दीधारी के व्यक्तित्व में निखार आता है जिससे वह नियम कानून की जानकारी से सुसज्जित हो जाता है। प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक एवं डीआईजी आर एन पांडे ने नये जेल अधीक्षकों एवं जेल वार्डनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई ।इस मौके पर डीजी सीबी सीआईडी एस एन साबत, पूर्व डीजी स्पेशल इंक्वायरी चन्द्र प्रकाश, एआईजी धर्मेन्द्र सिंह ,डीआईजी शैलेन्द्र कुमार मैत्रय, डीआईजी रामधनी , पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक एस.सी. शाक्य , छत्तीसगढ़ के डीआईजी जेल एस एस तिग्गा ,उत्तराखंड के डीआईजी दधिराम मौर्य समेत अन्य अधिकारीगण एवं प्रशिक्षुगण के परिजन मौजूद रहे।

# भाजपा पार्षद ने अपने दल के नेता पर खड़े किए सवाल

**लखनऊ।** नगर निगम सफाई के ठेके को लेकर पार्षदों का विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। भाजपा पार्षद ही एक दूसरे के विरोध में आ गए हैं। भाजपा पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी पम्मी के पत्र के बाद शनिवार की भाजपा पार्षद राम नरेश रावत ने लेटर बम छोड़ा है ।सरोजनी नगर वार्ड दित्तीय से भाजपा पार्षद रावत ने नगर आयुक्त को पत्र लिख कर उप नेता के पद पर ही सवाल

- **सफाई के ठेके को लेकर नही थम रहा विवाद**

खड़े कर दिए हैं। कहा कि जानना चाहता हूँ नगर निगम में पार्षदों की बैठक जिसमें पार्षदों के साथ पार्षद प्रतिनिधि के अलावा कोई मौजूद नहीं था। नगर निगम से संबंधित वार्ता को एक पत्र के माध्यम से शालीनता के साथ महापौर के नाम एवं आपका नाम लिखकर भेजा गया। शुक्रवार को एक पत्र आपको संबोधित करते हुए इस बैठक में पार्षद प्रतिनिधियों को बाहरी कहकर संबोधित किया गया और जांच कर कार्रवाई के लिए कहा गया है। रावत ने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम, लखनऊ उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 के अंतर्गत दी गई धाराओं व उपधाराओं के अधीन शक्तियों से संचालित होता है। जिसके अधीन ही निगम के महापौर व पार्षद का निर्वाचन होता है। अधिनियम के अन्तर्गत कार्यकारिणी व सदस्यों सहित उपाध्यक्ष का चुनाव भी होता है। सदन की कार्यवाही भी अधिनियम के अधीन ही दी गई शक्तियों से जनहित में निर्णय या संकल्प पारित करता है। पूछा कि नगर निगम लखनऊ में लागू किस अधिनियम की धारा या उपधारा में दलीय नेता / उपनेता पार्षद दल बनाये जाने की व्यवस्था है। नगर निगम लखनऊ में लागू किस अधिनियम की धारा या उपधारा में दलीय नेता/ उपनेता को सदन की कार्यवाही बैठक में निगम द्वारा अलग से विशेष व्यवस्था दी जाती है। क्या सदन की कार्यवाही बैठक में दलीय नेता/उपनेता को अन्य पार्षदगणों से अलग कोई विशेष अधिकार प्राप्त हैं। नगर निगम लखनऊ में कार्यकारिणी व सदन की कार्यवाही में दलीय व्यवस्था अधिनियम की किस धारा या उपधारा में दी है। भाजपा पार्षद ने यह जानकारी लिखित रूप में उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 या जो भी अधिनियम लखनऊ नगर निगम में लागू हो धारा/ उपधारा सहित देने की मांग की है।

# सीमेंट कारोबारियों ने की नेट बिलिंग की मांग

**लखनऊ।** कम्पनियों से आ रही समस्या को लेकर संघ का प्रतिनिधिमंडल उनके उच्चाधिकारियों से मिला और रेट बिलिंग पर जीएसटी में आ रही समस्या से उन्हें अवगत कराया। पुराने समय से हम नेट बिलिंग की मांग कर रहे हैं लेकिन कम्पनियों की डिस्काउंट स्ट्रक्चर बिलिंग होने से बिलिंग रेट से बिक्री काफी कम रेट पर होती है जिससे जीएसटी विभाग से तमाम नोटिस डीलरों को प्राप्त हो रही है। डेविड नोट और क्रेडिट नोट भी पूरे कम्पनियों से डीलरों को नहीं प्राप्त होते हैं और पोर्टल पर भी कम्पनियां उन्हें नहीं डाल रही हैं जिसकी भी प्रताड़ना जीएसटी विभाग से डीलर्स झेलने पर मजबूर हैं और इन्ही सब परेशानियों को एसीसी, बिरला कारपोरेशन बड़ी कम्पनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों से साझा किया तथा ऊपर एमडी तक भेजने का आग्रह किया जिससे नीतियों में सुधार हो सके और उसके लिए सभी कम्पनियों ने सकारात्मक सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक नरेश जैन एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता के साथ मनीष मोदी , कुलदीप गुप्ता, आकाश हूजा, अभिषेक मंसानी गुड्डू भाई निर्मल गुप्ता और प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज सिंह आदि शामिल रहे।

# बांग्लादेशी हिन्दुओं के समर्थन में निकाली रैली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बांग्लादेश में हिन्दु अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार, महिलाओं के साथ दुराचार के विरोध में शहर के लोग जन आक्रोश रैली निकाले। हिन्दू रक्षा समिति ने परिवर्तन चौक से होते हुए अटल चौक तक पैदल चले। रैली में पैदल ही हिन्दू समाज के लोग बांग्लादेश व ममता सरकार विरोध नारे लगाते निकले।

भारत सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में हिन्दुओं, उनके धार्मिक



स्थलों, प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जाए। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने रैली स्थल पर कहा कि बांग्लादेश सरकार से सशक्त वार्ता की जाए। सरकार हिन्दुओं की दशा व समस्याओं पर दृष्टि बनाए रखें। जरूरी हो तो हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों का विषय संयुक्त राष्ट्र संघ में भी उठाया जाए। यदि जरूरत पड़ी तो विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने भारत में बांग्लादेश से हो रही घुसपैठ और रोहिंग्या मुसलमान की बढ़ती हुई संख्या पर भी चिंता जताई। कहा कि समय आ गया है कि इनको भारत से बाहर किया जाए। तुष्टिकरण की राजनीति के चलते हिन्दुओं के समर्थन में भाजपा के अतिरिक्त किसी राजनीतिक दल के बयान तक नहीं आए। भारत में रहने वाले हिन्दुओं को ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए जागना चाहिए। रैली में ईशा मित्तल, दीप्ति सिंह, कन्हैया लाल अग्रवाल, महंत धर्मेंद्र दास, महंत भास्करानंद, संजय सिंह, सुरेश सिंह, मधुसूदन मिश्रा आदि शामिल हुए।

# मेट्रो स्टेशन पर क्रिकेट प्रेमियों से मिले खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार




**लखनऊ।** मेट्रो के हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर यूपी टी-20 में खेलने वाली लखनऊ फैल्कन्स की टीम से भुवनेश्वर कुमार, कप्तान प्रियम गर्ग समेत अन्य खिलाड़ी क्रिक्रेट प्रेमियों से मिलने पहुंचे। लखनऊ फैल्कन्स के खिलाड़ियों ने इंदिरानगर से हजरतगंज मेट्रो स्टेशन तक लखनऊ मेट्रो से यात्रा की।

उन्होंने लखनऊ मेट्रो के विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं साफ-सफाई की खूब तारीफ की। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर लखनऊ फैल्कन्स से मिलने पहुंचे युवा क्रिकेट खिलाड़ियों ने इस मंच का लाभ उठाते हुए क्रिकेट और उससे जुड़े सवाल सामने रख अपनी मन की जिज्ञासा को शांत किया। लखनऊ फैल्कन्स के सभी खिलाड़ियों ने खास टी-शर्ट पर ऑटोग्राफ देकर लखनऊ मेट्रो को याद के रूप में टी-शर्ट भेंट की। यूपी मेट्रो के निदेशक ऑपरेशन प्रशांत मिश्रा एवं निदेशक (रोलिंग स्टॉक) नवीन कुमार ने लखनऊ फैल्कन्स की टीम का हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर स्वागत किया एवं यूपी टी-20 प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। अगामी यूपी टी-20 प्रतियोगिता में यूपी की कई टीम समेत लखनऊ का प्रतिनिधित्व लखनऊ फैल्कन्स की टीम कर रही है।

# ई-बाइक से होगी जनेश्वर मिश्र पार्क व गोमती रिवर फ्रंट की सैर

## 7 वर्ष की उम्र के बच्चों से लेकर बुजुर्ग, महिलाएं व दिव्यांगजन भी उठा सकेंगे सुविधा का लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एशिया के सबसे बड़े जनेश्वर मिश्र पार्क व गोमती रिवर फ्रंट की सैर करना अब बेहद आसान होगा। इसके लिए दोनों स्थानों पर ई-बाइक की सुविधा मिलेगी और पर्यटक इस पर सवार होकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर सकेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने शनिवार को जनेश्वर मिश्र

- **कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने जनेश्वर मिश्र पार्क से किया ई-बाइक सुविधा का उद्घाटन**
- **30 रुपये से 80 रुपए के शुल्क पर मिलेगी ई-बाइक**

पार्क में स्थापित ई-बाइक स्टैण्ड का उद्घाटन करके ह्यपब्लिक बाइक शेयरिंग प्रोजेक्टह्न का शुभारम्भ किया। इस दौरान प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार समेत अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। इस मौके पर मण्डलायुक्त ने कहा कि यह प्राजेक्ट ईको फ्रेंडली होने के साथ-साथ लोगों के लिए बहुत उपयोगी है। जनेश्वर



मिश्र पार्क 376 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में फैला है। यहां लोग जिस गेट से इंट्री करते हैं, उसके आसपास के क्षेत्र में ही घूम पाते हैं। अब ई-बाइक की सुविधा मिलने से लोग आसानी से पूरे पार्क का भ्रमण कर सकेंगे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इस परियोजना के तहत जनेश्वर मिश्र पार्क में गेट नंबर-1 एवं 2, किड्स प्ले एरिया व सेंट्रल पार्क में 04 स्टैण्ड स्थापित किये गये हैं। वहीं, गोमती रिवर फ्रंट पर 01 स्टैण्ड बनाया गया है। इसके अंतर्गत 100 ई-बाइक, ट्राई साइकिल, डबल सीट साइकिल व स्पोर्ट्स रेंजर साइकिल उपलब्ध रहेंगी। 7 वर्ष की उम्र के बच्चों से लेकर बुजुर्ग, महिलाएं व दिव्यांगजन भी इस सुविधा का लाभ उठाकर आसानी से ई-बाइक चला सकेंगे। उन्होंने बताया कि ये ई-बाइक केवल जनेश्वर मिश्र पार्क के अंदर ही चलाने को मिलेगी। वहीं, गोमती रिवर फ्रंट में इनका संचालन एडीसीपी कार्यालय से लेकर गोमती बैराज तक के स्ट्रेच में किया जा सकेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ह्यपब्लिक बाइक शेयरिंग प्रोजेक्टह्न का संचालन व अनुरक्षण निजी कंपनी रैविर प्रोडक्ट्स एलएलपी द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक स्टैण्ड पर कंपनी के ऑपरेटर व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जहां से मात्र 30 रुपए से 80 रुपए के शुल्क पर ई-बाइक/साइकिल प्राप्त की जा सकेंगी। कार्यक्रम में प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह व संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# गंदगी देख बिफरी मेयर, अफसरों को लगायी फटकार

लखनऊ। मेयर सुषमा खर्कवाल ने शहर में गंदगी देखकर अधिकारियों को फटकार लगाई। मेयर ने मौके पर मौजूद जोनल अधिकारी से कहा तुम्हें इसी गंदी नाली में डुबो दूंगी। काम नहीं कर पा रहे हो तो इस्तीफा दो और अपने घर चले जाओ। मेयर ने शनिवार सुबह अलीगंज इलाके का दौरा किया। इस दौरान गंदगी देख अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जोनल अधिकारी अलंकार रस्तोगी गिड़गिड़ाते नजर आए। उन्होंने कमियां जल्द दूर

- **कहा तुम्हें इसी गंदगी में डूबो दूंगी**

करने का भरोसा दिया। एक दिन पहले भी मेयर ने शहर से डंपिंग जोन और अवैध ठेले हटाने को कहा था। मेयर ने कहा अगर किसी भी कर्मचारी या अधिकारी की वजह से सफाई व्यवस्था खराब होती है, तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। सड़क किनारे डंपिंग जोन देखकर पूछा कि, क्या ये जगह डंपिंग जोन के लिए है? मेयर के सवाल का अधिकारी जवाब नहीं दे पाए। अलीगंज क्षेत्र में सड़क किनारे नाली में गंदगी देखकर मेयर ने जोन-3 के जोनल अधिकारी अलंकार रस्तोगी से कहा इसी गंदी नाली में तुम्हें डुबो दूंगी। जनता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। काम नहीं करना है तो इस्तीफा दे दो। नालियों में गंदगी देख मेयर ने अधिकारियों से पूछा कि क्या यहां 5 दिन पहले सफाई कराई गई थी? आप तो कह रहे थे कि सफाई कराई गई थी, क्या यही आपकी सफाई व्यवस्था है। यहां पर कितने सफाईकर्मी हैं? इस पर अधिकारियों ने कहा- मैडम 55 कर्मचारी काम करते हैं। उनके नाम क्या हैं और वो कहां हैं, इसके बारे में भी पूछा। इस पर अधिकारी अपनी डायरी देखते रहे।

**सफाई करने वाली कंपनी को फोन लगाया :** गंदगी पर अधिकारियों ने कहा सफाई करने वाली कंपनी 'सुएज' सही से काम नहीं कर रही। मेयर ने पूछा- जब कंपनी काम नहीं कर रही थी, तो आपने इनके खिलाफ क्या कार्रवाई की। मेयर ने सुएज कंपनी के अधिकारियों को फोन लगाकर टेंडर वापस लेने की चेतावनी दी। मेयर ने सुएज कंपनी के अधिकारियों को मौके पर न पहुंचने की वजह पूछी।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |



# कड़ी सुरक्षा के बीच दूसरे दिन संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा





## राजधानी में 20336 पुलिस भर्ती परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी

- 81 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न कराई जा रही पुलिस भर्ती की परीक्षा
- सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही स्मार्ट मॉनिटरिंग



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत डीएम सूर्य पाल गंगवार द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

डीएम ने बताया कि शनिवार को 81 केंद्रों पर परीक्षा कराई जा रही है। जिसमे शनिवार प्रति पाली 39072 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमे प्रथम पाली में कुल 10343 परीक्षार्थी और द्वितीय पाली में कुल 9993 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण की शुरूआत राजकीय जुबली इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र से की गई। परीक्षा केंद्र पहुंच कर परीक्षा के सुचारू संचालन के संबंध में एग्जामिनेशन रूम, परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था को देखा गया। उक्त के बाद जिलाधिकारी द्वारा प्रथम पाली में गोला गंज स्थित क्रिश्चियन इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उक्त के बाद जिलाधिकारी द्वारा नारी शिक्षा निकेतन का निरीक्षण करते हुए सभी केंद्र व्यवस्थापको को नकल विहीन पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण द्वितीय पाली में भी जारी रहे। द्वितीय पाली में जिलाधिकारी द्वारा भारतीय बालिका विद्यालय, अवध डिग्री कालेज व अमीरुदौला इस्लामिया इंटर कालेज का निरीक्षण किया गया। डीएम ने परीक्षा केंद्र पहुँच कर सभी व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट की भी ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही समस्त केंद्रों पर मोबाईल जैमर की भी व्यवस्था को सुनिश्चित कराया गया है, ताकि नकल विहीन परीक्षा को सम्पन्न कराया जा सके।

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस के लिए चुनौती बनी पुलिस भर्ती परीक्षा शनिवार को भी पूरी तरह से सकुशल संपन्न हो गई। वहीं पुलिस अब आगामी तारीखों में होने वाली पुलिस परीक्षाओं के लिए कड़ी सुरक्षा के इंतजाम के लिए रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। शनिवार को आयोजित हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए सुरक्षा-व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे लेकिन परीक्षा खत्म हुई तो बस अड्डे और रेलवे स्टेशनों पर व्यवस्था काफी सही से गुजर गयी। परिक्षार्थिओं को जाने के लिए बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ थी लेकिन लोगों को ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा है। बता दें कि इसी साल फरवरी में हुई यह परीक्षा पर्चा लीक होने की वजह से रद्द कर दी गई थी। परीक्षा के लिए केन्द्रों पर भी अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया था। परीक्षा केंद्र के अंदर जाने से पहले पुलिस महिला कांस्टेबल व पुरुष कांस्टेबल द्वारा छात्र-छात्राओं की सघन चैकिंग करने के बाद अनुमति दी गई। इस दौरान फिंगरप्रिंट और चेहरे की पहचान सहित बायोमेट्रिक सत्यापन भी किया गया। पुलिस ने चेतावनी दी कि परीक्षा देने आए छात्र-छात्राएं केवल तीन ही चीज आधार कार्ड, पैन और अपना एडमिट कार्ड परीक्षा केंद्र के अंदर ले जा सकते हैं। युवकों के हाथ में बंधी राखियां, कलावे, ब्रासलेट आदि भी खुलवा दिए गए। सभी केंद्रों पर सुबह आठ बजे से एंट्री शुरू कर दी गई। परीक्षा केंद्र पर नकल को रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की गयी। परीक्षा के लिये कमिश्नरेट पुलिस ने परीक्षा केंद्रों पर 8 एसीपी, 62 इंस्पेक्टर, 11 महिला सब इंस्पेक्टर, 173 सब इंस्पेक्टर, 173 मुख्य आरक्षी, 346 आरक्षी, 173 महिला आरक्षी लगाए हैं। सभी जोन में बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में 81 सब इंस्पेक्टर को लगाया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ 162 सशस्त्र बल के जवान लगाए गये हैं। चेकिंग व फ्रिस्किंग के लिए एलआईयू ड्यूटी के लिये 492 कांस्टेबल को लगाया गया है। इसके साथ ही मुख्यालय से 03 पुलिस उपाधीक्षक, 15 निरीक्षक तथा 2 कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीसीटीवी और 5 ड्रोन टीमों को सुरक्षा-व्यवस्था में लगाया गया है।

**घर जाने के लिए निकले अभ्यर्थी:** सिपाही भर्ती परीक्षा के पहले ही दिन परीक्षा छूटने के बाद घर जाने के लिये अभियर्थियों ने निकल कर शहर में मौजूद संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए घर जाने की व्यवस्था की और आसानी से निकल गये। दूसरे पाली की परीक्षा के बाद शाम को चारबाग, आलमबाग, अवध व कैसरबाग बस अड्डे समेत रेलवे स्टेशनों पर अभियर्थियों खासी भीड़ थी लेकिन किसी तरह की कोई अफरा तफरी नहीं हुई।

**दूसरे दिन दिन भी चप्पे चप्पे पर मुस्तैद रही पुलिस:** यूपी पुलिस भर्ती की दूसरी दिन की परीक्षा शाम 5 बजे संपन्न हो गई। दोनों पालियों में किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। पुलिस और प्रशासन अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे थे। ड्रोन कैमरे से भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी गई। दूसरी पाली की परीक्षा शाम तीन बजे से शुरू हुई थी। इससे पहले पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक हुई थी। शहर के सभी 81 सेंटर्स पर पुलिस भर्ती परीक्षा पहले दिन संपन्न हुई। दोनों पालियों की परीक्षा में सख्ती रही। थ्री लेयर जांच की गई। जूते-मोजे निकलवाए गए। राखी व कलावा भी उतरवा लिया गया।

परीक्षा के दौरान डीजीपी और डीएम ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। पुलिस भर्ती परीक्षा में 78144 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। 5 दिनों 10 पालियों में कुल 3 लाख 90 हजार 720 अभ्यर्थी शामिल होंगे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने भी शहर के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में किसी भी तरह की धांधली करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो प्रशासन हर तरह से इसकी निगरानी कर रहा। डीजीपी ने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया और वह राजकीय पॉलिटेक्निक पहुंचे थे।

**आधा घंटे पहले बंद किए गए सेंटर्स के गेट:** सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्र का गेट आधे घंटे पहले बंद किए गए। यह वीडियो अमीरुद्दौला इस्लामिया इंटर कॉलेज का है। जहां के सेंटर प्रभारी ने गेट बंद करने की जानकारी दी।

अभ्यर्थी सिर्फ प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और पेन ही परीक्षा केंद्र ले जा सके। चेकिंग के लिए एलआईयू के 492 कांस्टेबल लगाए

परीक्षा केंद्र से कोई भी अभ्यर्थी व तैनात कर्मचारी परीक्षा खत्म होने से पहले बाहर नहीं निकल सकते हैं। सभी केंद्र सीसीटीवी से लैस किये गए हैं, रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाएगी। 4 ड्रोन टीमें लगाई गईं, जिससे केंद्रों की निगरानी की जाएगी। रेलवे, बस और मेट्रो स्टेशन के पास हेल्पलाइन डेस्क बनाए गए हैं। हेल्पलाइन नंबर : 8867786192 व 9773790762 कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन में 29 जगहों पर अभ्यार्थियों व उनके रुकने के लिए अस्थाई व्यवस्था की गई है।

**मोबाइल, ब्लूटूथ को निष्क्रिय करने के लिए लगे जैमर:** परीक्षा में कोई गड़बड़ी न हो सके इसको चलते अभ्यर्थियों से लेकर ड्यूटी करने वालों तक की त्रि-स्तरीय जांच की गयी साथ ही परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की चेकिंग के साथ ही उनका फेशियल रिकॉग्निशन भी किया गया।

## रेलवे स्टेशनों व बस अड्डों पर अभ्यर्थियों की उमड़ी भीड़



- सीहट पाने के लिए ट्रेनों व बसों में धक्का-मुक्की करते रहे
- जीआरपी व आरपीएफ जवान स्थितियों को संभालने में जुटे दिखे
- रेलवे अफसर व पुलिस अधिकारी स्टेशन पर जमे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन भी चारबाग स्टेशनों पर पहली पाली समाप्त होने के बाद दोपहर से ही अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ने लगी। रेलवे प्रशासन ने परिक्षार्थियों की सकुशल वापसी के लिए स्पेशल ट्रेने भी चलायी। लेकिन अभ्यर्थी जिधर की ट्रेन मिल रही थी उनमे सवार होकर वापसी करने लगे। ट्रेनों में भारी भीड़ के कारण अराक्षण कराने वाले यात्रियो को भी काफी दिक्कतें आयी। हालाकि अफरा तफरी रोकने के लिए आरपीएफ व जीआरपी के जवान प्लेटफार्मों से लेकर फुट ओवरब्रिज, सरकु लेटिंग एरिया में तैनात रहीं और लाउडस्पीकर से अभ्यर्थियों को आराम से ट्रेनों मेंचढ़ने तथा ट्रैक से दूर रहने की लगातार अपील की जाती रही।

अभ्यर्थियों की वापसी का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इस बीच पहलीं पाली में छूटे परीक्षार्थियों ने नौचंदी, सियालदाह एक्सप्रेस, पंजाब मेल, डुप्लीकेट पंजाब मेल, किसान एक्सप्रेस, गंगागोमती एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, गोरखधाम एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ, लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस, लखनऊ-गोरखपुर एक्सप्रेस, लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस, सहित अन्य ट्रेनों के आरक्षित कोचों में सवार हो गये। इस बीच परीक्षार्थियों के आरक्षित सीट पर बैठने की शिकायत कई यात्रियों ने आरपीएफ व जीआरपी के जवानों से की लेकिन अभ्यर्थियों की भीड़ के कारण वे भी कनीं काट गये। उधर, चारबाग बस स्टेशन, आलमबाग बस अड्डा, कैसरबाग बस अड्डे पर भी अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ी। सीट पाने के लिए अभ्यर्थी धक्का मुक्की भी करते देखे गये। जिस अभ्यर्थियों को जहां जगह मिली कब्जा कर लिया, जिससे आम यात्रियों को यात्रा के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालत यह थे कि लखनऊ जं., चारबाग रेलचे स्टेशन, ऐशबाग स्टेशन, सिटी स्टेशन, डालीगंज स्टेशन, बादशाहनगर स्टेशन व गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर भी अभ्यर्थियों की भीड़ रही।



## गोदाम में खड़ी गाड़ी चोरी, पुलिस से शिकायत

लखनऊ। बंथरा इलाके में एक गोदाम में खड़ी गाड़ी को एक चालक चला कर चोरी कर लिया। इस दौरान गाड़ी मालिक ने पुलिस की 112 नंबर पर सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक के फोन से बात की। जिस पर चालक आने से मना कर दिया। समाधान न होने पर बंथरा पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कार्य वाई की मांग की। सरोजनी नगर के शांति नगर निवासी व गाड़ी मालिक संजय यादव पुत्र उमेश यादव की गाड़ी नंबर यूपी 32 जेएन 0460 पिकअप बुलेरो जिसे कुछ दिन पहले शैलेंद्र सिंह उर्फ दारा सिंह पुत्र गुज्जन सिंह निवासी डरेहटा थाना सोहरा मऊ जनपद उन्नाव ने कुछ मॉल गाड़ी से गायब कर दिया था। जिससे उसे चालक के पद से हटा दिया गया था। तेईस अगस्त दो हजार चौबीस को समय करीब तीन बजे मेरे गोदाम के अंदर खड़ी पिकअप बोलेरो गाड़ी में चाबी लगी हुई थी।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पौत्री प्राची पुत्री सन्तोष कुमार की हाईस्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक नं. 211754706 व जन्मतिथि 03.11.2006 है कहीं खो गई है। **राम भारत पुत्र भगवती दीन नि. ग्राम चौपरिया परगना चाँदा तहसील लम्भुआ जनपद सुलतानपुर।**

### सूचना

मैने अपने पुत्र मनीष प्रभाकर व बहू गरिमा वर्मा को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **छेदी लाल पुत्र बेचन नि.- 594घ/331 डी, दुर्गापुरी, नीलमथा, लखनऊ।**

## होटल संचालक की पत्नी ने लगाई फांसी

लखनऊ। राजधानी के चिनहट के आनंद लोक कालोनी में शुक्रवार दोपहर एक होटल संचालक की पत्नी वन्दना तिवारी (33) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव फंदे से लटकता देख परिवार वालों के होश उड़ गए। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चिनहट के आनंद लोक कालोनी निवासी श्रवण कुमार तिवारी शिवा पैलेस नाम से होटल का संचालन करते हैं। इंस्पेक्टर चिनहट अश्विनी चतुर्वेदी ने बताया कि श्रवण कुमार के मुताबिक शुक्रवार को वह बेटे को स्कूल से लाने गए थे। कुछ देर बाद वह घर पहुंचे तो पत्नी वन्दना तिवारी कमरे में पंखे के कुंडे से फंदे के सहारे लटकी हुई थी।

## ट्रक की बॉडी पर लगी लोहे की सीढ़ी के सहारे फांसी लगा कर दी जान

लखनऊ। बिजनौर इलाके में एक युवक ट्रक की बाड़ी में लगी लोहे की सीढ़ी के सहारे प्लास्टिक की डोरी से लटक फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव की वीडियो ग्राफी करा कर नीचे उतरवाया और जमतलाशी ली गई। जिसमे मिले आधार कार्ड से शव की शिनाख्त कराकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। जनपद बरेली के तहसील आवंला के ग्राम पलथा निवासी संजू यादव उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र ओमकार यादव के रूप में पहचान की गई थी। मृतक के शव को उलट पलट कर देखा गया। फांसी की चोट के अलावा और कोई अन्य जाहिरा चोट के निशान प्रदर्शित नहीं थे। परिजनों एवम ट्रक मालिक को घटना की सूचना दे दी गई है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के समक्ष शव का पंचनामा की कार्य वाई कर पोस्ट मार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया गया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली की विजय नगर अन्तर्गत चुन्नू खेड़ा से निकली रेलवे लाइन की पोल संख्या 13/9 के पास शनिवार सुबह एक करीब 40 वर्षीय अधेड़ का शव मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के बाद शव की शिनाख्त नहीं हो होने पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि अधेड़ की मौत ट्रैन की टक्कर से हुई है मृतक ने लाल रंग का टी शर्ट और काले रंग का हाफ लोवर पहन रखा था। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जिसपर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया गया है।

## पुलिस सिपाही भर्ती के अभ्यर्थियों के लिए आरएसएस ने की निःशुल्क ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सेवा कार्य को ही सर्वोपरि माना गया है। सेवाभाव को ही धर्म बताया गया है। समय-समय पर संघ की ओर से सेवा कार्य किये जाते रहते हैं। इसी क्रम में वर्तमान में प्रदेश में हो रहे पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के कार्यक्रम में युवाओं को असुविधाओं से बचाने के लिये स्वयंसेवक पुरजोर प्रयास करते हुए सेवा कार्य दे रहे हैं। अभ्यर्थियों को दी जा रही इस निःशुल्क सेवा की सभी प्रशंसा कर रहे हैं। विभिन्न जनपदों में अभ्यर्थियों के रहने एवं भोजन आदि की वृहद स्तर पर निःशुल्क व्यवस्था की गयी है।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती, बलरामपुर, अम्बेडकरनगर, बाराबंकी एवं अयोध्या सहित अन्य जनपदों में सेवा कार्य किया जा रहा है। इन जनपदों सहित प्रदेश के कमोबेश सभी परीक्षा केन्द्रों के निकट 22 से 31 अगस्त तक अभ्यर्थियों के रहने एवं भोजन आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गयी है। इस बार पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की संख्या 48 लाख है। ऐसे में बड़ी संख्या में परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ रही है। इस बीच उन्हें किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो, यही संकल्प करते हुए संघ के स्वयंसेवक सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। इस सेवा कार्य से लाभान्वित होने वाले युवाओं ने भी संघ के इस प्रयास की सराहना की है। वे बड़ी संख्या में आरएसएस की ओर से चलाये जा रहे इस सेवा कार्य का लाभ पा रहे हैं। कई स्थानों पर संघ के कार्यालयों को अभ्यर्थियों के ठहरने के लिए खोल दिये गए हैं। साथ ही, जिलावार स्वयंसेवकों के फोन नंबर सोशल मीडिया पर जारी किये गए हैं, जिन पर किसी भी समय सम्पर्क करके सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। प्रदेश के सभी जनपदों में विशेष कैम्प व भण्डारे का आयोजन करके अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। खासकर महिला अभ्यर्थियों को इससे बहुत आसानी हो रही है। अभ्यर्थियों के लिए इतने बड़े स्तर पर हुई व्यवस्था को देखकर उनके परिजन भी सेवा कार्य से प्रभावित हो रहे हैं।

**नगर पालिका परिषद, बाँदा**

पत्रांक : 780/कर/न०पा०परि०बाँदा/ दिनाँक 23-08-2024

नोटिस - सार्वजनिक

1. श्री **अनीता पत्नी श्री संतोष कुमार** नि.- मढ़िया नाका शहर बांदा

श्रीमती **अंजली पत्नी मुरलीधर नि.- मोहल्ला शान्ती नगर शहर बांदा** ने एक प्रार्थना-पत्र **दिनांक 04.07.2024** को इस कार्यालय में प्रस्तुत करके प्राथना की है कि मकान नं. 385/19 नया के भाग ......... को उन्होने जरिए रजिस्टर्ड बैनामा पत्र द्वारा प्राप्त कर लिया है, जिसकी प्रतिलिपि उन्होने संलग्न की है।

श्रीमती **अंजली पत्नी मुरलीधर** का अब भवन कर निर्धारण सूची में बहैसियत मालिक का नाम अंकित कर दिया जावे।

नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 (2) के अन्तर्गत एवं सर्व साधारण को इस आशय के साथ सूचित किया जाता है कि नोटिस पाने के 30 दिन के अन्दर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्राप्त न होने पर यह समझा जायेगा कि आपको नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है और तदनुसार

श्रीमती **अंजली पत्नी मुरलीधर** का नाम भवन संख्या 305/19 नया में भवन स्वामी की हैसियत से कर निर्धारण सूची में अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बाँदा**

## आवासीय विद्यालय से रात में भागी छात्रा अपने रिश्तेदार के घर से बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज क्षेत्र के एक आवासीय विद्यालय से रात के वक्त एक 14 वर्षीय किशोरी के गुम हो जाने की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के हाथ पैर फूल गए। शनिवार को आने रिश्तेदार के यहां मिलने के बाद मामला शांत हुआ।

जानकारी के मुताबिक गोसाईंगंज क्षेत्र में एक आवासीय विद्यालय में कक्षा छह में पढ़ने वाली छात्रा शुक्रवार की की रात आचानक गुम हो गई। इस बात की जानकारी जब विद्यालय की वार्डन व प्रिंसिपल को हुई तो तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी की डिटेल लेकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस तत्काल किशोरी की खोज में लग गई। शनिवार की दोपहर वह रहमत नगर स्थित अपने रिश्तेदार के यहां मिली।

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किशोरी के मिलने के बाद पूछतांछ की गई तो उसके बताया कि उसने बताया कि बीते 27 जुलाई को उसे आवासीय विद्यालय भेजा गया था। तभी से उसे वहां अच्छा नही लग रहा था। वह शुक्रवार की रात करीब दो बजे टीन पर चढ़ कर दीवार लांघ कर बाहर निकल गई। जिसके बाद वह पैदल ही शनिवार की सुबह रहमत नगर अपने रिश्तेदार के घर पहुंची। पुलिस ने जब रिश्तेदारो के यहां फोन कर पूछा तो पता चला कि वह आई हुई है। पुलिस ने लड़की को बरामद कर उसके परिजनों को सौप दिया। आवासीय विद्यालय से लड़की के गुम होने की सूचना पर उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज खंड शिक्षा अधिकारी गोसाईंगंज मौके पर पहुँचे। जिलाधिकारी लखनऊ ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस को फोन कर छात्रा को बरामद करने को कहा।

## कंपनी निदेशक ने दी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के बिजनौर स्थित ओमेक्स सिटी स्थित किराए के मकान में रहने वाले अजय कुमार सिंह पुत्र नारायण दत्त सिंह ने पुलिस एक तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है और पुलिस को बताया कि मैं बीते ग्यारह सालो से नावा हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कई पदों पर काम किया हूं और वर्तमान में आर एस एम के पद पर कार्य कर रहा हूं।

मेरी कंपनी के निदेशक हेमंत सुरी और पुनीत कपूर है। मैं अपनी कुछ घरेलू समस्याओं को लेकर और निदेशक हेमंत सुरी और पुनीत कपूर के दुर्व्यवहार मैं कम्पनी से त्याग पत्र देना चाहता हूं। इसी क्रम में मैने एक नोटिस अथवा त्याग पत्र बीती सोलह अगस्त को कंपनी के वर्कशॉप और मेल द्वारा दे दिया था। तत्पश्चात कंपनी के निदेशक हेमंत सुरी नाराज होकर फोन एवम वर्कशॉप पर गालियां देते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है और कहा की हम आपको किसी बड़ी धोखाधड़ी में फंसा दूंगा। बीते 18 अगस्त को मोबाइल नंबर पर विपक्षी वा कंपनी निदेशक हेमंत सुरी तरह तरह के आरोप लगा कर कंपनी का भुगतान करने की बात की। इस पर अजय कुमार सिंह पूरा हिसाब देने को कहा है। मैं भुगतान करूंगा और आप हमारा भुगतान भी करे। निदेशक ने धमकी दी की आप किसी भी कंपनी और लखनऊ में न रहने देंगे और न काम करने देंगे। उन्होंने बताया कि निदेशक अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है जो कई बार जेल जा चुका है। इससे अब हमे और हमारे पूरे परिवार खतरा है। जिससे वह डरा और सहमा हुआ है और बीती उन्नीस अगस्त को मेरे घर के पास दो संदिग्ध दिखाई पड़े थे। अगर मेरे और मेरे परिवार के साथ कोई घटना घटित होती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी निदेशकों की होगी। इनके द्वारा दी गई धमकियों की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। जिसे उचित समय पर देंगे। उन्होंने पुलिस से जान मॉल से सुरक्षा किए जाने और न्याय दिलाने की मांग की है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.-1, ई-प्रापण निविदा संख्या:** उप0मु0 इं0-नि0-मुख्या0-05-2024 दिनांक 22.08.2024, **कार्य का नाम:** प्लेटफार्म, गेट लॉज, सिग्नल एवं स्टेशन भवन, पी.पी. की नींव का निर्माण। दोहरीकरण कार्य के संबंध में कप्तानगंज (बहिष्कृत)- वाल्मिकीनगर (बहिष्कृत) के बीच आश्रय एवं एफओबी फाउलिंग मार्क और खाड़ा विश्राम गृह/कैंप कार्यालय का अन्य विविध कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 20,90,60,779.18, **बयाना राशि:** ₹ 11,95,300.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** Nil, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 20 (बीस माह), **नोट:** • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि- 09.09.2024, • उपरोक्त ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि- दिनांक 23.09.2024, 15.00 बजे तक। • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि- दिनांक 23.09.2024, 15.00 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

श्री रवि प्रकाश, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या/गो0, मो0 न0 9794844281

उप मुख्य इंजी0/नि0/मुख्या0 गोरखपुर

मुजाधि/डब्लू-215

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# वृंदावन की जरी मोती मणि माणिक की विशेष पोशाक पहनेंगे कान्हा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में 26 अगस्त दिन सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव मनाया जाएगा जिसके उपलक्ष्य में होटल क्लार्क अवध में प्रेस वार्ता का आयोजन शनिवार को किया गया, जिसमें आनंद स्वरूप अग्रवाल, लाल बहादुर यादव, भोक्ताराम, मधुस्मिता, दीनदयाल, श्रीलाल गुप्ता, रवि मालिक प्रभुजी उपस्थित रहे।

मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभु ने बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव की शुरूआत मंगला आरती प्रातः 4:30 बजे, तुलसी आरती प्रातः 5:15 बजे, गुरु पूजा, प्रातः 7:30 बजे, श्रृंगार आरती प्रातः 9:00 बजे, अविरल कीर्तन प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक, संध्या आरती सायं 7:00 बजे, महा अभिषेक रात्रि 10:00 बजे से मध्य रात्रि 12:00 बजे तक, छप्पन भोग रात्रि 11:00 बजे से मध्य रात्रि 12:00 बजे तक और महा आरती मध्य रात्रि 12 बजे की जायेगी। दोपहर 12 बजे से रात्रि 12 बजे तक महा अभिषेक दूध दही घी शहद व 1008 तीर्थों के जल से श्री राधा कृष्ण का महा अभिषेक मंदिर में होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 5 बजे से सांस्कृतिक पंडाल में सम्पन्न होंगे। विशेष प्रस्तुति पद्मश्री मालिनी अवस्थी द्वारा गायन प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अलावा वैदिक एवं प्रहलाद गुरुकुल के बच्चों द्वारा नाट्य प्रस्तुतियां, आइजीएफ ग्रुप द्वारा भजन एवं नृत्य की प्रस्तुतियाँ की जायेंगी। शिक्षण संस्थानों के बच्चों द्वारा भजन, नाटक एवं नृत्य प्रस्तुतियां होंगी।

जरी मोती मणि माणिक की विशेष पोशाक वृंदावन के विशेष कारीगरों द्वारा निर्मित से श्री श्री राधा रमण बिहारी जी का श्रृंगार किया जायेगा। इस्कॉन, भक्त मंडली द्वारा अविरल कीर्तन प्रातः 09:30 से शाम 06:30 तक होगा। उक्त कार्यक्रम के विजेता भक्तों को मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी स्वयं पुरस्कार के साथ सम्मानित करेंगे। 27 अगस्त को दोपहर 01:30 बजे नंद उत्सव विशेष रूप से 5 दही हांडियों के साथ भव्यता से मनाया जाएगा। नंद उत्सव एवं श्रील प्रभुपाद जी की 128 वीं व्यास पूजा आविर्भाव महोत्सव के दिन 256 तरह के भोग अर्पित होंगे एवं विशाल भंडारा का आयोजन दोपहर 02:00 बजे से हरि इच्छा तक चलेगा। जन्माष्टमी महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल सिंह, एवं संजय सेठ, एंव गरिमामयी अतिथि के रूप में बृजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, केशव प्रसाद मौर्या, उप मुख्यमंत्री, स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, जयवीर सिंह, संदीप सिंह, एवं अन्य गणमान्य अतिथि गण उपस्थित रहेंगे।



**याहियागंज बाजार बना कृष्ण भक्तों की पहली पसंद:** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के अवसर पर लखनऊ के बाजारों में सजावट देखी जा रही है। यहां का यहियागंज बाजार खरीदारी के लिए कृष्ण भक्तों की पहली पसंद है। यहां वो होलसेल के दर पर सस्ते में और कई विविध प्रकार के सामानों की वैरायटी की खरीदारी कर सकते हैं राजधानी लखनऊ के बाजार कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के लिए सज गए हैं। यहां का यहियागंज बाजार भक्तों की पहली पसंद है। यहां वो होलसेल के दर पर सस्ते में और विविधता से भरपूर सामान खरीद सकते है। यह बाजार भक्तों के लिए एक आकर्षक विकल्प है जहां वो खरीदारी का आनंद उठा सकते हैं। इस बाजार में आपको श्री कृष्ण से जुड़े सभी सामान मिलेंगे, उनके वस्त्र, बांसुरी, बिस्तर या पगड़ी लेनी हो, आपको यहां विविधता मिलेगी जैसे रंग-बिरंगे कपड़े, आकर्षक बांसुरी, सुविधाजनक बिस्तर और प्रचीन पगड़ी। यह सभी सामान आपको एक स्थान पर मिलेंगे और उनकी कीमत 6 से 10 रुपये से शुरू होती है। लड्डू गोपाल के भक्त उनकी ही तरह चंचल होते हैं और उन्हें अपने बच्चों, दोस्त और प्रिय साथी की तरह देखभाल करते है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर वो उनके लिए उत्कृष्ट सामान खरीदते हैं ताकि उनका अच्छे से श्रृंगार कर सकें। इससे वो उनके प्रति अपने प्रेम और भक्ति को प्रकट करते हैं लड्डू गोपाल के वस्त्र भक्तों को खूब पसंद आ रहे हैं। इन वस्त्रों की खूबसूरती, रंगों की विविधता और उनके आकर्षक डिजाइन लोगों का मन मोह रहे हैं। यह वस्त्र भक्तों को आनंद और धार्मिक अनुभव प्रदान कर रहे हैं। इन वस्त्रों की कीमत मात्र 20 से 40 रुपये है, उन्हें इस मार्केट से आसानी से खरीदा जा सकता है। लड्डू गोपाल के भक्तों को मोर पंखी बांसुरी और उनके जेवर भी बहुत पसंद आ रहे हैं। इस बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। यदि आप भी लड्डू गोपाल के लिए खरीदारी करना चाहते हैं तो आपको यहियागंज बाजार आना होगा।

## गणेशगंज की डिजिटल मूविंग झांकी में दिखेगी पूरी कृष्णलीला





- छह दिन तक रोज नए नए प्रसंग जीवंत किए जायेंगे
- 30 और 31 अगस्त को सांस्कृतिक मंच भी सजेगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मित्तल परिवार की ओर से न्यू गणेशगंज अमीनाबाद रोड पर लगने वाली शहर की एकमात्र डिजिटल मूविंग जन्माष्टमी झांकी इस बार 26 अगस्त से शुरू होगी। 31 अगस्त तक चलने वाली इस झांकी में हर दिन लीलाएं बदलेंगी। लाइट और साउंड के इफेक्ट के साथ चलने वाली इस झांकी में श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर महारास तक अलग-अलग दृश्यों को रोज जीवंत किया जाएगा। झांकी रोज शाम को छह बजे से शुरू होगी और रात 12 बजे तक चलेगी। झांकी के संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि 21 साल से लगातार आयोजित हो रही डिजिटल मूविंग झांकी में पहले दिन 26 अगस्त को कृष्ण जन्म, 27 अगस्त को माखन चोरी, 28 अगस्त को अघासुर वध, 29 अगस्त को नौका विहार, 30 अगस्त को गोवर्धन लीला और 31 अगस्त को महारास लीला का प्रदर्शन किया जाएगा।

30 और 31 अगस्त को यहां सांस्कृतिक मंच भी सजेगा। 30 अगस्त को सांस्कृतिक मंच पर क्षेत्रीय बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। छोटे छोटे बच्चे मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे और उम्दा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अगले दिन पुरस्कृत भी किया जाएगा। 31 अगस्त को सांस्कृतिक मंच पर राधा कृष्ण के रूप धरे बच्चों के द्वारा फूलों की होली का भव्य आयोजन किया जाएगा। लखनऊ की गायिका जया शुक्ला और गायक अमित जायसवाल अपने भजनों और गीतों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करेंगे।

**छह दिन स्थायी झांकियां भी लगी रहेंगी:** जन्माष्टमी के दौरान यहां छह दिन स्थायी झांकियां भी लगेंगी। राधा कृष्ण को झूला झुलाने वाली परंपरागत झांकी इस बार भी लगेगी। अयोध्या में रामलला के विग्रह जैसी छह फुट ऊंची प्रतिमा के भी लोग दर्शन कर सकेंगे। 20 फुट का शिवलिंग भी सबके आकर्षण का केंद्र बनेगा। बजरंगबली की प्रतिमा बिजली के माध्यम से सीना चीरते दिखाई देगी और सीने में राम सीता की छवि दिखाई देगी। सांप और बंदर का नाच दिखाते मदारी में बिजली के माध्यम में जीवंत दिखाई देंगे। सेल्फी प्वाइंट पर लोग अपनी फोटो खींच सकेंगे।

**नाका चौराहे तक लगता है जन्माष्टमी मेला:** गणेशगंज की झांकी के लिए नाका से झांकी स्थल तक डिजिटल एलईडी लाइटिंग वाले गेट लगाए जा रहे हैं। कम्प्यूटर ग्राफिक्स आधारित इन गेट पर बिजली से अलग-अलग बनने वाली आकृतियां यहां मेले जैसा माहौल बना देती हैं। इसी के साथ यहां छोटी-छोटी कई दुकानें सज जाती हैं जहां प्लास्टिक के सामान, खेल-खिलौने, गृहस्थी की वस्तुएं, चाट-पकौड़ी की दुकानें। जहां शाम से रात तक लोगों का हुजूम लगा रहता है। तरह-तरह के झूले भी इस दौरान लगते हैं जिस पर झूलकर लोग बचपन की यादें ताजा करते हैं।

# माताओं ने पुत्रों की दीर्घायु के लिए रखा हलछठ व्रत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में शनिवार को हलछठ का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। हलछठ का व्रत माताओं द्वारा पुत्रों की दीघार्यु के लिए रखा गया और विधि-विधान से हलछठ की पूजा अर्चना की गई। हलषष्ठी व्रत में महिलाओं ने सुबह से ही स्नानादि आदि से निवृत होकर नित्यक्रम करने के पश्चात हलषष्ठी व्रत धारण करने का संकल्प उत्तराभिमुख होकर किया। बलराम जयंती पर होने वाले इस पर्व पर हल की पूजा अर्चना होती है।

गौरतलब है कि हलछठ पूजा के लिए एक दिन पहले बाजार में महिलाएं पूजा की सामग्री खरीदती हुई देखी गई। वहीं पूजा के लिए महिलाएं सुबह के समय पलाश, कांस एवं कुश के नीचे भगवान शिव पार्वती स्वामी कार्तिकेय एवं गणेश जी की मूर्ति स्थापित करके धूप दीप पुष्प आदि से भक्तिभाव से पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने ठिंगरिया-मुंगरिया की प्रचलित कहानियां सुनी और कथा का वाचन किया। हलछठ पर्व के तहत बाजार में चहल-पहल रही। पूजा अर्चना के बाद उपवास रखने वाली माताओं ने अपने पुत्रों के दीघार्यु और भलाई की कामना की। घर-घर के आंगन में कुश गाड़ कर रीति के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान किए गए। महिलाओं ने व्रत रख पूजा अर्चना की। मान्यता है कि श्रीकृष्णजी के जन्म से पूर्व श्री बलरामजी का जन्म हुआ था। हलषष्ठी का व्रत बलरामजी के जन्म के उपलक्ष्य में किया जाता है। बलरामजी का शस्त्र हल है। इसलिए इस दिन महिलाओं को हल चले हुए जमीन में चलना पड़ता है। व्रत के पूजन सामग्री के रुप में दूध, दही-घी, महुआ, तिन्नी का चावल, फूल, दूब, रोली, चन्दन, नारियल, कुश और भाजी का प्रयोग होता है। इसी क्रम में सुबह से ही महुआ और कुश लगाकर व गड्ढा खोद कर महिलाओं ने पूजन-अर्चन किया। पुत्रों को गड्ढे के पानी में पैर डालकर धुला और उनकी लंबी उम्र की कामना की। पुत्रों ने भी माता के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इसी तरह घर-घर में भी कुंड बने और दिन भर पूजन-अर्चन का सिलसिला चलता रहा। खाने में बिना जोते खेत के अन्न-फल व अन्य सामग्री का इस्तेमाल महिलाओं ने किया। जिसमें तिन्नी का चावल, दही व करेमुआ के साग की काफी मांग रही।

**माताओं ने रखा निर्जला व्रत:** राजधानी में हलषष्ठी व्रत उत्साह से मनाया गया। महिलाओं ने संतान सुख प्राप्ति के लिए व्रत रखकर कर विधि-विधान से पूजन किया। पूजन के बाद हलषष्ठी पर्व सें संबंधित कथा कही गई एवं सुनी गई। महिलाओं ने पूजन के लिए गढ्ढा खोदकर सगरी बनाई तथा इसमें झरबेरी, ताश और पलाश वृक्षों की एक टहनी खड़ी कर बांधी। आठ दस दिन पहले बोई गई कजरी तथा सूत की पिंडी रखकर पूजा की। भैंस के घी से दीपक जलाया गया और हवन में भी भैंस के ही घी का उपयोग किया। बधों के दीघार्यु होने की कामना की। हलषष्ठी करने वाली महिलाएं व्रत के दिन हल जोतकर उत्पन्न की जाने वाली किसी भी वस्तु का प्रयोग नहीं करती हैं। पेड़ों से उत्पन्न व स्वयं प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाले छह प्रकार के भोज्य पदार्थ का ही सेवन कर व्रत तोड़ती हैं।

**हरछठ माता का किया पूजन:** इंदिरानगर में हरछठ पर्व पर पूजा अर्चना करते हुए भारत माता की जय कार करते हुए हर छठ माता की पूजा अर्चना कर महिलाओं ने अपने अपने पुत्रों के लिए लंबी उम्र की कामना की और उनके जीवन में कभी कोई समस्या न हो, धन संपत्ति से संपन्न रहने की कामना की। भोमा गांव में भी हरछठ पर्व पर माताओं ने व्रत रखकर विभिन्न पूजन सामग्रियों से पूजन अर्चन कर अपने पुत्रों की दीघार्यु की कामना की।

### आज भी रखा जायेगा हलछठ व्रत

ज्योतिषाचार्य के अनुसार, षष्ठी तिथि 24 अगस्त कोसुबह 07 बजकर 51 मिनट से प्रारंभ होगी और 25 अगस्त को सुबह 05 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। इसलिए हरछठ 25 अगस्त, रविवार को भी मनाया जायेगा। हरछठ व्रत माताएं संतान के सुखद जीवन व लंबी आयु के लिए रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को प्रभाव से संतान को कष्टों से मुक्ति मिलती है।

# वाजिद अली शाह के लखनवी नजरिए की दास्तान सुनाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर के ऐतिहासिक साहू थिएटर में दास्तान-ए-जान-ए-आलम का प्रस्तुतिकरण हुआ। प्रख्यात दास्तानगो डॉ. हिमांशु बाजपेयी और डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने अवध के अंतिम बादशाह वाजिद अली शाह के जीवन से जुड़ी रोचक जानकारियों को अपने अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया।

दास्तानगो हिमांशु बाजपेयी और प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि दास्तान का नया मीडियम शुरू हुआ है इसमें लोगों की काफी रुचि है। अच्छी दास्तान आपके माइंड को पकड़ लेती है छोड़ती नहीं। बताया कि 30 जुलाई 1822 में जनाबे आलम ने जन्म लिया और मिर्जा वाजिद अली बहादुर के नाम से ख्याति मिली। वह बचपन से ही रागिनी का लुत्फ लेते थे। 1842 में राधा कन्हैया लिखा। 1847 में किस तरह से मजबूरी में उन्हें सत्ता संभालनी पड़ी और उसके बाद से अंग्रेजों ने किस तरह से उनके साथ गलत सलूक किया। डॉ. हिमांशु का कहना है कि दास्तान को सालों की मेहनत और शोध के बाद तैयार किया है। इसका उद्देश्य वाजिद अली शाह के जीवन और उनके समय का लखनवी दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है। साथ ही अंग्रेजों के फैलाए गए भ्रमों और गलतफहमियों को दूर करना है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए खुले द्वार:** शहर के सबसे पुराने साहू थिएटर ने अब सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी अपने द्वार खोल दिए हैं। अब दर्शक यहां वाणिज्यिक फिल्मों संग लखनऊ की सांस्कृतिक धरोहर का भी आनंद ले सकेंगे।

# 'मिस अहलूवालिया' की अदाओं ने दर्शकों को गुदगुदाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के सहयोग से शहर की सक्रिय सांस्कृतिक संस्था लखनऊ कम्युनिकेशन सोसाइटी द्वारा मिस अहलूवालिया हास्य नाटक का मंचन दबीर सिद्दीकी के कुशल निर्देशन में शनिवार 24 अगस्त को गोमती नगर स्थित संगीत नाट्य अकादमी उत्तर प्रदेश के वाल्मीकि रंगशाला में किया गया।

मिस अहलूवालिया नाटक में दिखाया गया कि हॉस्टल में रहने दो युवकों को दो युवतियों से प्यार हो जाता है। बात जब विवाह तक पहुंच जाती है तब युवतियां शर्त रखती हैं कि जल्द से जल्द वह युवक अपने अभिभावकों से उनके माता-पिता को मिलवाएं और इस रिश्ते के लिए उनकी रजामंदी हासिल करें। ऐसे में युवक अपनी मौसी को अभिभावक के रूप में मिलवाने की योजना बनाते हैं पर वह भी किसी कारण से उन तक नहीं पहुंच पाती हैं। ऐसे में मजबूरी में दोनों युवक अपने एक दोस्त को ही मौसी मिस अहलूवालिया बनाकर ले आते हैं। शुरूआत में तो बात बनती दिखती है पर हास्यजन्य परिस्थितियों से गुजरते नाटक के अंत में आखिरकार सच सामने आ ही जाता है। दर्शकों ने अंत तक इस नाटक का भरपूर आनन्द लिया। इस हास्य नाटक में कलाकारों ने विभिन्न किरदारों को प्रभावी रूप से मंच पर अभिनीत किया। इसमें समीर की भूमिका संकल्प भारती, प्यारेलाल की सनुज प्रजापति, पटला पाशा की शशांक पांडेय, शैल की रुचि रावत, मीना की अनामिका सिंह, जीवन की विपिन प्रताप राव, भावतरण की रोहित श्रीवास्तव, विशाल लक्ष्मी अहलूवालिया की प्रियंका और दुर्योधन सहित विवाह अधिकारी की भूमिका अंशुल पाल ने अदा कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। दबीर सिद्दीकी के निर्देशन में हुई इस प्रस्तुति में रहमान कार्यशाला निर्देशक और निशू त्यागी वर्कशॉप निर्देशिका रहीं। राजू की प्रकाश परिकल्पना, दानिश की मंच सज्जा, एम अभिषेक की मुख्य सज्जा, धीरेन्द्र कुमार के नाट्य संगीत और अनामिका सिंह की वेशभूषा, न केवल नाट्यानुरूप रहीं बल्कि उसने ने नाट्यरसता को भी बढ़ाया। इस प्रस्तुति के प्रदर्शन हेतु दबीर सिद्दीकी ने संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश का आभार प्रकट किया।

# भानु सप्तमी आज, रवि योग में होगी सूर्यदेव की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि पर भानु सप्तमी मनाई जाती है। ऐसे में इस साल भानु सप्तमी रविवार, 25 अगस्त 2024 को मनाई जाएगी। आप इस तिथि पर आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ कर भगवान सूर्य की विशेष कृपा प्राप्त कर सकते हैं। इस दिन सूर्य देव की पूजा-उपासना की जाती है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि भानु सप्तमी तिथि पर सूर्य देव का प्रादुर्भाव हुआ है। अतः कृष्ण और शुक्ल पक्ष तिथि पर भानु सप्तमी मनाई जाती है। सूर्य देव की उपासना करने से साधक को सभी प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से निजात मिलती है। इस शुभ अवसर पर साधक गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान कर सूर्य उपासना करते हैं।

**भानु सप्तमी का शुभ मुहूर्त :** वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि 25 अगस्त को सुबह 05 बजकर 31 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 26 अगस्त को देर रात 03 बजकर 39 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि से गणना की जाती है। अतः 25 अगस्त को भानु सप्तमी मनाई जाएगी।

**2 शुभ योग में है भानु सप्तमी:** 25 अगस्त को भानु सप्तमी के दिन 2 शुभ योग बन रहे हैं। पहला रवि योग और दूसरा त्रिपुष्कर योग है। रवि योग सुबह में 05:56 बजे से लेकर शाम 04:45 बजे तक है। वहीं त्रिपुष्कर योग प्रातः 04:45 बजे से अगले दिन 26 अगस्त को तड़के 03:39 बजे तक है। रवि योग में सूर्य का प्रभाव अधिक रहता है, जिसके कारण सभी प्रकार के दोष खत्म हो जाते हैं। वहीं त्रिपुष्कर योग में आप जो भी शुभ कार्य करते हैं, उसका तीन गुना फल प्राप्त होता है।

**भानु सप्तमी की पूजा विधि:** भानु सप्तमी के दिन सुबह में उठकर दैनिक क्रियाओं से निवृत हो जाएं, फिर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। उसके बाद सूर्य देव की पूजा करें। तांबे के लोटे में साफ पानी भर लें, फिर उसमें लाल फूल, लाल चंदन, गुड़ आदि डाल दें। उससे सूर्य देव को अर्घ्य दें। अर्घ्य देते समय सूर्य मंत्र का उच्चारण करें। सूर्य चालीसा और आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें। उसके बाद गायत्री मंत्र का जाप करें। सूर्य पूजा के बाद अपनी क्षमता के अनुसार दान करें। आप गेहूं, लाल फल, लाल फूल, लाल या नारंगी रंग का कपड़ा, गुड़, तांबे के बर्तन आदि का दान कर सकते हैं। इससे आपकी कुंडली का सूर्य दोष दूर होगा। सूर्य के मजबूत होने से पिता के साथ संबंध मजबूत होंगे। करियर में आपका प्रभाव अच्छा होगा।

## सिंधी समाज मनायेगा थदड़ी पर्व, मंदिरों में होगा पूजन

**लखनऊ।** सिंधी समाज रविवार को थदड़ी पर्व धूमधाम से मनाएगा। महिलाएं माता शीतला के मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगी। सिंधी समाज के पं. अशोक शर्मा ने बताया कि इस पर्व पर सिंधी समाज के परिवारों में ठंडा, मीठा बासी भोजन ग्रहण किया जाएगा।

सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी ने बताया कि पूरा समाज माता शीतला के मंदिरों में पूजना अर्चना करेगा। सिंधी समाज के लोग इस पर्व पर एक दिन पहले मीठा लोला, चावल, दही, भात, नमकीन कोकी, सिंधी आचार, बेसन का चिल्ला आदि तैयार करेंगे। उसके बाद सिंधी आश्रमों में माता शीतला की पूजा अर्चना उनसे सुख, शांति की प्रार्थना की जाएगी। उन्हें भोग लगाकर ठंडा मीठा प्रसाद ग्रहण किया जाएगा। समाज के संजय जसवानी, अशोक चांदवानी, श्याम कृषनानी, अमरनाथ चौधरी, सतीश आडवानी, मन्नू तेजवानी, पुनीत लाल चंदानी, दीपक लोंगानी, महेश तलरेजा, नीरज राजपाल, दिनेश रायचंदानी, सुरेश छबलानी समेत अन्य लोगों ने सिंधी समाज के लोगों को इस समाज की बधाई दी। इस विशेष दिन पर सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में सिंधी पंडितों के घरों में महिलाएं पूजा कर प्रसाद वितरित करेंगी।

## प्रो. रमेश चन्द्र तिवारी जी के निधन पर उत्तराखण्ड समाज में शोक की लहर

**लखनऊ।** पर्वत पुत्र एवं उत्तराखण्ड महापरिषद के पूर्व अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी जी के छोटे भाई महानगर निवासी प्रो. रमेश चन्द्र तिवारी जी (94 वर्ष) का आज पीजीआई में आकस्मिक निधन हो गया है।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-1 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 877/EE-1 / नि0 दिनांक : 24/8/2024

**(अल्पकालीन निविदा - सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि. 31/08/2024 अपराह्न 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 31/08/2024 को अपराह्न 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सम्बन्धित कार्य के निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (नॉन रिफंडेबल) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लेखित हैं, जोकि भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी दशा में समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन-1 में कुल 04 स्थानों (गढ़ूढैय्या रसूल खां लालकुंआ (एल. के.-35) 2. सिकन्दर नगर बस्ती नं0-2 (आर.एम -01) 3. भुईयन 100/- देवी मन्दिर जियामऊ (आर.एम-38), 4. महात्मा गांधी / विक्रमादित्य वार्ड में मार्टिनपुरवा में राशन की दुकान के पास (वी.पी-26) की समबरसिबुल की मरम्मत का कार्य। | रु. 100/- | रु. 1800/- | 7 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन-1
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

# 15 करोड़ से बदल रहा बढ़नी स्टेशन का स्वरूप



● डीआरएम ने भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल के साथ किया निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने शनिवार को मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) राघवेन्द्र कुमार एवं मण्डल के शाखाधिकारियों के साथ बढ़नी तथा सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रही विकास परियोजनाओं एवं यात्री सुविधाओं संबंधित कार्यो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के आरम्भ में बढ़नी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल के साथ बैठक कर स्टेशन पर अमृत भारत योजना के अन्तर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में सांसद द्वारा बढ़नी रेलवे स्टेशन पर स्थित फुट ओवर ब्रिज के विस्तार एवं देश के प्रमुख महानगरों हेतु सीधी ट्रेनों के संचालन संबंधित प्रस्तावों को रखा गया। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि सीधी ट्रेन सेवा से बढ़नी एवं आस पास की क्षेत्रीय जनता के साथ साथ हमारे पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को भी अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा। इसके उपरान्त मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा बढ़नी रेलवे स्टेशन पर बन रहे वॉशिंग पिट का सांसद के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होंने अमृत भारत योजना के अन्तर्गत हो रहे पुनर्विकास कार्यों को अच्छी गुणवत्ता के साथ ही तय समय सीमा में पूरा करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। निरीक्षण के क्रम में मण्डल रेल प्रबंधक ने शोहरतगढ़ स्टेशन पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना और उसके अविलंब समाधान हेतु अश्वासन दिया। निरीक्षण के अन्त में सिद्धार्थ नगर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा सांसद डुमरियागंज की उपस्थिति में स्टेशन पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना तथा सिद्धार्थ नगर स्टेशन पर अमृत भारत योजना के अन्तर्गत होने वाले पुनर्विकास कार्यो को मानक के अनुसार तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत सिद्धार्थनगर स्टेशन पर रूपया ग्यारह करोड़ अठारह लाख की लागत से तथा बढ़नी स्टेशन पर रूपया पंद्रह करोड़ पांच लाख की लागत से नयी यात्री सुविधाओं को प्रदान करने के साथ ही पुरानी सुविधाओं को भी अपग्रेड किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/(सामसन्य), मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, अधिशाषी इंजीनियर/गति शक्ति एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस के फेरे बढ़े:** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 04137/04138 ग्वालियर-बरौनी-ग्वालियर द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 35 फेरों के लिये किया जायेगा। पूर्व से ग्वालियर से चलाई जा रही 04137 ग्वालियर-बरौनी द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 01 सितम्बर से 29 दिसम्बर तक 35 फेरों के लिये किया जायेगा। पूर्व से बरौनी से चलाई जा रही 04138 बरौनी-ग्वालियर द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 02 सितम्बर से 30 दिसम्बर तक 35 फेरों के लिये किया जायेगा। विस्तारित अवधि में इस गाड़ी का समय, ठहराव एवं शेष सूचनायें पूर्ववत रहेंगी।

## मुजफ्फरपुर-आनंद विहार के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05283/05284 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी का संचालन मुजफ्फरपुर से 24 अगस्त से 06 सितम्बर तक तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 अगस्त से 07 सितम्बर तक 14 फेरों के लिये किया जायेगा । 05283 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 24 अगस्त से 06 सितम्बर तक मुजफ्फरपुर से 06.30 बजे प्रस्थान कर मोतीपुर, मेहसी, चकिया, पिपरा, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, हरिनगर, बगहा , गोरखपुर, बस्ती, गोण्डा, लखनऊ तथा दूसरे दिन मुरादाबाद होते हुए आनन्द विहार टर्मिनस सुबह 05.00 बजे पहुंचेगी ।

वापसी यात्रा में 05284 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी 25 अगस्त से 07 सितम्बर तक आनन्द विहार टर्मिनस से 07.00 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद , लखनऊ, गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, बगहा , दूसरे दिन हरिनगर, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहार, पिपरा, चकिया, मेहसी तथा मोतीपुर होते हुए मुजफ्फरपुर भोर 04.50 बजे पहुंचेगी । इस गाड़ी में एसएलआरडी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 08 तथा शयनयान श्रेणी के 07 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे ।

**न्यू जलपाई गुड़ी-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस सलौना स्टेशन रुकेगी:** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 19601/19602 उदयपुर सिटी-न्यू जलपाई गुड़ी-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस का पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के सलौना स्टेशन पर दो मिनट का प्रायोगिक ठहराव अगली सूचना तक प्रदान किया जायेगा । उदयपुर सिटी से 31 अगस्त से चलने वाली 19601 उदयपुर सिटी-न्यू जलपाई गुड़ी एक्सप्रेस सलौना स्टेशन पर 12.06 बजे पहुंचकर 12.08 बजे छूटेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में न्यू जलपाई गुड़ी से 02 सितम्बर से चलने वाली 19602 न्यू जलपाई गुड़ी-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस सलौना स्टेशन पर 14.10. बजे पहुंचकर 14.12 बजे छूटेगी।

## एकेटीयू मनायेगा राष्ट्रीय खेल दिवस उत्सव

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में 26 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न प्रकार के खेल संस्थानों में आयोजित किये जाएंगे। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देश पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह ने सभी संबद्ध संस्थानों को पत्र जारी कर राष्ट्रीय खेल दिवस का उत्सव मनाने को कहा है।

## सीएमएस में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी



लखनऊ। सीएमएस के अशफाबाद शाखा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व अत्यंत ही उल्लास और भव्यता के साथ शनिवार को मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों ने न केवल इस त्यौहार के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को प्रकट किया, बल्कि छात्रों और उनकी माताओं की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया। यह जानकारी स्कूल के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा की गई भावपूर्ण प्रार्थना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक उर्जा से भर दिया। इसके बाद प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों ने मधुर भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी तो कक्षा 1 के बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर आधारित एक आकर्षक नाटिका का मंचन किया, जिसमें करुणा, प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत जैसे शाश्वत मूल्यों को दशार्या गया। इस नाटिका को और भी जीवंत बनाने के लिए छात्रों ने कृष्ण लीला पर आधारित एक नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसमें वे रंग-बिरंगे परिधानों में सजे हुए थे। सीएमएस के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि इस उत्सव को और भी विशेष बनाने के लिए छात्रों की माताओं के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर का विशेष आकर्षण दही हांडी का आयोजन रहा, जिसमें जूनियर सेक्शन के छात्रों ने पारंपरिक उत्साह के साथ अपनी फुर्ती और टीम भावना का परिचय दिया।

## कलात्मक प्रतिभा व वैज्ञानिक सोच का दिखा अभूतपूर्व नजारा

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सीएमएस के राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड कोफास-2024 के दूसरे दिन शनिवार को थाईलैण्ड, श्रीलंका, नेपाल एवं देश के विभिन्न प्रांतों से आये 500 से अधिक बाल वैज्ञानिकों ने विभिन्न रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं में न सिर्फ अपने ज्ञान-विज्ञान का लोहा मनवाया बल्कि एक-दूसरे के साथ अपने विचारों को भी साझा करते हुए विभिन्न देशों की संस्कृति व सभ्यता से भी रूबरू हुए। इस अंतर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड के दूसरे दिन देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने कोलेसियम (ड्रामा), क्रिएटर्स (फ्लायर डिजाइनिंग), सिंथवेव (समूह गायन), साफ्टेक (गेम डिजाइनिंग) एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में अपने ज्ञान का अभूतपूर्व प्रदर्शन कर दर्शकों के साथ ही साथ निर्णायकों को भी आश्चर्यचकित कर दिया।

प्रतियोगिताओं का सिलसिला सर्वप्रथम जूनियर वर्ग की कोलेसियम (ड्रामा) प्रतियोगिता से हुआ। यह प्रतियोगिता इंटरटेनमेंट टेक्नोलॉजी थीम पर आधारित रही, जिसके तहत देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने द ग्रेट स्वैप विषय पर लघु नाटिका का प्रदर्शन करते हुए अपने ज्ञान-विज्ञान, रचनात्मक सोच एवं अभिनय क्षमता का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश की 25 छात्र टीमों ने प्रतिभाग किया। क्रिएटर्स (फ्लायर डिजाइनिंग) प्रतियोगिता भी आज के प्रमुख आकर्षणों में एक थी। स्पोर्टस टेक्नोलॉजी थीम पर आधारित सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों ने टेक ऑन द फील्ड विषय पर कम्प्यूटर पर एक से बढ़कर एक शानदार फ्लायर बनाकर कम्प्यूटर कौशल व रचनात्मक सोच का आलोक बिखेरा।

## मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मीडिया की भूमिका पर डाला प्रकाश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उद्यान भवन के सभागार में शनिवार को आयोजित एक संगोष्ठी के दौरान मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस संगोष्ठी का आयोजन पत्रकार एसोसिएशन द्वारा किया गया था, जिसमें एक पत्रिका विमोचन समारोह भी आयोजित किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसका देश की प्रगति और मजबूती में अभूतपूर्व योगदान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र और राज्य सरकारें अभिव्यक्ति के अवसरों को अत्यधिक महत्व देती हैं और यही मीडिया के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उद्यान मंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा देश और प्रदेश की सेवा के प्रति समर्पण को निष्पक्षता से जनता के सामने रखें। उन्होंने मीडिया से अपेक्षा की कि वे सरकारों द्वारा जनता के लिए चलाई जा रही योजनाओं को ईमानदारी और निष्ठा के साथ जन-जन तक पहुंचाएं।

## अवध कॉलेजिएट में नौनिहालों ने धूमधाम से मनायी जन्माष्टमी



**लखनऊ।** अवध कॉलेजिएट की आरजी शाखा में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन कर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। राधा और श्रीकृष्ण बने बाल गोपालों ने सबका मन मोह लिया। छात्र- छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सुन्दर झांकी प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्रीकृष्ण भजन, गीत व संगीत आदि का आयोजन हुआ। सम्मानित संस्थापक प्रबंधक सर्वजीत सिंह और निदेशक जतिंदर वालिया ने सबको श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई व शुभकामनाएं दी।

## लुआक्टा ने डॉ. दिनेश शर्मा का जताया आभार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) के अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय एवं महामंत्री डॉ. अंशु केडिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप मे मान्यता दिये जाने के लिए सदन में मांग उठाने पर उनका आभार व्यक्त करने उनके आवास पर गया।

अपने आभार पत्र में लुआक्टा द्वारा उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री पद पर रहते हुए लुआक्टा की मांग पर छठे वेतनमान में प्रोन्नति के लिए यूजीसी के नियमों के परे 28 मई 2015 को पे बैंड 3 मे प्रोनन्त शिक्षकों को स्वतः पे बैंड 4 तथा एसोसियेट प्रोफेसर पद नाम, प्रोफेसर पदनाम, स्नातक स्तर के शिक्षकों के लिए शोध निर्देशक, ऑनलाइन कोर्स वर्क, रिफ्रेशर ओरिएंटेशन डेट एक्सटेंशन, पीएचडी में प्रवेश के लिए सुपरनुमेरिक आरक्षण, मानदेय शिक्षकों का विनियमितीकरण आदि अनेक शासनादेश हुए, जिससे प्रदेश भर के शिक्षक लाभान्वित हुए, जिसका आभार व्यक्त किया। साथ ही वर्तमान में सदस्य राज्यसभा के पद को सुशोभित करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाए इस पर तर्कसंगत तरीके संसद के पटल पर रखने की सार्थक पहल पर भी आभार दिया गया। संघ का मानना है कि माननीय के प्रयासों से लखनऊ विश्वविद्यालय जैसे नामचीन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय एवं साथ मे समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के तर्ज पर केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिलेगा। प्रतिनिधि मंडल में लुआक्टा उपाध्यक्ष डॉ तिर्मल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ कीर्ति प्रकाश तिवारी, डॉ दिलशाद अहमद अंसारी, डॉ एल्विन दाऊद, डॉ अंबरीश उपाध्याय एवं फिरोज गांधी पीजी कॉलेज रायबरेली से डॉ शैलेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## स्वीमिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** स्टडी हॉल की दो दिवसीय इंटर-स्कूल स्वीमिंग प्रतियोगिता 24 तारीख को समाप्त हुई। इस प्रतियोगिता में सेठ एमआर जयपुरिया, सीएमएस, लखनऊ पब्लिक कॉलेज, दिल्ली पब्लिक स्कूल, आनंदराम जयपुरिया, ऐलन हाउस और कई अन्य प्रतिष्ठित स्कूलों के 240 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय खेल अधिकारी अजय कुमार सेठी रहे।

अजय कुमार सेठी ने कहा कि सभी छात्रों ने उम्मीदों से परे प्रदर्शन किया है। स्विमर्स को काफी धैर्य और अनुशासन की जरूरत होती है। मैं सभी युवा तैराकों को शुभकामनायें देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। स्टडी हॉल की प्रधानाचार्य मीनाक्षी बहादुर ने प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी। 12 से 17 वर्ष की उम्र के बच्चों ने स्वतंत्रता, बैकस्टोक, ब्रेस्टस्टोक, बटरफ्लाई, 100 मीटर और 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले और रिले जैसी श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की, जो नए से नये नवीनीकरण किए गए स्वीमिंग पूल में आयोजित की गई। इंटर स्कूल तैराकी प्रतियोगिता (बॉय और गर्ल) के विजेता स्टडी हॉल स्कूल थे, दूसरा पुरस्कार (बॉय) एलपीसी गोमती नगर और (गर्ल) सेठ एमआर जयपुरिया अंशल ने जीता। आयोजन समन्वयक अरुण सोलोमन ने कहा यह प्रतियोगिता हमारे युवा तैराकों की प्रतिभाओं को दशार्ती है। यहां सभी स्कूलों से आये छात्रों ने बेहद अच्छा प्रदर्शन दिया है। हम उन्हें आगे के लिए शुभकामनायें देते हैं। अभिभावक, कोच और दर्शकों ने उत्साहपूर्ण वातावरण में तैराकों को प्रोत्साहित किया, जिन्होंने अपनी क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया।

## गोपनीयता भंग करने व पर्यवेक्षक को धमकाने का प्रयास ,मुकदमा दर्ज

लखनऊ। राजधानी के जानकी पुरम के कुर्सी रोड स्थित जनेश्वर अंकलेव अपार्टमेंट निवासी गौरव देशवाल ने बंथरा पुलिस को तहरीर बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षा नीट यू जी सी जून दो हजार चौबीस परीक्षा केंद्र प्रबंधक मोहम्मद आजम खां द्वारा सरकारी परीक्षा की सुचिता गोपनीयता भंग करने एवम पर्यवेक्षक को धमकाने का प्रयास किया गया ।उन्होंने पुलिस को बताया कि तेईस अगस्त चौबीस को नेशन टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में मैं गौरव देशवाल सुलतान फाउंडेशन कानपुर रोड पर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा था ।वहां पर परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र प्रबंधक मोहम्मद आजम खां द्वारा सुरक्षा कर्मी को धमका कर दो सपोर्ट से स्टॉफ को परीक्षा केंद्र से बाहर ले गए और परीक्षा भवन में गोपनीय कक्ष से बाहर परीक्षा संबंधी प्रपत्र बाहर लेकर गए ।यह सब जब मैने देखा तो नीचे गेट पर गया और उससे बात की तो बड़ी दबंगई से बात करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धमकी भी दी ।यह कहने पर की हम प्रशासनिक कार्य वाई करूंगा ।तब गाली देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फोन तोड़ दिया और परीक्षा समाप्त होने के बाद हमे निकलने पर मारने की धमकी दी ।उसने कहा कि हम प्रशासनिक कार्य वाई करूंगा ।तब उन्होंने कहा कि तुम्हारी औकात नही है की तुम एफ आई आर कर सको ।गौरव देशवाल ने पुलिस से कहा कि इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सरकारी संस्था द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक के सम्मान सामाजिक स्वाभिमान एवम सुरक्षा की क्षति हुई है ।साथ ही सुचिता गोपनीयता भंग किए जाने का भी प्रयास किया गया ।मांग की की मामले की जांच कर विधिक कार्य वाई करे ताकि सरकारी परीक्षाएं सुचारू संचालित कराई जा सके।

## उत्सव के साथ होगा विशाल भंडारे का आयोजन

लखनऊ। जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे देश में भगवान श्री कृष्ण की लीला का वर्णन करते हुए रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अटल कन्वेंशन सेंटर में श्री श्री 108 तुलसी जी महाराज के द्वारा 31 अगस्त को भगवान श्री कृष्ण जन्म लीला और 1 सितंबर को नंद उत्सव लीला का वर्णन किया जाएगा। श्री कृष्ण की छठी महोत्सव एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन करते हुए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है उक्त कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण की छठी महोत्सव एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का कार्यक्रम हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा कार्यक्रम लखनऊ के अटल कन्वेंशन सेंटर चौक में आयोजित होगा।

31 अगस्त को भगवान श्री कृष्ण जन्म लीला और 1 सितंबर को नंद उत्सव लीला का अटल कन्वेंशन सेंटर में आयोजन होगा। कार्यक्रम से पूर्व प्रेस वार्ता करते हुए श्री श्री तुलसी जी महाराज ने बताया कि प्रदेश और देश की बड़ी हस्तियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। मशहूर हास्य कलाकार सुनील जोगी, उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री दयाशंकर सिंह और यूपी के सभी आईएएस अफसर को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी कार्यक्रम की रूपरेखा की चर्चा की गई है और उनसे भी कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया है। श्री श्री तुलसी जी महाराज ने कहा भगवान श्री कृष्ण जन्म लीला एवं नंद उत्सव के अलावा भगवान श्री कृष्ण की छठी महोत्सव एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव के साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश वासियों को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला और नंद उत्सव लीला का सजीव वर्णन करते हुए भक्ति भाव से शराबोर करना है। भगवान श्री कृष्ण की छठी महोत्सव में भी धार्मिक उल्लेख होगा। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के साथ ही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

# नन्हे-मुन्नों ने धूमधाम से मनायी जन्माष्टमी, बने राधा-कृष्ण




विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की राजाजीपुरम, सीतापुर रोड, रूचिखण्ड आदि शाखाओं में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बच्चों ने बड़ी धूमधाम व उल्लासपूर्वक मनाया। नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण जन्म के साथ उनकी लालाओं का मनमोहक रूप से प्रस्तुतीकरण भी किया। साथ ही बड़ी संख्या में बच्चों भगवान श्रीकृष्ण, राधारानी, मैया यशोदा व सुदामा आदि की वेशभूषा को धारण कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया।

इस अवसर पर बच्चों ने कृष्ण जन्म, मथुरा से गोकुल गमन, कालिया नाग मर्दन, माखन चोरी आदि झाकियो का जीवंत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सेंट जोसेफ कालेज समूह की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाईयां देते हुये कहा कि छोटे बच्चों को आरंभ ही से अपनी संस्कृति और संस्कारों के बारे में बताने की आवश्यकता है। प्रबंध निदेशक सेंट जोसेफ समूह अनिल अग्रवाल ने कहा कि अपने त्यौहारों व परम्पराओं से बच्चों को परिचित कराना सेंट जोसेफ का उद्देश्य है। उन्होनें इतने छोटे-छोटे बच्चों से इतने सुंदर कार्यक्रम सम्पन्न कराने के लिये उनकी शिक्षिकाओं की सराहना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर बच्चों की इस जन्माष्टमी का आनंद लिया।

## कृष्ण बाल लीला के रंग से सराबोर हुआ परिसर

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर एसकेडी एकेडमी की पांचों शाखाओं में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राधा कृष्ण के बाल रूप की छवि धारण किये इन बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के बालरूप की अप्रतिम झांकी प्रस्तुत की। झांकी में आर्ट एंड क्राफ्ट के अंतर्गत बनाए गए भगवान कृष्ण के वस्त्र आभूषण, बांसुरी, मुकुट और मटकी ने स्कूल परिसर में द्वापर युग को पुनः जीवंत कर दिया। इस दौरान समूह के निदेशक मनीष सिंह ने सभी को जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर बधाई दी। उप निदेशक निशा सिंह और सह निदेशक कुसुम बत्रा ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान समस्त शिक्षक एवं स्टाफ भी उपस्थित रहा।

संक्षेप

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली के नेशनल हाईवे 28 नगर पंचायत सुकरौली के नेहरू इंटरमीडिएट कॉलेज के ठीक सामने गोरखपुर से हाटा की तरफ जा रही बाइक नंबर यूपी 57 पी 0256 को पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर नंबर एच आर 38 डब्लू 9537 ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक पर बैठी महिला उछलकर ट्रक के सामने गिरकर पहिये के नीचे आ गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि बाइक चला रहा युवक को हल्की-फुल्की चोटे आई। सूचना पर पहुंचे अपनी टीम के साथ सुकरौली चौकी इंचार्ज शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम को भिजवाया।

जानकारी के अनुसार राजकुमार अपनी पत्नी उर्मिला का मेडिकल कॉलेज गोरखपुर से दवा करा कर अपने घर कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नान्हू मुंडेरा जा रहे थे। अभी वे हाटा कोतवाली के नेशनल हाईवे 28 नगर पंचायत सुकरौली नेहरू इंटरमीडिएट कॉलेज के पास पहुंचे थे तभी पीछे से कंटेनर ट्रक ने ठोकर मार दिया जिसमें उर्मिला की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। उर्मिला के तीन बच्चे है दो लड़का और एक लड़की के साथ पूरा परिवार दहाड़े मार-मार कर रोने लगा।

## महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

**बरेली।** एडीजी जोन बरेली रमित शर्मा ने महिला अपराधों को लेकर बरेली जोन को अलर्ट पर रखा है। बरेली रेंज के आईजी, मुरादाबाद के डीआईजी समेत सभी जिलों के कप्तानों को निर्देश जारी किये गये हैं कि वह महिला अपराधों से जुड़े स्थानों को हॉट स्पॉट चिन्हित करें। वहाँ पेट्रोलिंग लगायें और पुलिस कर्मियों से चेकिंग करायें। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उनसे बातचीत करें। नाइट डयूटी करने या रात में आने जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सम्बंधित कैब या गाड़ी चालक की जांच पड़ताल करें। सम्बंधित थाना और चौकी उसके संपर्क में रहें। रात में किसी वजह से लेट होने वाली युवतियों, छात्राओं को जरूरत पड़ने पर पुलिस उन्हें घर तक एस्कॉर्ट कर पहुंचाये।

# समस्याओं को पारदर्शिता के साथ निपटायें : डीएम

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में थाना रविंद्रनगर धूस में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का एक-

- समाधान दिवस में 07 प्रार्थना पत्रों में से 05 का निस्तारण हुआ तत्काल

एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना गया, व राजस्व व पुलिस विभाग को निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा की प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहे। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।जो आपके क्षेत्राधिकार के बाहर हो तत्काल प्रार्थी को अवगत कराए। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को राजस्व टीम बनाकर पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों व शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। आज के समाधान दिवस में कुल 07 प्रार्थना पत्र आए जो पुलिस एवं राजस्व विभाग से संबंधित था जिसमे से 05 का निस्तारण तत्काल किया गया, तथा अवशेष 02 आवेदन पत्र को सम्बन्धित को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शीघ्र निष्पक्ष निस्तारण हेतु सौंप दिए गए।पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर तहसीलदार सदर, थाना प्रभारी रविंद्र नगर धूस सहित राजस्व विभागों के कानूनगो व लेखपाल एवं अन्य पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहें।

## थानों पर समाधान दिवस का आयोजन

**देवरिया।** जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया।इसी क्रम में जिलाधिकारी देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा थाना रामपुर कारखाना में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना रामपुर कारखाना पर कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये।इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री भीम कुमार गौतम द्वारा थाना सुरौली में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना सुरौली पर कुल 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये।इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 113 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 31 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया तथा शेष के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर सम्बन्धित को उचित दिशा-निर्देश दिए गए।

## डीएम और एसपी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**देवरिया।** जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा पूर्ण शुचिता एवं पारदर्शिता से सम्पन्न

- प्रथम पाली में 1152 और द्वितीय में 1071 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

कराने हेतु जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने जनता इंटर कॉलेज एवं अशोक इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा संपन्न हो रही है, जिससे कि नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जा सके। उन्होने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है।

परीक्षा पर नजर रखने के लिए जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। परीक्षा केंद्र के आसपास कोई भी कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करता नजर आता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी पुलिस अधीक्षक ने सभी परीक्षा केंद्रों पर लगाई गई पुलिस फोर्स को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया है कि सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है।

इसके लिए परीक्षा केंद्रों के बाहर मैटल डिटेक्टर लगा रखे हैं। जिससे होकर ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है।

परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम आदि का अवलोकन कर जायजा लिया गया।

ड्यूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण को जारी गाइडलाइन का पूर्णतः अनुपालन करनें के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 4272 अभ्यर्थियों में से 3120 उपस्थित हुए तथा 1152 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा में 4272 अभ्यर्थियों में से 3201 उपस्थित हुए तथा 1071 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## एन.एस.एस द्वारा खाद्य सुरक्षा पर संगोष्ठी आयोजित

**रुद्रपुर, देवरिया।** स्थानीय रामजी सहाय पी जी कॉलेज के सुमित्रा सहाय सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में खाद्य सुरक्षा जागरूकता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो संतोष कुमार यादव ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. शरद वर्मा एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रा.इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता डॉ. शरद वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खाद्य सुरक्षा आज सबसे बड़ी जरूरत है।,खाद्य सुरक्षा का आशय जनसामान्य को संतुलित एवम पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। हमे चाहिए कि हम खाद्य पदार्थो की सुरक्षा करें।

किसी भी उत्सव में जरूरत से ज्यादा भोजन न बनाए और न ही जरूरत से ज्यादा अपनी थाली में ले जिससे खाना बर्बाद न हों। हमे खाद्य पदार्थों के रख रखाव पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने फूड बैंक की स्थापना पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ आशुतोष कुमार सिंह ने खाद्य सुरक्षा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए खाद्य सुरक्षा अधिनियम की चर्चा करते हुए कहा कि हमे जागरूक होकर खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।

सहायक आचार्य डॉ अजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि हमे खाद्य सुरक्षा के साथ ही साथ उससे जुड़ी हर चीज की सुरक्षा एवम संरक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो संतोष कुमार यादव ने सभी वक्ताओ की बातों को समाहित करते हुए कहा कि मनुष्य जीने के लिए खाता है न कि खाने के लिए जीता है।

इसलिए आवश्यकता है कि हम खाने पीने में संयमित रहे और सुरक्षा के मानकों को पूरा करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ देवेंद्र कुमार चौहान तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुधीर कुमार दीक्षित ने किया।

## वात्सल्य वैली प्री स्कूल में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव




**देवरिया।** बैतालपुर -। पाण्डेयचक मार्ग स्थित वात्सल्य वैली प्री स्कूल में धूमधाम से सांस्कृतिक कार्यक्रमो के बीच श्रीकृष्ण जन्मोत्सव नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मनाया। जिसमें लगभग चालीस छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में छात्र श्रीकृष्ण के रोल में व छात्राएं राधा के रोल में अपने-अपने अभिनय को प्रस्तुत किया जिसमें कृष्ण के रोल में विश्वम त्रिपाठी, प्रनव त्रिपाठी, अर्नव मणि, आर्यन गुप्ता, रूद्रांश मणि, आदर्श पासवान, देवांश राव, अर्नव त्रिपाठी, युनुष अंसारी त्रिर्नव मणि, पीयूष शर्मा, सूर्यांश मणि, आदित्य यादव, अभय सिंह, अनुज चौबे, शिवांश सिंह अमृतांश चतुर्वेदी, अभिज्ञान चतुर्वेदी, आयुषमान सिंह, अर्थव सिंह, अंकलेश्वर मिश्रा, आन्या मल्ल, काव्या यादव, भैरवि जायसवाल, प्रिशा मिश्रा, वैभवी जायसवाल, चित्रा सिंह, अर्चिता मणि, आनवी सिंह, कर्निका मणि, नव्या मणि, आदि ने अपनी प्रस्तुति से मनमोह लिया।कार्यक्रम सूरज प्रसाद आर्य शिक्षिका-सलोनी बरनवाल, निकिता चतुर्वेदी, प्रज्ञा सोनी, चांदनी सिंह, श्रीमती प्रतिभा सिंह, रागिनी गुप्ता, व स्टाप कालिंदी, मोहित ने प्रतिभाग किया। गार्ड राय का विशेष सहयोग रहा।

## हज आवेदन फार्म ऑनलाइन 9 सितंबर तक भरे जायेंगे

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय ने बताया है कि हज कमेटी आफ इण्डिया, मुम्बई, द्वारा हज-2025 की घोषणा कर दी गयी है, जिसके अन्तर्गत हज आवेदन फार्म ऑनलाइन 09 सितंबर तक भरे जायेगें। ऑनलाइन आवेदन फार्म हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट पर भरे जा सकते है या आई फोन, एंड्रॉयड मोबाइल एप ₹हज सुविधा₹ द्वारा भी भरे जा सकते है। ऐसे सभी व्यक्ति हज-2025 के आवेदन पत्र भरने के पात्र हैं जिनके पास हज आवेदन भरने की अन्तिम तिथि से पहले जारी वैद्य मशीन द्वारा पठनीय भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट उपलब्ध हो और जिसकी वैद्यता कम से कम 15 जनवरी 2026 तक हो। जिला स्तर पर हज सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे व स्वंय ऑनलाइन वेबसाइट व मोबाइल एप ₹हज सुविधा₹ के माध्यम से आवेदन करें। हज आवेदन से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी हेतुँ ३३स्त्रः//ँ्ङ्के३श्रीं.ङ्क५.ल्ल पर कर्मचारियों के नामों के सम्मुख सी०यू०जी० नम्बर पर या ई-मेल आई डी पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## पारसी समुदाय जियो पारसी योजना का ले सकते हैं लाभ

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय ने बताया है कि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों (पारसी) के लिए ₹जियो पारसी योजना₹ संचालित की गयी है जनपद मे निवास करने वाले पारसी समुदाय इस योजना का लाभ ले सकते है। पारसी समुदाय के लोगों के जनसंख्या में घटोतरी के विरूद्ध विधिवत चिकित्सकीय सहायता के साथ परामर्श आदि की व्यवस्था योजनान्तर्गत किया जाता है। उक्त योजना की विस्तृत जानकारी विकास भवन स्थित अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, देवरिया से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। जनपद में निवासरत पारसी समुदाय से अपेक्षा है कि यदि उनके परिवार में किसी का जन्म जनपद में हुआ है तो इसकी सूचना जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या-135 द्वितीय तल, विकास भवन, देवरिया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## निःशुल्क नामांकन शिविर का आयोजन 28 को

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने बताया है कि रअठङअछ-ऌएह के अंतर्गत 04 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन के विशेष जागरूकता अभियान के आयोजन के अन्तर्गत विभिन्न विभागों की संचालित योजना यथा पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पान्शरशिप योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन, पी. एम. किसान, छात्रवृत्ति आदि योजनाओं लिए महिलाओं/ बालिकाओं के लिए निःशुल्क नामांकन शिविर का आयोजन ₹वन स्टॉप सेंटर₹ देवरिया में 28 अगस्त 2024 को किया गया है। नामांकन शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुये योजनाओं में अपना आवेदन निःशुल्क कर सकते हैं।

## कृष्ण जन्माष्टमी व डोल मेले को लेकर नपाध्यक्ष ने की बैठक



**पड़रौना, कुशीनगर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी और पडरौना की विशेष पहचान माने जाने वाले डोल मेले को लेकर नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने आज नगरपालिका कार्यालय में नपा अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, जलनिकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखे जाने सम्बंधित जरूरी दिशानिर्देश जारी किए। इस दौरान अध्यक्ष श्री जायसवाल द्वारा डोल झाँकियों वाले प्रमुख मार्गों की विशेष साफ सफाई, बिजली व्यवस्था के साथ पानी टैंकर की व्यवस्था के अलावा धूल मिट्टी की समस्या से बचने के लिए टैंकर से पानी भी गिरवाये जाने की बात कही साथ ही सभी व्यवस्था को आगामी 48 घण्टे के अंदर पूरा करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया।

जानकारी के तहत उन्होंने बताया कि व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु शामिल सभी कर्मियों को रहने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था नगरपालिका के जलकल भवन स्थित रैन बसेरा में की गई है। नपाध्यक्ष ने डोल मेले के दिन नपा के जलकल परिसर में सभी भक्तजनों और श्रद्धालुओं के लिए चाय, जलपान के साथ मेडिकल किट की व्यवस्था की बात भी दोहराई।

अपने सम्बोधन में पालिकाध्यक्ष ने बताया कि डोल मेला पूरे उत्तरप्रदेश में कुशीनगर जनपद मुख्यालय पडरौना की विशेष पहचान के रूप में जाना जाता है जिसमें भगवान श्री कृष्ण की विशेष झाँकी के अलावा तरह तरह की मनमोहक झाँकियों के प्रदर्शन के साथ ही युवा खिलाड़ी अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अखाड़ा खेलते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के स्थानीय त्योहार जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ठेले, खोमचेवाले और अन्य स्ट्रीट वेंडर्स की अर्थव्यवस्था का बड़ा स्रोत साबित होते हैं। इस दौरान उनके साथ उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, सभासद प्रवीण कुमार सिंह व रामाश्रय के अलावा ईओ संतराम सरोज, कर निरीक्षक रवि प्रताप सिंह, सफाई निरीक्षक रियाजुद्दीन, स्टोर लिपिक महेंद्र चौधरी, सफाई नीरज शर्मा, विकास, अजित सहित नगरपालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रहसु जनूबी पट्टी में ग्रामीण करते रहे इंतजार, नहीं पहुंचे जांच अधिकारी




**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर विकास खण्ड के रहसु जनूबी पट्टी में आज शनिवार को शिकायती पत्र की प्राम्भिक जांच को लेकर जिलाधिकारी कुशीनगर के निर्देश पर होने वाली जांच में नामित अधिकारी नहीं पहुंचे। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण अधिकारियों का पूरे दिन इंतजार करते रहे गए।गांव के सुनील कुमार गुप्ता पुत्र खूबलाल गुप्ता ने 8

- शिकायत कर्ता के पत्र पर डीएम ने दिए थे जांच के निर्देश

जुलाई 2024 को आला अधिकारियों को शपथ पत्र के साथ शिकायती पत्र देकर ग्राम विकास के कार्यों में धांधली का आरोप लगाया गया था। जिसके क्रम में 2 अगस्त को जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम के तहत प्रारम्भिक जांच के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं अवर अभियंता लोनिवि को जांच अधिकारी नामित किया। जो विन्दुवार स्थलीय जांच व अभिलेखों की जांचकर आख्या मूल शिकायती पत्रों के साथ जिला पंचायत राज अधिकारी कुशीनगर को उपलब्ध कराएंगे। इस जांच को लेकर भरत लाल गोंड़ जिला अल्पसंख्यक अधिकारी कुशीनगर ने जिलाधिकारी, सीडीओ, डीपीआरओ, अवर अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि कुशीनगर, स्थानीय थाना प्रभारी चौरा खास, बीडीओ, ग्रामप्रधान, सचिव व सम्बंधित को 16 अगस्त को पत्र जारी करते हुए आज 24 अगस्त 2024 को दोपहर 12:30 बजे गांव में होने वाली जांच में सहयोग की अपील की। लेकिन आज शनिवार को पंचायत भवन पर भारी संख्या में ग्रामीण पूरे दिन अधिकारियों का इंतजार करते रहे लेकिन कोई जांच अधिकारी या जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे। गांव में जांच के लिए अधिक्कारियों के न आने से लोगों में तरह तरह की चर्चा चल रही थी। इस दौरान शिकायत कर्ता सुनील कुमार गुप्ता, हरिकेश प्रसाद, रियाजुल अंसारी, शम्भू राय, मुकेश प्रसाद, राज किशोर सिंह, सचिन प्रसाद, राम ईश्वर प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, अविनाश कुमार गोंड़, कुंदन प्रसाद, सुब्बा लाल कुशवाहा, मुकेश यादव, नत्थू शर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## मलहपुरवां के प्रधान पद की दोबारा होगी मतगणना

**रुद्रपुर देवरिया।** विकास खंड रूद्रपुर में ग्राम पंचायत मलहपुरवा के ग्राम प्रधान पद की मतगणना दोबारा होगी। मतगणना से असंतुष्ट प्रत्याशी आयुस उर्फ. हिमालय यादव व हरेन्द्र यादव द्वारा न्यायालय उपजिलाधिकारी रूद्रपुर के कार्यालय में चुनाव याचिका अपने अधिवक्ता गोपीनाथ यादव के साथ प्रस्तुत कर मतगणना में हुई धांधली व अनुचित प्रभाव व प्रलोभन का आरोप लगाया था। जो कानूनी प्रक्रिया अपना कर अंतिम रुप से याचिका कर्ता के पक्ष में आदेशित किया गया और याचिका स्वीकार कर आगामी 17 सितम्बर को ग्राम पंचायत मलहपुरवा के ग्राम प्रधान पद के मतगणना की पुनः मतगणना की जायेगी।

## संजय सिंह और उमेश कठेरिया बने एससी आयोग के सदस्य



**बरेली।** लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा की नैय्या डगमगा गयी अब 2027 के लिए भाजपा अपनी गोटियों को बिछा रही है। स्थानीय राजनीति के दो बड़े दलित चेहरों को उप्र अनुसूचित जाति आयोग का सदस्य बनाया गया है। संजय सिंह पूर्व जिला पंचायत के अध्यक्ष रहे हैं तथा उमेश कठेरिया भाजपा के पूर्व में महानगर अध्यक्ष। दोनों की घोषणा शनिवार को लखनऊ से की गई है। वहीं बैजनाथ रावत इसके अध्यक्ष तो गोरखपुर के बैचन राम और सोनभद्र के जीत सिंह खरवार उपाध्यक्ष बने हैं। आयोग में 17 सदस्य बनाए गए हैं जिनमें मेरठ के हरेंद्र जाटव और नरेंद्र सिंह खजूरी, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह और उमेश कठेरिया, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिव नारायण सोनकर, औरेया की नीरज गौतम, लखनऊ के रमेश कुमार तूफानी और अजय कोरी, आजमगढ़ के तीजाराम, मऊ के विनय राम, गोण्डा की अनिता गौतम, कानपुर के रमेश चंद्र, भदोही के मिठाई लाल, कौशाम्बी के जितेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर की अनिता कमल शामिल हैं।

## हाउस टैक्स की गड़बड़ियों का विरोध, दिया ज्ञापन



जिला संवाददाता(vol)

**बरेली।** हाउस टैक्स बिलों में गड़बड़ी और जीआईएस सर्वे को लेकर एक बार फिर से बखेड़ा खड़ा हो गया है। शनिवार को पार्षद राजेश अग्रवाल के अगुवाई में तमाम लोगों ने हाउस टैक्स बिलों को लेकर मेयर और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी से शिकायत की है।समस्याओं को लेकर व्यापारी ने ज्ञापन सौंपा है।रामपुर बाग के पार्षद राजेश अग्रवाल के साथ कई व्यापारी और डीडीपुरम के क्षेत्रवासी नगर निगम पहुंचे। उन्होंने मेयर से शिकायत करते हुए टैक्स बिलों में आ रही गड़बड़ियों पर नाराजगी जताई है। लोगों ने जो शिकायत की है उसमे कहा गया है कि जीआईएस सर्वे में आपत्तियों व स्वयंकर के समाधान में विलंब हो रहा है। ज्यादातर करदाताओं के जीआईएस सर्वे के दौरान नगर निगम में भवनों ने फोटो नहीं लिए हैं। ऑनलाइन गृहकर जमा करने पर निगम अप्रैल 2024 से अगस्त 2024 तक की ब्याज सहित रकम की मांग की जा रही है। वहीं नवनिर्मित भवनों को 25 प्रतिशत छूट भी नहीं मिल रही हैं। उन्होंने इन समस्याओं को दूर करने की मांग की है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र ने कहा कि जैसे आपत्तियां आ रही हैं उनका निस्तारण किया जा रहा है।

# जनपद में चेहल्लुम, कृष्ण जन्माष्टमी के दृष्टिगत नामित किए गये मजिस्ट्रेट

**कुशीनगर।** जिला मजिस्ट्रेट उमेश मिश्रा ने चेहल्लुम एवं कृष्ण जन्माष्टमी/डोल मेला के दृष्टिगत दिनांक 25 से 26 अगस्त 2024 के समाप्ति तक त्योहार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट /जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार/ तहसील / पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं।

जिलाधिकारी ने तहसील व सम्पूर्ण नगर क्षेत्र कसया, नगर क्षेत्र फाजिलनगर, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, तमकुहीराज, दुदही, हाटा,सुकरौली व मथौली हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में प्रेम कुमार राय अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) को नामित किया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, कप्तानगंज, रामकोला,खड्डा, छितौनी हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में वरून सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी (दक्षिणी) को नामित किया गया है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में 19 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत उप जिलाधिकारी व

- सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु 2 पर्यवेक्षक, 19 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 13 पर्यवेक्षक, 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट की हुई है तैनाती

अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी नामित किए हैं। जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में कुल 13 अधिकारियों को नामित किया है, जिसके अंतर्गत तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है।जिलाधिकारी ने इसके अलावे 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित किये हैं जो जनपद स्तरीय/विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी हैं।इसके आलावे रिजर्व में 05 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किये है। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यक्रम के दृष्टिगत कानून व्यवस्था के नोडल अधिकारी के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट, मो0 न0 9454417616 को नामित किया है। उन्होंने मजिस्ट्रेट गण को निर्देशित किया है कि अपने अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे की चेहल्लुम, कृष्ण जन्माष्टमी त्योहार के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थल पर अत्यधिक भीड़ के दृष्टिगत वहां कोई विवाद ना हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे यदि कोई शांति व्यवस्था में बाधा आती है तो उसके संबंध में पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को तत्काल अवगत कराएं तथा उक्त के संबंध में उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से एन व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तु स्थिति से भी अवगत कराएंगे तथा संबंधित चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेंगे।

जिलाधिकारी ने समस्त मजिस्ट्रेट गणों को निर्देशित किया है कि दिनांक 25-08-2024 से 26- 08-2024 के समाप्ति तक समस्त मजिस्ट्रेट अपने चौकी क्षेत्र थाना क्षेत्र में भ्रमण सील रहेंगे, तथा आवश्यकतानुसार संबंधित एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेंगे। यदि कोई समस्या होती है तो तत्काल पुलिस अधीक्षक /जिलाधिकारी को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। वर्तमान में धारा 163 लागू है।सार्वजनिक स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जिसका न0 05564-240590 है, कंट्रोल रूम के प्रभारी विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी मो0न0 7518024041 व आलोक प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी मो0न0 7834948507 को बनाया गया है जो अपने अपने स्टाफ के साथ कंट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे।

## अटल पुल से चौपुला पुल जोड़ने का काम 20 सितंबर तक होगा पूराः संजीव अग्रवाल

**बरेली।** यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से बदायूं रोड पर बने अटल पुल से चौपुला पुल को जोड़ने का काम 20 सितंबर तक पूरा हो जाएगा। यह जानकारी कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने दी। वे शनिवार को पुल के निरीक्षण करने के लिए अधिकारियों और पार्टी कार्यकताओं के साथ गए थे। अधिकारियों ने विधायक संजीव अग्रवाल को इस बात का विश्वास दिलाया कि निर्माण कार्य 20 सितंबर तक पूरा हो जाएगा। पुल के निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता राज बहादुर सक्सेना, अरुण कश्यप, डॉक्टर त्रिलोकी सिंह, बृजेश मिश्रा, संजीव सिंह, लेखराज मोटवानी, श्याम सिंह चौहान, सुभाष वर्मा, अमरीश कठेरिया, अजय चौहान शामिल रहे।

संक्षेप

## युवक का शव सड़क किनारे मिला

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र सड़क के किनारे खड्ड में पुलिस ने एक युवक का शव संदिग्ध हालात में बरामद किया है। शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई है। पुलिस शव के शिनाख्त के प्रयास कर रही है। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मधईपुर के कुछ ग्रामीण गांव के बाहर सांडा - बिसवां मार्ग की तरफ गए थे। इसी बीच उन्होंने सड़क के किनारे पानी भरे खड्ड में एक युवक का शव पड़ा देखा। शव देखते ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं क्षेत्र के तमाम ग्रामीण मौके पर जुट गए। बावजूद इसके मृतक की पहचान नहीं हो सकी। शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने अज्ञात में कार्रवाई दर्ज है। इधर क्षेत्र के ग्रामीणों ने अज्ञात हत्यारों द्वारा हत्या करने के बाद शव खड्ड में फेंके जाने का संदेह जताया है। पुलिस का कहना है कि मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी। फिलहाल शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## आयोध्या प्रसाद के निधन से शोक की लहर

सीतापुर। मिश्रिख तहसील के गौरिया के बुजुर्ग अयोध्या प्रसाद जिनकी उम्र लगभग 76 साल की थी। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। विगत दिनों अयोध्या प्रसाद का निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गांव के पुष्पांजलि दीक्षित पिछले 40 वर्षों से अयोध्या प्रसाद की सेवा कर रहे थे। उन्होने मरणोपरांत उनका अंतिम संस्कार सभी हिंदू रीति रिवाज से पूर्ण किया।

## महिला अभ्यर्थियों पर अश्लील टिप्पणी मामले में दो गिरफ्तार

भदोही। औराई थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा देने जा रही लड़कियों पर कथित रूप से अश्लील और भद्दी टिप्पणी कर रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि राम सजीवन कालेज में एक परीक्षा केंद्र पर शुक्रवार को दूसरी पाली की आरक्षी भर्ती परीक्षा देने जा रहीं महिला अभ्यर्थियों पर अश्लील फब्ती कस रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया। इन युवकों की पहचान इसी थानाक्षेत्र के बासुदेवपुर निवासी अजय कुमार सरोज (22) और ओमकार सरोज (35) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरक्षी राज कुमार यादव की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 में शुक्रवार देर शाम प्राथमिकी दर्ज की गयी और अब दोनों को विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेजा जा रहा है।

## युवक ने किया जान देने का प्रयास

मीरजापुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के भिस्कुरी गांव में शुक्रवार को कर्ज से परेशान एक युवक ने चाकू से अपना गला काट गंभीर रूप से घायल हो। गया। परिजन उसे तुरंत ट्रॉमा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे वाराणसी रेफर कर दिया। बताते हैं कि भिस्कुरी गांव निवासी आशीष 19 वर्ष ने कर्ज के पैसे को लेकर घर आए कर्जदार से विवाद होने के बाद आत्मघाती कदम उठा लिया। आशीष के भाई राजेश ने बताया कि आशीष के ऊपर काफी कर्ज है। उसके घर आए तगादेदार से कहासुनी हुई थी।

## केन ग्रोवर्स नेहरू महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि 31 अगस्त

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) केन ग्रोवर्स नेहरू महाविद्यालय में स्नातक में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश फार्म वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गई है। वहीं परास्नातक में प्रवेश लेने वाले छात्र/छात्रायें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश ले सकते है। यह जानकारी कालेज के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के मानकानुसार एम.ए. में प्रवेश हेतु प्रवेशार्थी को सामान्य वर्ग व पिछड़ा वर्ग हेतु 45 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रवेशार्थियों हेतु 40 प्रतिशत न्यूनतम अंक होने चाहिए। साथ ही अन्य फैकल्टी से कला संकाय में प्रवेश लेना चाहता है तो स्नातक में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर स्नातकोत्तर में प्रवेश ले सकता है। स्नातकोत्तर/एम.ए. में प्रवेश हेतु स्थान सीमित होने के कारण शीघ्र प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश सम्बन्धी जानकारी महाविद्यालय नोटिस बोर्ड पर देख सकते हैं।

# कोतवाली नगर में डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें

### शिकायतों के निस्तारण के दिये निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कोतवाली नगर पहुंचकर जन शिकायतों को सुना। उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित को प्रदान किए। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देश दिया कि पुलिस परीक्षा के दृष्टिगत बस स्टैंड पर जाम की स्थिति न उत्पन्न होने पाए। उन्होंने कहा कि नगर में कही भी संदिग्ध जमावड़ा न लगे यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने नगर स्थिति मन्नी चैराहे की नाले व अन्य समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को दिए।

जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि आप मन्नी चैराहे पर अतिक्रमण हटाये जाने हेतु सभी को नोटिस जारी कर दे, उसके बाद कार्यवाही सुनिश्चित कराये। नगर की अन्य समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार सदर व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि यदि कोई जमीन सरकारी है तो नियमों का पालन करते हुए सरकार के कब्जे में ली जाए। जिलाधिकारी ने नगर कोतवाली के पूर्व में हुए समाधान दिवस में आयी शिकायतों के अंकित रजिस्टर का अवलोकन कर फीडबैक के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित को प्रदान किया। नगर पालिका परिषद सीतापुर में हुए समाधान दिवस में आयी शिकायतो के निस्तारण की जानकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर से लेकर सभी शिकायतो को ससमय एवम संतुष्टिपूर्ण फीडबैक के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किया।

## पांच शिकायतें आईं, निस्तारण एक का भी नहीं

### विधायक, प्रभारी तहसीलदार की मौजूदगी में कोतवाली में मना थाना दिवस



महोली/सीतापुर। विधायक शशांक त्रिवेदी, प्रभारी तहसीलदार ने थाना दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान कुल 5 शिकायतें आईं। जिसमें से किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। विधायक शशांक त्रिवेदी ने प्रार्थना पत्र लेकर आए फरियादियों की शिकायतों को सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योगीजी की मंशा है कि प्रदेश के हर तबके को त्वरित न्याय मिल सके। इसके लिए तहसील व थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें आए हुए फरियादियों की समस्या का शीघ्र समाधान करना या कराना अधिकारियों का दायित्व है। उन्होंने समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप कार्य करें। शिकायतों के निस्तारण में कोई लापरवाही न करें। प्रभारी तहसीलदार महेंद्र कुमार सिंह, इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।

## अपने दर्द को ताकत बना, दूसरों की मद्दगार बनी ररिता, सीएमओ ने किया सम्मानित

सीतापुर। हरगांव ब्लॉक के शेखवापुर गांव की रहने वाली 46 वर्षीय ररिता देवी, पिछले 25 सालों से फाइलेरिया यानी हाथीपांव से जूझ रही हैं। लेकिन अपनी इस बीमारी को उन्होंने कमजोरी नहीं बनने दिया। अपनी कोशिशों से न केवल खुद को संभाला, बल्कि अब दूसरों को भी जागरूक करने में जुटी हुई हैं। बीते साल हुए एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) राउंड के दौरान उन्होंने समुदाय



को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया और फाइलेरिया से बचाव की दवा खाने के लिए प्रेरित किया, उनके इन्हीं प्रयासों को देखते हुए सीएमओ हरपाल सिंह ने उन्हें सम्मानित भी किया था। ररिता बताती हैं कि करीब 25 साल पहले तेज बुखार आया। फिर मेरे बाएं पैर में सूजन और लालपन आ गया। कई जगह इलाज करवाया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। फिर पता चला कि मैं फाइलेरिया से पीड़ित हूं जिसका कोई इलाज नहीं हैं। वह बताती हैं कि पिछले साल एक संस्था के लोग गांव में आये और उन्होंने फाइलेरिया के बारे में बताया कि यह मच्छर के काटने से होती है। फाइलेरिया से बचना है तो मच्छरों से बचें और साल में एक बार फाइलेरिया से बचाव की दवा जरूर खाएं। संस्था ने गांव में फाइलेरिया रोगियों का समूह बनाया। मैं भी पिछले साल शिवगंगा फाइलेरिया रोगी समूह की सदस्य बनी। जिसमें फाइलेरिया से जुड़ी जानकारी, फाइलेरिया ग्रसित अंगों की सफाई, पैरों की सूजन कम करने के लिए व्यायाम करने का तरीका सीखा जिससे मुझे काफी आराम मिला। इसके बाद मैंने ठान लिया कि अब मैं दूसरों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करूंगी। इसके बाद मैंने गांव में घर-घर जाकर, बैठकों में, कथा-भागवत में, विद्यालय, अस्पताल, सहायता समूह के लोगों के बीच जाकर फाइलेरिया और इससे बचाव की दवा के बारें में लोगों को जागरूक करने का काम शुरू कर दिया। सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह ने ररिता के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ररिता और उनके जैसे फाइलेरिया समूह से जुड़े कई अन्य लोग आईडीए अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी कहानी और अनुभवों को सुनकर गाँव के लोग दवा लेने के लिए प्रेरित होते हैं। ररिता अपनी दिक्कतों से परे लोगों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक कर रही है यह सराहनीय है।

# मथुरा में कृष्ण जन्मस्थान मंदिर 26 अगस्त को 20 घंटे खुला रहेगा

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने घोषणा की है कि कृष्ण जन्मस्थान मंदिर 26 अगस्त को 20 घंटे के लिए खुला रहेगा ताकि भक्त जन्माष्टमी पर निर्बाध दर्शन कर सकें। मंदिर आमतौर पर 12 घंटे खुला रहता है।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा समिति के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वर चतुर्वेदी ने बताया कि मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भगवान के जन्मोत्सव के विभिन्न कार्यक्रम शनिवार को शुरू होंगे, जो अगले सप्ताह बृहस्पतिवार तक चलेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार जन्माष्टमी पर्व से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पुरातन वैभव व स्वरूप प्राप्ति के संकल्प के साथ किया जाएगा।

चतुर्वेदी ने बताया कि योगेश्वर श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भगवान का जन्मोत्सव शास्त्रीय मर्यादाओं एवं परंपराओं के अनुसार भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तदनुसार 26 अगस्त 2024 को मनाया जाएगा। कपिल शर्मा ने कहा कि जन्माष्टमी समारोह के मद्देनजर, स्थानीय लोगों और तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए मंदिर 20 घंटे खुला रहेगा।

उन्होंने कहा कि सोमवार को शहनाई एवं नगाड़ों के सुमधुर वादन के साथ भगवान की मंगला आरती के दर्शन प्रातः 5.30 बजे से होंगे। उसके बाद सुबह 8 बजे भगवान का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। जन्मभिषेक का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 11 बजे श्रीगणेश-नवग्रह आदि पूजन से आरंभ होगा। भगवान के जन्म की महाआरती रात्रि 1210 बजे तक चलेगी। जन्माष्टमी की शाम श्रीकृष्ण लीला महोत्सव समिति द्वारा भरतपुर गेट से परंपरागत शोभायात्रा निकाली जाएगी जो होलीगेट, छत्ता बाजार, स्वामी घाट, चौक बाजार, मण्डी रामदास, डीग गेट होते हुए श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। भगवान के श्रृंगार, पोशाक, मंदिर की साज-सज्जा एवं व्यवस्थाएं नयनाभिराम बनाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। चतुर्वेदी ने बताया कि जनभावनाओं के अनुरूप इस बार जन्मोत्सव का संकल्प श्रीकृष्ण-जन्मभूमि के पुरातन वैभव व स्वरूप प्राप्ति का होगा। यह वह दौर है कि जब मथुरावासी एवं भगवान श्रीकृष्ण के दुनियाभर में फैले करोड़ों भक्तजनों के मन में एक ही कामना है कि जिस प्रकार अयोध्या में भगवान राम के भव्य एवं दिव्य मंदिर में उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई है, उसी प्रकार, मथुरा में भी भगवान श्रीकृष्ण के भव्य मंदिर में उनकी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हो। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि जिला प्रशासन ने जन्मभूमि के सभी संपर्क मार्गों पर जूताघर एवं सामान घर की व्यवस्था की है, इसलिए वे अपने जूते-चप्पल, बैग आदि सामान ठहरने के स्थान पर ही छोड़कर आएं, क्योंकि सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर प्रवेश गोविंद नगर स्थित उत्तरी द्वार से मिलेगा और निकासी पूर्वी यानी मुख्य द्वार से होगी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के आसपास एवं मुख्य स्थलों पर चिकित्सा शिविर एवं खोया-पाया केंद्र भी संचालित किए जाएंगे।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



सीतापुर। पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था देखी और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने म्युनिसिपल इंटर कालेज, उजागर लाल इंटर कालेज, आरएमपी इंटर कॉलेज, आर एमपी पीजी कॉलेज पहुचकर निरीक्षण किया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सीसीटीवी निगरानी कक्ष का निरीक्षण किया। प्रत्येक कक्ष में लगे कैमरे को जूम करके देखा। कैमरे के व्यू को सामने ही रखे जाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बायोमेट्रिक काउंटर का निरीक्षण किया व सभी व्यवस्थाओ व सुरक्षा व्यवथा को परखा। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र से 500 मीटर दूरी तक की सभी फोटो कॉपी दुकान बंद रखें। उन दुकानों पर अनवरत निगरानी रखी जाए। परीक्षा केंद पर लगाये गए अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा में लगे सभी कर्मचारियों को फोन नही रखना है। जिलाधिकारी ने उजागर लाल इंटर कॉलेज के परीक्षा कक्षो का निरीक्षण कर कक्षो में ट्यूब लाइट बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। जिससे परीक्षार्थियों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि अराजक व संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखें। संदिग्ध बातचीत व आवागमन पर भी निगरानी रखने के साथ सूचना देने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

## कृष्ण जन्मोत्सव पर बच्चों में मची धूम

खैराबाद/सीतापुर। शनिवार मछरेहटा रोड स्थित आरजे.जे.एजूकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे बच्चो ने कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। छोटे बालक और बालिकाओ के



सुन्दर कृष्ण और राधिका के स्वरूप ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यापक अध्यापिकाओ व बच्चों के सहयोग से बनी झांकी मे भगवान श्रीकृष्ण कृष्ण के जीवन के कई दृश्यों को दिखाया गया। विद्यालय प्रबंधक कुलदीप जायसवाल, प्रधानाचार्या व उपप्रधानाचार्या पूनम जयसवाल व अरूणिमा श्रीवास्तव ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का समापन गोविंदा बने बच्चो ने दही हांडी मे हांडी फोड़कर किया। कार्यक्रम मे विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल व प्रशासक रूपेश प्रिंस, शिक्षक, शिक्षिकाऐ व बच्चे उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में विद्यालय परिसर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी कृष्ण और राधा की वेशभूषा में अपनी छवि बिखरते हुए नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय को फूलों, झूले, मटकियों और बांसुरी से सजाया गया। प्री प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों ने मनमोहक गीतों की धुन पर नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा एक लघु नाटिका का प्रदर्शन करके कृष्ण जन्मोत्सव के महत्व से परिचित कराया गया। प्री प्राइमरी वर्ग के सभी छात्रों को स्मार्ट टी.वी. के द्वारा शिक्षिकाओं ने कृष्ण जन्मोत्सव मनाने की कथा की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अभिभावकों की उपस्थिति में दही-हांडी फोड़ कर सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दी।

# डीएम एसपी ने बस स्टॉप का किया निरीक्षण, जल भराव देख नाराज

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने संयुक्त रूप से शनिवार को सीतापुर बस स्टॉप का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां की व्यवस्थाओ को देखा। खामियों को दूर करने के आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये।



जिलाधिकारी ने बस स्टॉप पर स्थापित रैन बसेरों को देखा। उसके साफ-सफाई के निर्देश दिए। रैन बसेरे में पर्याप्त रोशनी, पंखे आदि व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित को दिये। रैन बसेरे के सामने जलभराव होने के कारण नाराजगी जताई। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी को निर्देश दिये कि जलभराव की स्थिति का निस्तारण किया जाए। जिससे लोगों के आवागमन में परेशानी न हो। परीक्षा का समय चल रहा है। बसों के रूटचार्ट लगा दिये जाए। ताकि परीक्षार्थियों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि जाम उत्पन्न करने वाले अतिक्रमण को हटा दिया जाए। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ रहे। पूछताछ काउंटर पर पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं को देखा एवं सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह, नगर कोतवाल अनूप कुमार शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## औपचारिकताओं में निपटा समाधान दिवस



पाटन, उन्नाव। माह के पहले व तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाला थाना समाधान दिवस मात्र औपचारिकता बनकर रह गया हैं। फरियादियो की समस्या का समाधान न होने पर बराबर थाना व तहसील के समाधान दिवसों में बराबर चक्कर काट रहे हैं। जबकि शासन के निर्देश दिए गए है कि फरियादियों की शिकायत को स्थलीय निरीक्षण कर राजस्व व पुलिस टीम प्रत्येक दशा में मामलों का निस्तारण करें। किंतु ऐसा होता नही दिख रहा है। थाना बिहार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसीलदार की अनुपस्थिति में प्रतिनिधि कानूनगो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर कुल पांच प्रार्थना पत्र आए जिसमे एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण सम्भव हो सका। इस मौके पर थाना प्रभारी सुरेशचंद्र मिश्र, चौकी प्रभारी पाटन नरेंद्र सिंह व राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय खेलों में चयनित हुए औरास से रामपुर गढ़ौवा के बच्चे

जिला संवाददाता(vol)

नवाबगंज, उन्नाव। जनपद में हो रहे एसजीएफआई गेम्स में आज हसनगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले विकासखंडों मियागंज, हसनगंज, नवाबगंज और औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालयों से जीतकर आए बच्चों के बीच अंडर 14 कबड्डी का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कालेज नवाबगंज में हुआ। नवाबगंज की टीम में कुंजपुर, मकूर और जगदीशपुर के बच्चे शामिल रहे जबकि औरास टीम के चयनितों में अधिकतर रामपुर गढ़ौवा के ही खिलाड़ी शामिल रहे। रोमांचक मैच के दौरान खिलाड़ियों में रामपुर गढ़ौवा के आसिफ, अमित, गोविंद और युगराज, कुंजपुर के अरविंद, साहिल, अंकित, ऋषभ वहीं जगदीशपुर के हरिश्चंद्र, वीरू और शिवा का प्रदर्शन शानदार रहा।



- 2 सितंबर को प्रतिभाग करेंगे औरास और नवाबगंज के खिलाड़ी
- खेलों में जागरूकता बढ़ाने को बीएसए ने दिए निर्देश

खेलों की शुरूआत होने पर जीआईसी नवाबगंज के प्रधानाध्यापक डॉ अनूप सिंह ने बच्चों से हाथ मिलाकर उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। जिला व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम सिंह एवम निशा सिंह के निर्देशन में खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। औरास की ओर से ब्लॉक व्यायाम शिक्षक आर आई गौहर एवम नवाबगंज से राकेश तिवारी ने बच्चों को खेल के पूर्व के नियमों से परिचित करवाया। रामपुर के शिक्षक प्रदीप वर्मा ने बताया की मवई से बच्चों के समय पर नहीं पहुंचने पर खेल प्रभावित हुआ, बच्चों को तीन घंटे से भी अधिक प्रतिक्षा करनी पड़ी और टीम का मनोबल धीमा हुआ और परिणाम अपेक्षाकृत नहीं प्राप्त हुए। कुल चयनित 12 बच्चों में औरास से 4 ही और नवाबगंज के 8 बच्चे शामिल किए गए। प्रतियोगिता के दौरान खेल शिक्षकों के साथ ही शिक्षक प्रदीप वर्मा, अजीत, हैदर अब्बास, आशीष एवम कुलदीप यादव आदि उपस्थित रहे। प्रदीप वर्मा ने इसे एक बड़ी जीत बताते हुए खेल शिक्षक अजीत कुमार से विद्यालय आकर बच्चों को अब आगे की तैयारी करवाने का आग्रह किया, जिसपर उन्होंने अपनी स्वीकृति प्रदान की। साथ ही मन्नालाल इंटर कॉलेज, जीआईसी नवाबगंज और अन्य माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों के मध्य अंडर 17, अंडर 19 कबड्डी प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। जिसमें बालिका वर्ग का प्रदर्शन बेहद रोमांचक रहा। माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने व्यवस्था संभाली। बीएसए उन्नाव ने खेलों में बच्चों की प्रतिभागिता बढ़ाने हेतु शिक्षकों को सख्त निर्देश दिए। खेल अनुदेशकों और विद्यालयों के शिक्षकों की भी जिम्मेदारी तय की। औरास बीईओ संजय शुक्ल ने इन खेलों में प्रतिभागिता से निकट भविष्य में मिलने वाले लाभों से अवगत करवाते हुए कहा कि एसजीएफआइ गेम्स में मिली जीत और प्रमाणपत्र आगे की परीक्षाओं और रैंकिंग सुधारने में बहुत ही महत्वपूर्ण होंगे। बीईओ औरास ने रामपुर गढ़ौवा के बच्चों को जीत की बधाई देते हुए आगे भी जोश और हौसले के साथ प्रतिभाग करने को कहा।

# ग्रामीण को देख बाघ दहाड़ा, जान बचाकर भागा

जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। कटिघरा गांव के किनारे खेतों में ग्रामीण को देखकर बाघ ने दहाड लगाई। ग्रामीण जान बचाकर गांव पहुंचा। इसके बाद करीब दो सैकड़ा ग्रामीण वहां पहुंचे। वहीं

- कटिघरा के मजरा पसिगवां के ग्रामीण को खेतों में दिखा बाघ, वन विभाग की टीम ने की कॉबिंग

सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और कांबिंग की खानापूरी कर ग्रामीणों को सर्तक रहने का राग अलापने का काम किया। इलाके में बाघ की समस्या को लेकर करीब दो माह से संघर्ष कर रहे भाजपा नेता मनोज मिश्रा वहां पहुंचे और वन विभाग से सख्त कार्रवाई को कहा। इलाके के गांव कटिघरा के मजरा पसिगवां में शनिवार की सुबह ग्रामीण अमरीश कुमार खेतों में चरी काटने गया था। वहां उसे बाघ दिखा। तो उसके होश उड गए। उसने बताया कि बाघ ने उसे देखकर दहाड मारी, उसके आसपास खेतों में कुछ ग्रामीण घास काट रहे थे।

अमरीश कुमार उनके पास पहुंचा। वहां ग्रामीणों ने बताया कि अभी इधर से एक नीलगाय भागते हुए गई है। बाघ



उसी का पीछा कर रहा होगा। इसके बाद सभी ग्रामीण गांव की ओर आ गए। जिसके बाद करीब दो सैकड़ा ग्रामीण वहां पहुंचे।

वहीं सूचना पाकर वन दरोगा संतराम, अक्षय पांडेय व अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे। वहां आसपास इलाके में कांबिंग की। ग्रामीणों ने जब बाघ के खेतों में ही होने की बात कही गई तो वन विभाग की टीम द्वारा पटाखा फोड दिया गया। ग्रामीणों की मानें तो पटाखा फोडे जाने के बाद बाघ वहां से भाग गया। बाघ को भागते हुए दूसरी ओर के ग्रामीणों ने देखा। यह बात ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को बताई। टीम ने उसको गंभीरता से न लेकर वहां से निकलना बेहतर समझा। वहींइलाके में बाघ की समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा अपने साथियों के साथ तत्काल वहां पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। यही नहीं उन्होंने वन विभाग की टीम से सख्त कार्रवाई करने को कहा।

संक्षेप

## तीन आरोपी माल सहित गिरफ्तार

**बांदा।** जिले में एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसी के चलते थाना अतर्रा पुलिस ने कस्बे में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित आरोपियों यस उर्फ पूर्ति पुत्र राजकुमार रैकवार निवासी कजियाना पुरानी बाजार पांडेय कालोनी, आरिफ खान पुत्र सलीम खान निवासी कजियाना पुरानी बाजार द्वारिका पुरी काली मंदिर रोड, सहवान उर्फ चोचा पुत्र सगीर निवासी कजियाना पुरानी बाजार बड़ी मस्जिद थाना कर्बी जनपद चित्रकूट को जरूहा चैकी बदौसा मोड़ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने बीते 11,14 व 17 अगस्त को अतर्रा कस्बे में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इनके पास से चोरी किया गया माल भी बरामद किया गया है। इसमें सरसों, तेल, हार्लेक्स, प्रोटीन पाउडर, मंगल सूत्र, 6 जोड़ी बिछिया, पांच जोड़ी पायल, 31 हजार रुपये नकद, एक डिब्बा डालडा आदि शामिल है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कुलदीप तिवारी, उप निरीक्षक कृष्णदेव त्रिपाठी, उप निरीक्षक प्रशांत कुमार त्यागी, कां0 शुभम सिंह रघुवंशी, रामनरेश व वीरपाल रहे।

## नाले में मिला अज्ञात शव

**बांदा।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के सर्वोदय नगर नाले में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि नाले में शव पड़ा होने की जानकारी शहर कोतवाली पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और नाले से शव को बाहर निकाला। मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया गया लेनिक शिनाख्त नही हो सकी। उन्होने बताया कि मृत युवक की उम्र लगभग 28 वर्ष है और वह टी-शर्ट तथा पैंट पहने है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## आशा चयन साक्षात्कार की तिथि घोषित

**महोबा।** मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर आसाराम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि जनपद महोबा में नगरीय आशा चयन का साक्षात्कार दिनांक 29 अगस्त 2024 को सुबह 10 बजे से नवीन मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पुलिस लाइन रोड महोबा में किया जायेगा। उन्होंने सूचित करते हुए कहा कि समस्त अभ्यर्थी जिन्होने आवेदन किया हो अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग लेना सुनिश्चित करें।

## कच्ची शराब व चोरों से ग्रामीण परेशान

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम जिलानी के मजरा खुशीपुरा में रहने वाले रखू पुत्र भोले रजक ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजते हुये बताया कि वह गांव में कच्ची देश शराब बेचने वालों से काफी प्रताड़ित है। बताया कि आये दिन लोग यहां शराब पीकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। बताया कि कई बार इनके खिलाफ शिकायती पत्र देने के बावजूद भी की गयी। वहीं जो भी इनके खिलाफ कार्यवाही करता है तो लोगों को छेडखानी जैसे झूठे मामलों में फंसा देते हैं। शाम करीब 5 बजे उसके घर से दो बोरी उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी।

# डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने प्रथम व द्वितीय पाली की परीक्षाओं का सघन रूप से निरीक्षण किया। शनिवार को उन्होने इंटर कालेज तिंदवारा, रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज, आर्य कन्या इंटर कालेज, डीएवी इंटर कालेज, कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, आदर्श बजरंग इंटर कालेज तथा अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होने कंट्रोल रूम से चल रही परीक्षाओं को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी कार्य का जायजा लिया। डीएम ने परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी रखने तथा परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को विशेष सतर्कता रखने के निर्देश दिए।

उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक एवं सेक्टर मेजिस्ट्रेटों से परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं का हाल जाना और सकुशल परीक्षा कराए जाने के लिए पैनी दृष्टि रखने के निर्देश दिए। उन्होने कंट्रोल रूम का जायजा लिया तथा कंट्रोल रूम से प्रत्येक कक्ष की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए।

परीक्षा सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए कक्ष निरीक्षकों को कड़ी निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी तथा मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# शैक्षिक दस्तावेज में जालसाजी कर परीक्षा दे रहा अभ्यर्थी पकड़ा

- जन्म तिथि में हेरफेर को लेकर केन्द्र व्यवस्थापक ने दर्ज करायी एफआईआर
- पुलिस भर्ती परीक्षा मामला

**ललितपुर।** शैक्षिक दस्तावेजों में कूटरचना कर धोखाधड़ी से उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 में परीक्षा देकर केन्द्र से निकल रहे परीक्षार्थी को केन्द्र पर्यवेक्षक नरेन्द्र सिंह ने पकड़ लिया। मामले को लेकर पूरे दस्तावेजों की साइबर थाना पुलिस व सरकारी आई.डी. पर जांच करने पर दस्तावेजों में जन्म तिथि का हेरफेर होना पाया गया। प्रकरण को लेकर केन्द्र व्यवस्थापक ने परीक्षार्थी के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज करायी है। केन्द्र पर्यवेक्षक नरेन्द्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को बताया कि उ.प्र. आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती 2023 की परीक्षा 23, 24, 25 व 30, 31 अगस्त 2024 प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली 3 से 5 बजे तक नियत हुई। बताया कि इन परीक्षाओं को संपन्न कराने के लिये पी.एन.इण्टर कालेज ललितपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है जिसमें 240 अभ्यर्थियो को परीक्षा देने के लिये नामित किया गया। आगे बताया कि 23 अगस्त 2024 को द्वितीय पाली समय 3 से 5 बजे के मध्य परीक्षा सम्पन्न करायी गयी। उक्त अवधि में परीक्षा केन्द्र के कक्ष संख्या-07 मे से एक संदिग्ध परीक्षार्थी परीक्षा देकर बाहर निकला और परीक्षा केन्द्र पर अस्थायी रूप से संचालित क्लाक रूम से अपना मोबाइल फोन प्राप्त कर मुख्य गेट से निकलने लगा। इसी दौरान केन्द्र पर्यवेक्षक ने उपस्थित पुलिसजन उप.नि.रामसवेक आदि के साथ इस संदिग्ध परीक्षार्थी को रोककर प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड का अवलोकन किया, जिसमें अभ्यर्थी अवधेश कुमार अनुक्रमांक 3595324 पंजीकरण संख्या 13949401 गृह जनपद हमीरपुर जन्मतिथि 15 जुलाई 1997 परीक्षा केन्द्र 52003 पी.एन. इण्टर कालेज निकट ओल्ड तहसील ललितपुर परीक्षा तिथि 23 अगस्त 2024 द्वितीय पाली 3 से 5 बजे तक आदि अंकित एवं बायोमैट्रिक उपस्थित का होलोग्राम लगा हुआ दो प्रतियों में व आधारकार्ड नम्बर 4910 4332 3297 पर अवधेश कुमार जन्मतिथि 15 जुलाई 1997 पुत्र शिवनारायण निवासी कुसमरा हमीरपुर उत्तर प्रदेश आदि अंकित है। परीक्षार्थी के मोबाइल फोन आईएमईआई 1/78 861461063637799/78 को लेकर साईबर थाना ललितपुर में नियुक्ति उ.नि. गौतम पुनिया से समन्वय स्थापित कर मोबाइल फोन का डाटा देखा गया तो मोबाइल फोन में डिजिटल फोटो जिस पर रोल नम्बर 1382123 हाईस्कूल 2005 रोल नम्बर 0807149 इण्टरमीडिएट 2007 अवधेश कुमार आधार नम्बर 4910 43323297 जन्मतिथि 01 जुलाई 1989 अंकित पाया गया तब गवर्नमेन्ट आईडी पर उपरोक्त रोल नम्बरो के सम्बन्ध में सर्च किया गया तो रोल नम्बर 1382123 का डिटेल प्राप्त हुआ जिसका प्रिन्ट लेकर अवलोकन किया तो माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज से हाईस्कूल (10) परीक्षा रिजल्ट 2005 अभ्यर्थी डिलेट रोल नम्बर 1382123, अवधेश कुमार जनपद स्कूल कोड 49/1044 रिजल्ट पास सेकण्ड डिवीजन विथ ग्रेस आदि अंकित पाया गया और रोल नम्बर 0807149 का डिटेल प्राप्त हुआ जिसका प्रिन्ट लेकर अवलोकन किया तो माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज से हाईस्कूल (12) परीक्षा रिजल्ट 2007 अभ्यर्थी डिलेट रोल नम्बर 0807149, अवधेश कुमार जनपद/स्कूल कोड 49/1019 माँ का नाम सरवन देवी पिता का नाम शिव नारायण रिजल्ट पास सेकण्ड डिवीजन आदि अंकित पाया गया परीक्षार्थी अवधेश कुमार से नाम पता पूँछा तो अपना नाम अवधेश कुमार पुत्र शिव नारायण जाति यादव ग्राम कुसमरा थाना कुरारा जनपद हमीरपुर मोबाइल नम्बर 8317034510 बताया तथा पूँछने पर हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2011 संत बैरागी बाबा इण्टर कालेज निकट मूसानगर कानपुर देहात एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2013 संत बैरागी बाबा इण्टर कालेज निकट मूसानगर कानपुर देहात से उत्तीर्ण करना बताया। उपरोक्त आधारकार्ड में वर्णित जन्मतिथि 15 जुलाई 1997 एवं यूपी बोर्ड की बैबसाइड से डाइनलोड की गयी वर्ष 2005 में हाईस्कूल परीक्षा एवं वर्ष 2007 में इण्टरमीडिएट परीक्षा पास करने के दस्तावेज के सम्बन्ध में पूँछने पर अभ्यर्थी ने बताया कि उसकी जन्म वर्ष 1989 है, उसने अपने अभिलेखो में कूट रचना कर जन्मतिथि 15 जुलाई 1997 की है और पुनः इन्ही फर्जी दस्तावेजो का उपयोग करते हुये हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2011 संत बैरागी बाबा इण्टर कालेज निकट मूसानगर कानपुर देहात एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2013 संत बैरागी बाबा इण्टर कालेज निकट मूसानगर कानपुर देहात से उत्तीर्ण की है। मैरे द्वारा अपने जन्म प्रमाण पत्र की धोखाधडी बेईमानी से कपट पूर्वक कूटरचना करके पुनरू हाईस्कूल एव इन्टमीडिएट की परीक्षा पास करते हुये उ.प्र. आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 मे ऑन लाईन आवेदन कर परीक्षा केन्द्र पीएन इण्टर कालेज ललितपुर अनुक्रमांक 3595324 पर परीक्षा देकर भर्ती होने का प्रयास किया गया है। पुलिस ने केन्द्र व्यवस्थापक की तहरीर पर पकड़े गये अभ्यर्थी के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 318 (4), 336 (2) व 340 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# आशाओं के सहयोग के बिना स्वास्थ्य सुविधाएं आमजन तक पहुंचाना मुमकिनः राज्य मंत्री

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयेजित सम्मेलन में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आशा बहू आम जनमानस में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों, नवीन योजनाओं की जानकारी देने व स्वास्थ्य योजनाएं मुहैया करवाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। आशा, जनता और विभागीय योजनाओं के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आशाएं अपने क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को पूर्ण प्रतिरक्षित रखने व सीमित परिवार के लिए परिवार नियोजन सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने सभी आशा बहुओं का आह्वान किया कि वे अपनी भूमिका को पूर्ण जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ निभा कर स्वस्थ्य समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री व्यावसायिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल की गरिमामई उपस्थिति में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत शनिवार को काकरान वाटिका हाल में जिला स्तरीय आशा सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली तीन आशा संगिनियों प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को दो हजार रूपए का चैक प्रदान कर सम्मानित किया गया जबकि प्रति स्वास्थ्य केन्द्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली तीन-तीन आशा बहुओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंटकर पुरस्कृत किया गया।

आशाओं को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि आशाएं स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है। जन स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर तरीके से गांव-.गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए आशा ही सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन में आशाओं की अहम भूमिका है। उनके माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जाता है, जिससे गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि आशाओं के सहयोग के बिना जन स्वास्थ्य सुविधाएं आमजन तक पहुंचाना मुमकिन नहीं है, इसलिए सभी आशाएं पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों के सजगता और तत्परता के साथ जन-जन को स्वस्थ्य बनाने में अपनी महती भूमिका निभायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने उपस्थित समस्त आशाओं को सामूहिक रूप से उनके कर्तव्यों से संबंधित संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चैहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विजय कुमार गोयल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनोज सैन सहित जिला चिकित्सालय के अन्य अधिकारी एवं सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी तथा जिले की आशा बहुएं मौजूद रही।

## सड़क दुर्घटनाओं में पचास फीसदी कमी लाने पर जोर

**ललितपुर।** सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने 26 जुलाई को आहूत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या के संबंध में समीक्षा की गयी, जिसमें सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को जिनके द्वारा अनुपालन आख्या उपलब्ध नहीं करायी गयी है को बैठक में दिए गये निदेर्शों के अनुसार सम्बन्धित स्थलों पर सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराये जाने एवं सोपे गये दयित्वों का निर्वहन करते हुये अनुपालन आख्या ससमय उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जनपद में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाने हेतु सभी विभागों को दिशा निर्देश दिये गये बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी को दुर्घटना के पश्चात गोल्डन आवर में दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) का अप्रेजल कमेटी के अध्यक्ष द्वारा दिए गये निर्धारित प्रारूप पर प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराये जाने एवं जनपद में दुर्घटना स्थल पर स-समय पहुंचने हेतु एम्बुलेन्स व्यवस्था को सुद्रण एवं व्यवस्थित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## भागवत प्रसाद अकादमी में जन्माष्टमी पर कार्यक्रम



**बांदा।** भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी एवं यूरो किड्स में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्ण एवं राधा को माल्यार्पण व तिलक लगाकर हुई। नन्हे-मुन्हे बच्चों ने कृष्ण भक्ति गीतों की धुन में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया और कृष्ण व राधा की पोशाक में बहुत ही सुंदर लगे। इसके पश्चात दही हांडी का कार्यक्रम हुआ इसमें बालक और बालिका वर्ग की टीम शामिल रही। बालिकाओं ने पहले दही हांडी फोड़कर प्रतियोगिता जीती। इसके बाद रासलीला कार्यक्रम व नृत्य की प्रस्तुति शुरू हुई। कृष्ण-राधा की रासलीला देखकर सभी मंत्रमुग्ध होग गये। उत्सव में भक्ति गीत, नृत्य, भगवान कृष्ण की बाल लीला एवं उनके जीवन पर विशेष मंचन हुआ। प्राची, आदर्श, दीपा ने नृत्य से सभी को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। यूरो किड्स, प्राइमरी, जूनियर व सीनियर छात्रों ने मिलकर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य शिवेन्द्र कुमार, चेयरमैन शिवशरण एवं निर्देशिका संध्या कुशवाहा ने कार्यक्रम को यादगार बनाने एवं योगदान के लिए प्रशंसा करते हुए आभार जताया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं बीपीएमए परिवार के लोगों ने भक्ति के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाई। यह पर्व सुख-समृद्धि तथा पाप पर पुण्य की विजय एवं असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। सनातन धर्म संस्कृति धरोहर को संजोए रखने तथा बच्चों में ईश्वर के प्रति समर्पित होने की भावना जगाने के लिए यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार ने आयोजित किया। संचालन कक्षा 11 के छात्र विवेक ने किया।

## बोर्ड ने पूर्व निर्धारित तिथियां की संशोधित



**ललितपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2025 के कक्षा 10 एवं 12 के संस्थागत-व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के परीक्षा शुल्क प्राप्त करने, आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की पूर्व निर्धारित तिथियों को संशोधित करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। जिसके तहत 10 अगस्त के पश्चात प्रति छात्र एक सौ रूप्ये विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त कर दी गई है। वहीं विलम्ब शुल्क के साथ जमा परीक्षा शुल्क की सूचना तथा छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरण बेवसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 05 सितम्बर निर्धारित की गई है। इसी क्रम में बेवसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किये गये छात्र-छात्राओं के विवरणों की चेकलिस्ट प्राप्त कर संस्था के प्रधान द्वारा उनके विवरणों को भली भांति जांच करने की अवधि 6 से 10 सितम्बर की गई है, वहीं 11 से 20 सितम्बर तक ऑनलाइन अपलोड किये गये छात्रों के विवरणों में जांचोपरांत यदि किसी प्रकार का संशोधन वांछित है, तो उसे संस्था के प्रधान द्वारा पुनः बेवसाइट पर संशोधित, अपडेट करने की अवधि रहेगी जिसमें केवल संसोधन ही स्वीकार किये जायेंगे (इस अवधि में किसी नवीन छात्र का विवरण/अपलोड स्वीरकार नहीं किया जायेगा) 30 सितम्बर तक संस्था के प्रधान द्वारा पंजीकृत अभ्यार्थियों की फोटो युक्त नामावली एवं तत्संबंधी कोष पत्र की एकप्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजे जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि रहेगी।

# नपा ने सार्वजनिक प्रयोग के भवनों को निजी हाथों में सौंपा

जिला संवाददाता(vol)

- कजली मेला जुलूस के नाम पर नगर पालिका ने 45 लाख लगाये ठिकाने

**महोबा।** भारत के लोकतंत्र की सरकारो में अन्य विभाग के साथ-साथ नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों का गठन शायद इस मंशा से किया गया था कि कस्बाई तथा शहरी जनता को सड़कों, नालियों की साफ सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पेयजल से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं का लाभ आम जनमानस को उपलब्ध कराया जा सकें। इन भावनाओं के तहत ही नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा कम्न्यूटी गार्डन तथा टाउन हॉल का निर्माण कराया गया था ताकि गरीब तथा निर्धन व्यक्तियों को भी अपनी बेटी और बेटे की शादी के लिये सुन्दर स्वच्छ स्थान प्राप्त हो सके। इसके साथ साथ उपरोक्त भवनों में अन्य धार्मिक तथा सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कराया जा सके। आम जनता के हितार्थ नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा निर्मित कराये गये कम्न्यूटी गार्डन और टाउन हॉल को पूर्व सांसद प्रतिनिधि तथा नगर पालिका के चेयरमैन संतोष चैरसिया एवं अधिशाषी अधिकारी अवधेष कुमार यादव ने अपने चहेतों को को निजी हाथों में सौंप दिया है। कम्न्यूटी गार्डन और टाउन हॉल को स्वयं के हितार्थ और जनहित को ताक में रख अपने अपने चहेतों को मामूली वार्षिक किराये पर अनाधिकृत रूप से कई वर्षों के लिये किराये पर दे दिया है। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन संतोष चैरसिया की कारगुजारी से शहर के नागरिकों में भाजपा सरकार तथा संतोष चैरसिया के प्रति भारी जनाक्रोश देखने को मिल रहा है। जिन व्यक्तियों को कम्न्यूटी गार्डन किराये पर दिया गया है वह लोग उसका मैरिज हाउस के रूप में उपयोग कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो हर शादी में अच्छी खासी रकम इनके द्वारा वसूली जाती है। लक्ष्मी मार्बल के मालिक ने टाउन हॉल को किराये पर लेकर मार्बल के पत्थर भर रखें है जिससे टाउल हॉल के क्षतिग्रस्त होने की संभावनाएं बलवति हो गई है। नगर पालिका परिषद महोबा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये चारागाह साबित हो रहा है। कजली मेले के नाम पर 45 लाख का बजट बोर्ड बैठक में पास किया गया है। जबकि शोभा यात्रा एवं मेले के दौरान नगर पालिका द्वारा जगह-जगह से आए मेला देखने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया। मेले के नाम पर के नाम पर भारी भरकम धनराशि ठिकाने लगाई जा रही है। नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के द्वारा मेले के बजट को ठिकाने लगाने की शिकायत मुख्यमंत्री से कर जांच की मांग की जाएगी।

# भाजपा सदस्यता अभियान एक सितंबर से कार्यशाला



**बांदा।** जिला भाजपा कार्यालय में महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। आगामी 1 सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान को पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से सक्रियता के साथ भाग लेकर सफल बनाने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाए। उन्होने जोर देकर कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने में जुट जाएं। उन्होने कार्यकताओं को पार्टी की रीढ़ की हड्डी बताया और अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने की अपील की। कार्यशाला में कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गयी और प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य बनाने के निर्देश दिए गये। विशिष्ट अतिथि जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि जिले को सदस्यता अभियान में पहले स्थान पर लाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें। इस अभियान के माध्यम से जन-जन को पार्टी की रीति-नीति बताते हुए अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाएं। कहा कि कार्यकताओं के लिए संगठन चुनाव नही, बल्कि पर्व है क्योंकि संगठन की सदस्यता संगठन की आत्मा है। पार्टी ने सर्वप्रथम 2014 में डिजिटल सदस्यता अभियान चलाया था। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि वर्ष 2017, 2019 एवं 2022 में हमने विशेष सदस्यता अभियान चलाया था। पुनः राष्ट्रीय स्तर पर संगठन पर्व की घोषणा के साथ ही हम सभी की सदस्यता शून्य हो चुकी है। हम सब लोग पुनः डिजिटल माध्यम से सदस्य बनेंगे। सदस्यता अभियान प्रभारी संतोष गुप्ता ने कहा कि 1 से 25 सितंबर तक प्रथम चरण के तहत साधारण सदस्यता अभियान चलेगा। 1 से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियार का द्वितीय चरण चलेगा जबकि 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। अभियान जिला संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने अपेक्षित पदाधिकारियों की उपस्थिति का वृत्त लिया। जिला सह संयोजक ममता मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष, बाल मुकुन्द शुक्ला, अयोध्या प्रसाद सिंह, अशोक त्रिपाठी जीतू, जगराम सिंह चैहान, प्रभा गुप्ता, जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी, जागृति वर्मा, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, नरेन्द्र सिंह नन्ना, मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, वंदना गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक निखिल सक्सेना, आई टी संयोजक दीपक राजपूत, अनीता शुक्ला, अभिलाष मिश्रा आदि मौजूद रहीं।

## हनुमान मंदिर से घण्टा चोर गिरफ्तार

**ललितपुर।** मंदिर से घण्टा चोरी करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने धर दबोचा है। जानकारी देते हुये उप निरीक्षक विश्वदीप सिंह ने अवगत कराया कि उन्होंने गश्त के दौरान थाना बार क्षेत्र के ग्राम वस्त्रावन निवासी निरपत पुत्र गंगू को जेल चैराहा बस स्टेण्ड के पास से पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से मंदिरों से चोरी किये दो घण्टा भी बरामद किये हैं। पूछताछ के दौरान निरपत ने बताया कि उसने एक घण्टा श्री श्री 1008 श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर व दूसरा बल्लमगढ़ के मंदिर से चोरी किया था। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 305 (डी) व 317 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। चोर को पकड ? वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक विश्वदीप सिंह, उप निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह परमार व कां.अंकित कुमार शामिल रहे।

# जन्माष्टमी के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक

जिला संवाददाता(vol)



**नगीना, बिजनौर।** जन्माष्टमी एंव बहुचर्चित रामडोल का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नगीना थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगीना चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र युवा समाजसेवी शेख शाहनवाज खलील ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी रामडोल का त्यौहार आपसी भाईचारे व प्यार मोहब्बत के साथ मनाएं।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम नगीना थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए नगीना सीओ राकेश वशिष्ठ, थाना प्रभारी हरिओम सिंह चैहान, शेख शाहनवाज खलील, भाजपा नगराध्यक्ष नीरज बिओई, साहू सलिल अग्रवाल उर्फ बिड्डू आदि ने जनता से आह्वान किया कि वह त्यौहारो को आपसी भाई चारा व प्यार मोहब्बत के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि कोई असामाजिक तत्व शांति भंग करने का प्रयास करेगा तो ऐसे व्यक्ति को सबक सिखाया जाएगा जिससे वह कभी भी खुराफात न कर सके। इस मौके पर शेख शाहनवाज खलील, साहू सलिल अग्रवाल उर्फ बिड्डू, भाजपा नगराध्यक्ष नीरज बिश्रोई, राजू बिश्नोई, सौरभ मित्तल, सभासद मौ0 असलम, सिद्दीक मुल्तानी, गोपाल शर्मा, डॉ भूपेश चैहान, कुंवर कृष्ण बलदेव, मनीष राणा एडवोकेट, अंजार सैफी, सभासद मौ0 शारिक, शददन ठेकेदार, , उपनिरीक्षक सवरेज खान, अरुण कुमार आदि मौजूद थे।

## देशी तमंचा व कारतूसों सहित दो गिरफ्तार

**ललितपुर।** चैकी राजघाट पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को अवैध देशी तमंचा व दो जिन्दा कारतूसों के साथ हिरासत में लिया है। जानकारी देते हुये उप निरीक्षक ओमबाबू तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन तथा एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर की सूचना पर मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर के थाना चन्देरी अंतर्गत ग्राम टोड़ा निवासी बब्बू राजा पुत्र भूपेन्द्र सिंह परमार व मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना मालथौन के ग्राम पलेथनी निवासी बृजेन्द्र सिंह बुन्देला पुत्र स्व. वीरेन्द्र सिंह को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बब्बू राजा के पास से एक देशी तमंचा 315 बोर चालू हालत में व बृजेन्द्र सिंह के पास से 2 जिन्दा कारतूस बरामद किये हैं।

## पीजीपीएस में मना जन्माष्टमी पर्व



**ललितपुर।** जन्माष्टमी पूर्व संन्ध्या के शुभावसर पर पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल पनारी में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण, सुदामा, बलराम एवं सखियों की सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि (पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल पनारी) श्रीमति सितारा देवी ने राधा कृष्ण की आरती कर किया। प्रबंध निदेशक डा0पूजा यादव, डा. सौरभ यादव सहित विशिष्ट अतिथि पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के समस्त प्राचार्य गण एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। जिन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर राधा कृष्ण की महाआरती में शामिल हुए।

इसके बाद पीजीपीएस की प्रबंधक सितारा देवी ने राधाकृष्ण के बारे में विस्तार से बताया तथा प्रबंध निर्देशिका डा. पूजा यादव ने कृष्ण के गुणों का वर्णन किया और अंत में डायरेक्टर डा. सौरभ यादव ने कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा कृष्ण, राधा, रुक्मणी, नंद बाबा, बलराम, यशोदा, देवकी, वासुदेव, ग्वाल बाल और सखियों की बड़ी सुंदर नाच- गाने और बाजे के साथ सुंदर झांकियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 12वीं के बच्चों द्वारा दहीहंडी को तोड़ा गया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

संक्षेप

## हज यात्रा के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

सोनभद्र। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, 10 ए विधानसभा मार्ग, लखनऊ के निर्देशानुसार हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई ने हज-2025 के लिए हज ऑनलाइन आवेदन दिनांक-13 अगस्त से 09 सितम्बर 2024 तक किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया है। उन्होंने ऐसे सभी इच्छुक व्यक्ति हज-2025 के आवेदन पत्र भरने के पात्र हैं, जिनके पास हज आवेदन भरने की अन्तिम तिथि से पहले जारी वैद्य मशीन द्वारा पठनीय भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट उपलब्ध हो और जिसकी वैद्यता कम से कम 15 जनवरी, 2026 तक है। साथ ही जिला स्तर पर हज सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे व स्वयं ऑनलाइन वेबसाइट पद पर ऑनलाइन व मोबाइल एप हज सुविधा के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं, लखनऊ जिले हेतु उ0प्र0 राज्य हज समिति कार्यालय, सरोजनीनगर, लखनऊ पर भी हज सुविधा केन्द्र स्थापित कर दिया गया है, जहाँ निःशुल्क आवेदन करने की सुविधा है, के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

## दूसरे धर्म में शादी से नाराज पिता ने पुत्री को मार डाला

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने दूसरे धर्म के युवक से शादी करने से नाराज होकर अपनी बेटी की कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र के निवासी सुरेंद्र सिंह ठाकुर की पुत्री पारुल (30) ने दो वर्ष पूर्व दूसरे धर्म के एक युवक से निकाह कर लिया था। इसके बाद से ही सुरेंद्र नाराज था। दो साल बाद पारुल रक्षाबंधन पर अपने पिता के घर आई थी और तब से पिता-पुत्री के बीच रोज झगड़ा हो रहा था। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की देर रात सुरेन्द्र सिंह ने विवाद बढ़ने पर पारुल की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर के क्षेत्राधिकारी डॉ. कमलेश कुमार ने शनिवार को बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अनिल कुमार जदली ने एनटीपीसी के निदेशक का कार्यभार संभाला

सोनभद्र। एनटीपीसी के निदेशक (मानव संसाधन) अनिल कुमार जदली ने शुक्रवार को कार्यभार संभाला है। उन्होंने 1993 में एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में एनटीपीसी में अपना करियर शुरू किया था। एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में अपनी साधारण शुरूआत से एनटीपीसी में मानव संसाधन कार्य के शीर्ष पद तक उनका पहुंचना उनके जुनून, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। उन्होंने गढ़वाल विश्वविद्यालय से ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में स्नातकोत्तर किया, तथा एमडीआई, गुड़गांव से मानव संसाधन प्रबंधन के व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। उन्होंने ईएससीपी-ईएपी (पेरिस, बर्लिन और ट्यूरिन) से प्रबंधन और नेतृत्व का प्रशिक्षण इनपुट भी प्राप्त किया है। उनका लाइन और मानव संसाधन दोनों कार्यों को शामिल करते हुए तीन दशकों से अधिक का शानदार करियर रहा है। लगभग एक दशक तक लाइन फंक्शन में काम करने के बाद, उन्होंने 2004 में एचआर फंक्शन में काम करना शुरू कर दिया था। 2004 के बाद से, उन्होंने मानव संसाधन प्रमुख सहित विभिन्न पदों पर एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में मानव संसाधन के विभिन्न पहलुओं की देखभाल की। वह वर्ष 2020 में कॉर्पोरेट एचआर में चले गए, जहां उन्होंने विभिन्न मानव संसाधन रणनीतियों और पहलों के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह ह्लपीएलएफ से पहले जनह्व दर्शन में दृढ़ विश्वास रखते हैं। श्री अनिल कुमार जदली के समृद्ध और विविध अनुभव के साथ, एनटीपीसी में मानव संसाधन आने वाले दिनों में नई उपलब्धियां हासिल करेगी।

# कजली महोत्सव का विधायक ने किया शुभारम्भ



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित कजली उत्सव का शुभारम्भ नगर विधायक रत्नाकर मिश्र एवं विधायक बदलापुर रमेश मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, सहायक निदेशक उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज उपस्थित रहे। लोक माटी की सोंधी महक विश्व प्रसिद्ध कजली मीरजापुरी कजली उत्सव मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में दो दिवस के लिए, जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मशहूर कजली गायिका उर्मिला श्रीवास्तव ने कजली उत्सव का आगाज अपनी मधुर आवाज से मईया झूले चनन झुलनवा, पवनवा चंवर डुलावे ना से की गायन प्रारंभ करने से पूर्व उर्मिला श्रीवास्तव का सम्मान विधायक रत्नाकर मिश्र ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक विभाग के अपर निदेशक शील द्विवेदी ने विधायकगण व जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कजली गायकों में स्मृति शुक्ला, कुसुम पांडेय के द्वारा बारी बारी से अपनी प्रस्तुति कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर जिला सूचना अधिकारी मीरजापुर ओमप्रकाश उपाध्याय, कार्यक्रम अधिकारी उत्तर मध्य क्षेत्र कृष्ण मोहन द्विवेदी व कार्यक्रम समन्वयक शैलेन्द्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफल संचालन राजेन्द्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी ने किया। शनिवार को उसी मंच पर सायं 06 बजे से आयोजित कजली उत्सव में अन्तर्राष्ट्रीय लोक गायिका उषा गुप्ता, प्रयागराज की लोकगायिका आश्रया द्विवेदी व मीरजापुर की कल्पना गुप्ता के द्वारा कजली गायन की प्रस्तुति की गई।

## हरिशंकरी वृक्ष तैयार करना अत्यंत पुण्य और परोपकारी कामः जनक कुमारी सिंह



सीतापुर। हरिशंकरी पौधे का पौराणिक और औषधीय महत्व है। यह बात कमलापुर के नवागांव पंचायत भवन में हरिशंकरी पौधे का रोपण करते समय प्रधान जनक कुमारी सिंह ने कही। उन्होंने कहा हरिशंकरी वृक्ष तैयार करना एक अत्यंत पुण्य व परोपकारी काम है हरिशंकरी के तीनों पौधे पीपल ,बरगद और पाकड़ औषधीय गुणों से युक्त हैं।

उन्होंने कहा इसको इस तरह से लगाते हैं कि तीनों पौधे विकसित होने पर एक तने के रूप में नजर आए। पुराणों में इस पौधे का उल्लेख है। यह पर्यावरण ही नहीं पौराणिक रूप से काफी अहम माना जाता है। जनक कुमारी सिंह ने कहा हरिशंकरी वृक्षो का अत्यंत महत्व है हरिशंकरी में तमाम पशु पक्षियों व जीव जंतुओं को आश्रय व खाने को फल मिलते हैं इस प्रकार से हरिशंकरी के रोपण से इन जीव जंतुओं का आशीर्वाद मिलता है इस पुण्य फल की बराबरी कोई भी नहीं कर सकता यह तीनों पौधे विष्णु ,शंकर व ब्रह्मा के स्वरूप हैं। पीपल का वृक्ष जहां 24 घंटे ऑक्सीजन देता है, वहीं बरगद व पाकड़ का पेड़ भी पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन देते हैं। इन सब के साथ-साथ यह हमारे लिए पूजनीय व औषध गुणों से युक्त हैं। जिसका लाभ समाज को मिल रहा है। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी मनजीत सिंह, दीपक सिंह, प्रधान जनक कुमारी सिंह, सचिव संदीप कुमार, रोजगार सेवक धीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान भगनू राजवंशी हरीकरन सिंह, गोपाल सिंह ,जगन्नाथ सिंह, रिया सिंह आदि मौजूद रहीं।

## कांग्रेस के लिए जातिगत जनगणना नीति निर्माण की बुनियादः राहुल गांधी

प्रयागराज। राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना की मांग को लेकर दबाव बनाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि देश के 90 प्रतिशत लोग व्यवस्था से बाहर हैं और उठाये जाने वाला यह कदम उनके लिए जरूरी है। गांधी ने यहां संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 90 प्रतिशत लोग व्यवस्था के बाहर बैठे हैं। उनके पास कौशल एवं ज्ञान तो हैं, लेकिन उनकी ऊपर तक पहुंच नहीं है, यही कारण है कि हमने जातिगत जनगणना की मांग उठायी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस के लिए जातिगत जनगणना नीति निर्माण की बुनियाद है।

## डीएम, एसपी ने स्थापित कंट्रोल रूम से पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा

सोनभद्र। उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत डीएम बी0 एन0 सिंह



एवं एसपी डा0 यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से आरक्षी नागरिक पुलिस के परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, नकलविहीन, शुचिता एवं निष्पक्षता से सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस लाईन चुर्क में स्थापित कंट्रोल रूम से पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिए, डीएम एवं एसपी ने संयुक्त रूप से जनपद के 6 विद्यालयों में बनाये गये पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा केंद्रों का बारी-बारी से स्थिति का जायजा लेते रहें। जनपद में आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा हेतु 06 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिनमें आदर्श इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज, राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज, श्री चंद्रगुप्त मौर्य इंटर कॉलेज मधुपुर, राजकीय महिला महाविद्यालय छपका, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लोढ़ी सोनभद्र सम्मिलित है ।समाचार-01

## बच्चों ने राधा-कृष्ण के आकर्षक रूप में मन मोहा



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व से पहले प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा कृष्ण बने नौनिहालों ने सभी का मन मोह लिया। भारी संख्या में राधा कृष्ण गोपियों व नटखट साथियों से पूरे विद्यालय परिसर में गोकुलधाम जैसा दृश्य नजर आया ।इसे देख लोग मुग्ध हुए । छात्र-छात्राओं ने भगवान श्री कृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई ।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन से संबंधित संगीत नृत्य व लघु नाटिका के कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म ,बाल लीला ,कालिया नाग मर्दन कंस वध, द्रोपदी चीर हरण तथा गीता के उपदेश आदि की बहुत सजीव झांकी प्रस्तुत की ।बालकृष्ण राधा रानी और गोप गोपियों के वेष में सुसज्जित उक्त विद्यालय के बच्चों ने अपने नृत्य व संगीत से आए हुए सभी अभिभावकों को भाव विभोर कर दिया। कक्षा एक की श्रेया गौतम को राधा वह इस कक्षा के छात्र श्री कृष्ण बने दिव्यांश द्वारा आकर्षक झांकी प्रस्तुत करने पर प्रथम पुरस्कार दिया गया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए पूरे विद्यालय में उत्सव का माहौल बना रहा। प्रधानाध्यापिका संयुक्ता सिंह ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बारे में बच्चों को जानकारी देते हुए विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र वितरित किया। श्री प्रकाश राय ,रीनू देवी आशा देवी सुषमा यादव शुभम पाल राजकुमारी देवी चिंता देवी चमेला देवी आदि अभिभावक उपस्थित रहे।

## बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर निकाली जन आक्रोश रैली



दुद्धी, सोनभद्र। बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो अत्याचार को लेकर शनिवार को दुद्धी में जन आक्रोश रैली निकाली गई। जन आक्रोश टाउन क्रिकेट क्लब मैदान से शुरू हुई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में हिन्दू संगठनों से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

रामलीला मैदान से नारेबाजी करते हुए तथा हाथों में तखतियाँ लेकर लोगों का हुजूम निकला जो बंगलादेश के खिलाफ जमकर भड़ास निकालते हुए तहसील तिराहा, संकट मोचन मंदिर होते हुए काली मंदिर से होते हुए तहसील परिसर स्थित श्री रामलीला मंच पर आकर पदाधिकारियों के सम्बोधन के बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम सम्बोधन ज्ञापन तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार यादव को सौंपा गया। महामहिम के नाम सम्बोधित ज्ञापन में महामहिम से बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो अत्याचार पर हस्तक्षेप करने की मांग की गई हैं। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद, जय बजरंग अखाड़ा समिति, भाजपा से जुड़े विभिन्न संगठन,व्यापार मंडल, श्री रामलीला कमेटी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित अन्य हिंदूवादी संगठन से जुड़े सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अनुसूचित जाति के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी पर केस दर्ज

बलिया। बलिया जिले के फेफना थाने की पुलिस ने भारत बंद के दौरान एक व्यक्ति द्वारा अनुसूचित जाति (एससी) के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक होने के बाद इस संबंध में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सदर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) श्याम कांत ने बताया कि इस मामले में आरोपी भीम सिंह उर्फ शक्ति के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम और आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) कानून की सुसंगत धाराओं के तहत फेफना पुलिस ने शुक्रवार को नामजद प्राथमिकी दर्ज की और मामले की जांच जारी है ।पुलिस के अनुसार, उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में उपवर्गीकरण को लेकर दिए गए हालिया फैसले के विरोध में गत 21 अगस्त को कुछ संगठनों ने भारत बंद का आह्वान किया गया था। बंद के दौरान फेफना थाना क्षेत्र के औंदी गांव निवासी भीम सिंह उर्फ शक्ति द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया मंचों इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर सार्वजनिक हो गया था। भीम सिंह के बयान के विरोध में बहुजन समाज पार्टी और भीम आर्मी के समर्थकों ने शुक्रवार को फेफना चौराहे पर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे सीओ श्यामकांत ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्वाई किए जाने का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। श्यामकांत ने शनिवार को बताया कि इस मामले में भीम सिंह के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उच्चतम न्यायालय ने एक अगस्त को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, ताकि उन जातियों को आरक्षण प्रदान किया जा सके जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं।

## दहेज हत्या के मामले में पति और सास को उम्रकैद

बरेली। जिले की एक अदालत ने दहेज के लिए एक नवविवाहिता की हत्या के आरोपी उसके पति और सास को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ 15-15 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) अनूप कोहारवाला ने शनिवार को बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश, चतुर्थ (एडीजे-4) अभय श्रीवास्तव ने शुक्रवार को दहेज हत्या में पति और सास को दोषी करार देते हुए उम्रकैद के साथ-साथ 15-15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, बरेली शहर के सीबीगंज थाना क्षेत्र के प्रमोद कुमार ने थाना फतेहगंज-पश्चिम में वर्ष 2021 में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में यह आरोप लगाया था कि वर्ष 2020 में उन्होंने अपनी बेटी प्रियंका उर्फ पिंकी की शादी फतेहगंज-पश्चिम के गांव चनेटा निवासी दर्शन सिंह के साथ की थी। प्रमोद ने यह भी आरोप लगाया था दर्शन सिंह और उसकी मां कमलेश दो लाख रुपये और फ्रिज की मांग को लेकर प्रियंका को प्रताड़ित करते थे। उन्होंने शिकायत में कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर छह फरवरी, 2021 को प्रियंका की हत्या कर दी गई थी ।एडीजीसी ने बताया कि प्रियंका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले पर रस्सी के निशान पाए गए। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाह पेश किए गए। अदालत ने सभी पक्षों को सुनने और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद पति दर्शन सिंह (29) और सास कमलेश देवी (63) को उम्रकैद व 15-15 हजार रुपये की जुर्माना की सजा सुनाई।

## ओबरा की खदानों पर एनजीटी सख्त,तलब की रिपोर्ट

जिला संवाददाता(vol)

ओबरा/सोनभद्र। हैवी ब्लास्टिंग से घरों की दरकती दीवारों, शिक्षण संस्थाओं पर मडराते खतरा और फराटिक लेवल की गहरी खदानों पर एन जी टी सख्त ऋतिशा गोड की याचिका पर मेसर्स राधे राधे समेत चार खदानों को जारी की नोटिस। इसकी जानकारी याची के अधिवक्ता अभिषेक चौबे ने दी।

याची के अधिवक्ता उच्च न्यायालय और एन जी टी में जनमुद्दों पर लगातार आवाज उठाने वाले अभिषेक चैबे ने बताया कि 2019 के एक मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के आबादी से निश्चित दूरी के बाद ही ब्लास्टिंग करने की अनुमति देता है परंतु बिल्ली मारकुंडी में इसका खुला उल्लंघन हो रहा है खदानें इतनी गहरी है खदानें वाटर लेवल के नीचे तक पानी निकाल कर खनन हो रहा है जिससे पूरा पर्यावरण का संतुलन ही बिगड़ जा रहा है पूरे मामले को साक्ष्य के साथ याची ऋतिशा की

**● पर्यावरण को संरक्षित किये बगैर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती**

याचिका में मामले को उठाया गया है जिसे एन जी टी ने स्वीकार कर सभी पक्षों से जवाब तलब किया है। अगली सुनवाई 21 नवंबर को होनी है ।मामले मे याची ऋतिशा ने बताया कि मिसर्स राधे-राधे इंटरप्राइजेज, मेसर्स कृष्णा माइनिग, साई बाबा स्टोन, कामख्या स्टोन की खदान पूर्ण रूप से मानक के विपरीत चल रही है और भूमिगत जल स्त्रोत से भी नीचे जा कर लगातार भारी मशीनों से पानी निकाल कर निष्प्रयोजन बहाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में वाटर लेवल नीचे जा रहा है एक दिन ऐसा होगा कि लोग पानी के लिए तरस जाएंगे। उन्होंने बताया कि खदानें आवासीय, सार्वजनिक स्थानों के बेहद नजदीक है जिसमें हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है घरों के दीवारें टूट रही हैं आईटीआई, डिग्री कॉलेज जहां बच्चे पढ़ते हैं कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्राकृतिक जल स्त्रोत के नाले जो सोन नदी की सहायक थी उसे बिल्कुल नष्ट कर दिया गया है। बगैर नदी को बचाएं जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है इसलिए पर्यावरण संतुलन और जीवन सुरक्षा के लिए यह संघर्ष जरूरी है अगली सुनवाई में और भी महत्वपूर्ण साक्ष पेश किया जाएगा।

## रक्षा अध्ययन की प्रायोगिक परीक्षा 27 को

अयोध्या। साकेत महाविद्यालय के बी.ए./बी.एस-सी. तृतीय वर्ष के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (सैन्य विज्ञान) विषय के समस्त विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 27 अगस्त, 2024 दिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे से साकेत महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग में आयोजित की जायेगी। रक्षा अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश वर्मा ने बताया कि उक्त प्रायोगिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए विद्याथीयों को प्रवेश-पत्र एवं प्रेक्टिकल फाइल लाना अनिवार्य है।

## 30 अक्टूबर को होगा प्रान्तीय कृत मेला दीपोत्सव का आयोजन

अयोध्या। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि 30 अक्टूबर 2024 को जनपद में प्रान्तीय कृत मेला दीपोत्सव-2024 का आयोजन हो रहा है। दीपोत्सव में गत वर्ष की भांति सामाजिक संगठन अपने स्तर से अपने-अपने प्रतिष्ठानों में झालर लाइटिंग करा रहे है। यह मेला दिनांक 30 अक्टूबर 2024 व 31 अक्टूबर 2024 को जनपद के सभी शासकीय कार्यालयों में लाइटिंग करा दी जाती है, तो अयोध्या धाम के साथ-साथ जनपद मुख्यालय के नगर क्षेत्र में भी एक अच्छा वातावरण बनेगा जिससे आम जनमानस में अच्छा संदेश जायेगा।

# ग्राम कटौंधी में मछली पालन प्रशिक्षण का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)



रेणुकूट/सोनभद्र। कृषि के बाद मछली पालन ग्रामीण परिवेश के लिए महत्वपूर्ण व्यवसायों में से एक है। गांव में यह व्यवसाय न केवल स्वरोजगार को बढ़ावा देता है साथ ही स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बहुत लाभदायक है। यदि मछली पालन सही तकनीक एवं प्रशिक्षण के साथ किया जाये तो यह बहुत आर्थिक रूप से काफी लाभदायक व्यवसाय है। गांव में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिण्डाल्को द्वारा सी.एस.आर. के माध्यम से संस्थान के मुखियाएन. नागेश के नेतृत्व एवं सी.एस.आर. प्रमुख अविजित के मार्गदर्शन में ग्राम कटौंधी में मछली पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में दुद्धी विकास खण्ड के ग्राम दिघुल, बघाड़ू, गुलालझरिया, झारोखुर्द, कटौंधी, कटौली, मझौली, करमदांड, झारोकला एवं अन्य गांव से लगभग 70 कृषक एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम कटौंधी से मछली पालन विशेषज्ञ धर्मेन्द्र ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों को ग्राम कटौंधी के मछली पालन क्षेत्र का भ्रमण कराया गया जहां पर प्रशिक्षक धर्मेन्द्र ने पाली जाने वाली विभिन्न मछलियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न मछलियों की प्रजातियों को दिखाते हुए उनकी पालन एवं देखभाल की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सजावटी मछलियों के पालन के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में वर्तमान मछली पालक कृषकों को भी आमंत्रित किया गया ताकि वे अपना अनुभव साझा कर नये लोगों को इस व्यवसाय से जुड़ने के लिए प्ररित कर सकें।

कार्यक्रम में उपस्थित हिण्डालको सी.एस.आर. के अधिकारी रमाकांत शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को इस व्यवसाय से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांव में स्वयं सहायता समूह एवं किसान क्लब सदस्य मछली पालन का व्यवसाय समूह बनाकर करें ताकि सभी समूह आपस में एक-दूसरे की सहायता करते हुए व्यवसाय लागत को कम कर अधिक से अधिक लाभ ले सकें। मछली पालन प्रषिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में दुद्धी ब्लाक के मुख्य समन्वयक हरीहर प्रसाद यादव, सहायक समन्वयक विश्वनाथ कुशवाहा, क्लस्टर समन्वयक लक्ष्मण प्रसाद एवं एस.एच.जी. समन्वयक गोविन्द लाल का सराहनीय योगदान रहा।

# दो दिवसीय विशेष अभियान 28 और 29 को

आजमगढ़। गोरखपुर के पोस्टमास्टर जनरल गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर 28 एवं 29 अगस्त को दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया जायेगा और जो लोग पिछले अभियान में योजना का लाभ उठाने से वंचित रह गए थे, उनको दुर्घटना बीमा कराने का अवसर प्रदान किया जायेगा। साथ ही साथ ऐसे बीमाधारक जिनकी एक साल की बीमा की अवधि पूर्ण हो चुकी है वह अपने दुर्घटना बीमा का नवीनीकरण भी करा सकते है।

मंहगें प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रीमियम के साथ लाभार्थी का क्रमशः 5, 10 और 15 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा करायेगा। इसके लिए इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है। इस अभियान में इस परिक्षेत्र के गोरखपुर, आजमगढ़, बस्ती, बहराइच, देवरिया एवं गोण्डा के मण्डल अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे सभी विभागीय डाकघर एवं शाखा डाकघर के कर्मचारियों एवं जीडीएस को सक्रिय कराकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करके जनसामान्य को बीमा का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करें ।प्रवर अधीक्षक डाकघर आजमगढ़ मण्डल अखिलेश कुमार ने बताया कि इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और विभिन्न बीमा कंपनियों के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों को यह निजी दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी। इसके तहत बीमा कवर में दुर्घटना से मृत्यु, स्थाई या आंशिक/पूर्ण अपंगता, अंग विच्छेद या पैरालाइज्ड होने पर क्रमशः 5, 10 और 15 लाख रुपए का कवर मिलेगा। साथ ही साथ इस बीमा में दुर्घटना होने की स्थिति में लाभार्थी को निम्न लाभ मिलेगा, जिसमें हॉस्पिटल में भर्ती, आई.पी.डी. खर्च, ओ.पी.डी. एवं दैनिक भुगतान की भी सुविधा मिलेगी। इस बीमा में डॉक्टर से पोषण संबंधी सलाह एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए परामर्श की भी सुविधा होगी। दो बच्चों की पढ़ाई के लिए रूपया एक लाख तक का खर्च, 10 दिन अस्पताल में रोजाना का एक हजार खर्च, किसी शहर में रह रहे परिवार हेतु ट्रांसपोर्ट का 25 हजार रुपए तक का खर्च एवं मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए 5 हजार तक का खर्च मिलेगा ।प्रवर अधीक्षक डाकघर आजमगढ़ मण्डल अखिलेश कुमार ने बताया कि इसके लिए इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है। प्रीमियम खाता मात्र 200 रुपए से खोला जा सकता है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ग्राहक का आधार नम्बर एवं मोबाईल नम्बर होना अनिवार्य है। प्रीमियम खाता में किसी भी प्रकार का डोर स्टेप चार्ज नहीं देना होगा तथा इसके साथ ही बिजली बिल भुगतान और कैशबैक भी प्राप्त किया जा सकता है। घर बैठे आई.पी.पी.बी. एप के माध्यम से सुकन्या, पी.पी.एफ., आर.डी., पी.एल.आई. आदि का आनलाइन जमा किया जा सकता है। आई.पी.पी.बी. प्रीमियम खाता खोलने पर आधार सीडिंग/डीबीटी मैपिंग की भी सुविधा उपलब्ध होगी, जिसके तहत खाता धारक भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं (किसान सम्मान निधि, विधवा पेंशन आदि) में मिलने वाले लाभ का भुगतान सरलता से अपने खाते के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। साथ ही साथ ए.ई.पी.एस. के माध्यम से कोई भी खाता धारक या भारत सरकार के योजनाओं का लाभार्थी घर बैठे 10 हजार तक की धनराशि नगदी के रूप में निकासी कर सकता है। इस दुर्घटना बीमा सुविधा में पंजीकरण के लिए लोग अपने इलाके के डाकिया या नजदीकी डाकघर में संपर्क कर सकते हैं।

संक्षेप

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

मिल्कीपुर-अयोध्या। शनिवार को कुमारगंज थानाक्षेत्र के दत्तीपुर गांव के 20 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर आम के पेड़ में गमछे के सहारे लटकता मिला। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को कुमारगंज थानाक्षेत्र के दत्तीपुर गांव निवासी 20 वर्षीय दलित युवक अशोक कुमार पुत्र नन्हकू का गमछे के सहारे घर के करीब तीन सौ मीटर दूर स्थित आम के पेड़ से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी विद्यालय जा रहे बच्चों द्वारा परिजनों को मिली जिसके बाद परिजनों ने घटना मो सूचना कुमारगंज पुलिस को दी।सूचना पर थाना प्रभारी कुमारगंज रतन सिंह दरोगा जितेंद्र यादव, भानु प्रताप शाही,सुरेंद्र प्रताप यादव,सिपाही राज कुमार, अनुज सचान के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का मौका मुआयना व पूंछताछ करते हुए शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज है।परिजनों की माने तो युवक को दौरा पड़ता था जिसके चलते वह परेशान रहता था।

# मुठभेड़ में वांछित अपराधी गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** लूट और छिनैती के मामलों में वांछित अपराधी इसराइल उर्फ बाबे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई पर उसके पैर में गोली लगी है। जिसके इलाज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शातिर अपराधी पर काबू पाने में

- **हैदरगंज और बीकापुर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में मिली सफलता**
- **वांछित अपराधी इसराइल उर्फ बाबे पर दर्ज हैं करीब दो दर्जन मुकदमे**

अयोध्या जिले के हैदरगंज और बीकापुर पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। क्योंकि लूट और छिनैती के मामलों पर नियंत्रण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर के आदेश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बीकापुर और हैदरगंज पुलिस बल ने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान इसराइल को घेर लिया। पुलिस को देखते ही इसराइल ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस कार्यालय के मुताबिक गिरफ्तार किए गया शातिर लुटेरा इसराइल पर विभिन्न थानों में 22 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसमें हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर एक्ट शामिल हैं। मुठभेड़ के बाद जब पुलिस ने हिरासत में लिया तो तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस, बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल, और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। वहीं इस कार्रवाई में हैदरगंज और बीकापुर थानों की पुलिस टीम ने मिलकर सफलता हासिल की है। वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम की सराहना की है।थाना हैदरगंज से विभिन्न स्थानों पर चेकिंग टीमें चेकिंग कर रही थी कि जाना बाजार बीकापुर मोड पर प्रभारी निरीक्षक हैदरगंज मय हमराही वहीं एसआई श्रीपति मौर्य अपनी टीम के कांस्टेबल विवेक मिश्रा, गौरव कुमार के साथ चेकिंग कर रहे थे कि समय 23.00 बजे प्रभारी निरीक्षक थाना बीकापुर लालचन्द सरोज ने हैदरगंज प्रभारी निरीक्षक मो. अरशद को फोन से सूचना दी कि एक संदिग्ध व्यक्ति बीकापुर क्षेत्र में दराबगंज में चेकिंग के दौरान रोके जाने पर तेजी से बीकापुर से जाना बाजार की ओर भागने लगा है। जिसका पीछा किया जा रहा है। इस संदिग्ध व्यक्ति की सूचना के अनुक्रम में थाना हैदरगंज के पुलिस बल प्रभारी निरीक्षक मय हमराही आरक्षी व एसआई श्रीपति मौर्य की टीम जाना बाजार से बीकापुर की ओर जाने वाले रास्ते पर गौरा पछियाना मोड़ से थोड़ा पहले रुककर घेराबन्दी कर आने वाले वाहनों की चेकिंग करने लगे। तभी समय लगभग 23.25 बजे एक संदिग्ध बड़ी रफ्तार से पलटूवीर पुल की ओर से आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रोकने का प्रयास किया गया। गौरा पछियाना मोड के पास इसकी बाइक फिसल गई। पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए गौरा पछियाना की ओर भागने का प्रयास किया।आत्मसुरक्षार्थ पुलिस बल ने चेतावनी देते हुए फायर किया। जिससे बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अपना नाम इसराइल उर्फ बाबे निवासी नन्दरौली कोतवाली बीकापुर जनपद अयोध्या बताया। जो बीकापुर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर नम्बर 106 निकला।

## नाव संचालन पर अग्रिम आदेशों तक जारी रहेगी रोक

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि जुलाई माह में सरयू नदी में कई श्रद्धालुओं के डूबने की घटना के कारण जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत नाव संचालन पर 3 अगस्त 2024 से रोक लगा दी गई थी। नाव संचालन पर रोक लगाने का निर्णय नया घाट अयोध्या पर रेजिडेंट मजिस्ट्रेट एवं जल पुलिस की उपस्थिति में समस्त नाविकों से चर्चा करने के उपरांत सर्व सहमति से लिया गया था।

साथ ही प्रतिवर्ष प्रांतीय कृत मेलों में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन एवं उनकी सुरक्षा के दृष्टिगत पूर्व के वर्षों में भी मेलों के समय नाव संचालन पर रोक लगाई जाती रही है। 19 अगस्त 2024 को श्रावण झूला मेला के समाप्त होने के बाद भी सरयू नदी का जलस्तर वर्तमान में 37 सेंटीमीटर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है जिसके कारण किसी अप्रिय घटना को रोकने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत नाव संचालन पर अभी भी रोक लगाई गई है।जैसे ही सरयू नदी का जलस्तर सामान्य होगा पुनः नाव संचालन हेतु अनुमति दी जाएगी।

## डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**बहराइच ।**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 हेतु 23 से 25 अगस्त व 30 एवं 31 अगस्त 2024 को दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन की प्रथम पाली की परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला सहित भ्रमणशील रहे जिले के अन्य अधिकारी। डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज व पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज बहराइच का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का लिया जायजा। उल्लेखनीय है कि प्रथम पाली की परीक्षा में 1337 तथा द्वितीय पाली की परीक्षा में 1255 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# नजूल भूमि पर कब्जा कर सरकार को चुनौती दे रहे भू माफिया

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** सरकारी, जीएस व नजूल जैसी भूमि पर निर्माण को लेकर सूबे की योगी सरकार सीधे बुलडोजर चला रही है फिर भी भू माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। आश्चर्य तो यह भाजपा जिला कार्यालय के बगल सिविल लाइन जैसी एरिया में नजूल भूमि पर बहु मंजिला बनाने की कवायद चल रही है।शनिवार को जैसी ही जेसीबी से बेसमेंट के लिए भूमि समतल करने मशीन उतरी तभी अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम की टीम आ धमकी। टीम को देखते ही जेसीबी चालक मशीन लेकर भाग निकला।टीम ने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्माण कार्य ठप करा दिया।कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।बताते चलें कि नगर के सिविल लाइन स्थित भूसा मंडी के बगल नजूल की जमीन पर कुछ भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया है। सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय के पास अवैध कब्जा कर बेसमेंट तैयार कराया जा रहा है जिस पर शनिवार को एडीए और नगर निगम की टीम पहुंचीं।बताया जा रहा कि 2023 में कुछ भूमाफिया ने कथित रूप से खाली भूमि एवं कुछ भवनों का बैनामा कराया था। इसके बाद कथित तौर पर भूमि का फ्री होल्ड करा लिया है। आश्चर्यजनक तथ्य यह कि वर्ष 2017 से नजूल की जमीनों का फ्री होल्ड पर प्रदेश की योगी सरकार ने रोक लगा दी है। फिर भी भूमि पर निर्माण शुरू है। बेसमेंट बनाने के चक्कर में ठेकेदार ने उसी जमीन पर लगे दो बिजली के खम्बे गायब कर दिए।किन्तु बिजली विभाग की ओर से अब तक ठेकेदारों के खिलाफ कोई एफआईआर नहीं दर्ज कराई गई।इसी प्रकार नगर निगम की ओर से लगाया गया इंडिया मार्क टू हैंडपम्प भी बोरिंग सहित उखाड़ कर फेंक दिया गया।इस मामले में भी अब तक दबंग ठेकेदार के खिलाफ कोई कारवाई नहीं हुई। बेसमेंट बनाने के चक्कर मे जलकल की ओर से पेयजल सप्लाई के लिए दी गई पाइप लाइन भी ध्वस्त कर दी गई है। बेसमेंट के लिए की गई खुदाई से चारों ओर बनी खड़ंजा सड़क के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।किसी भी समय किसी अनहोनी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। नियम कानून को ताक पर रख कर अवैधनिर्माण कराया जा रहा है। इस बारे में जिला खनन अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई कि जाएगी।

- **एडीए और नगर निगम की टीम ने ठेकेदार को निर्माण करने पर दी कार्रवाई की चेतावनी**
- **बेसमेंट निर्माण में लगी जेसीबी टीम के पहुंचते ही ड्राइवर लेकर भागा**
- **इंडिया मार्का हैंड पम्प व बिजली के दो खम्भे भी उखाड़ कर गायब कर दिया पर एफआईआर नहीं**



**1994 के पहले के गायब हैं नजूल के सारे रिकॉर्ड, पट्टे की जमीन पर बैनामा कैसे**

अयोध्या की बेस कीमती सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं की नजर है। वहीं जिला अधिकारी चंद्र विजय सिंह द्वारा मामले में एक्शन की तैयारी भी। क्योंकि नगर के सिविल लाइन स्थित भूसा मंडी इलाके में नजूल की जमीनो पर कब्जा हो रहा है।सूत्रों का कहना है कि कब्जे के खेल में नजूल विभाग में मौजूद एक कर्मी भी शामिल है। सूत्रों का यहाँ तक कहना है कि अयोध्या विकास प्राधिकरण में काफी समय से डटे अधिकारियों की भू माफियाओं से साठ गांठ है। क्योंकि पटटे की जमीन का बैनामा कैसे हो सकता है। यही कारण है कि नगर निगम का हैंड पंप, बिजली विभाग का खम्भा गायब कर दिया गया।

## 28 को सेवायोजन कार्यालय पर आयोजित होगा रोजगार मेला

**बहराइच ।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच में 28 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के 02 प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु प्रतिभाग किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में यंग इण्डिया द्वारा एस.आर. के 40 पदों पर 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रू. 12,500=00 तथा ब्राइट फयूचर हर्बल, आयुवैर्दिक प्रा.लि. द्वारा फील्ड आफिसर एवं ब्लाक आफिसर के 45 पदों पर 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रू. 15,500=00 देय होगा। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा।जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों को अपने साथ बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनका एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 28 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर, बहराइच में उपस्थित होना होगा।

## नवागत मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रहण किया पदभार




**बहराइच ।** नवागत मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने पूर्वान्ह में मुख्यालय पहुँचकर पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व श्री चन्द्र उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड लखनऊ में संयुक्त प्रबन्ध निदेशक के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2018 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी श्री चन्द्र ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी से शिष्टाचार भेंट। इसके उपरान्त विकास भवन स्थित अपने कक्ष में विकास से सम्बन्धित अधिकारियों से भेंट कर जिले में संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## जल्द ही हटेगी सरयू में नौका संचालन पर रोक: वेद गुप्ता

**अयोध्या।** नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने आज सर्किट हाउस में सैकड़ो नौका विहार कराने वाले निषाद समुदाय के लोगों से मुलाकात की। उनके द्वारा सरयू नदी की धारा में नौका संचालन पर प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की जानकारी प्राप्त की गई। विधायक अयोध्या ने बताया कि गत दिनों एक दुर्घटना घट जाने से और सरयू नदी का जलस्तर काफी बढ़ा होने की वजह से प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से सरयू नदी में नौका संचालन पर रोक लगा दी गई।

परंतु यह जो सैकड़ो निषाद समाज के लोग यहां पर मौजूद है इनका नौका संचालन का व्यवसाय ही इनके जीवोंपार्जन का रास्ता है काफी परिवार भुखमरी की कगार पर आ गए हैं, इसलिए मैं इस मुद्दे को प्राथमिकता पर रखते हुए जिलाधिकारी से मुलाकात करूंगा।

# सदस्यता महाअभियान को लेकर भाजपा ने आयोजित की कार्यशाला

**अयोध्या।** भाजपा प्रदेश स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने जा रही है। अभियान दो चरणों मे आयोजित किया जाएगा।जिसमें प्रथम चरण एक से 25 सितम्बर व द्वितीय चरण का आयोजन एक से 15 अक्टूबर तक होगा।सक्रिय सदस्यता घोषणा 16 से 31 अक्टूबर व एक से 10 नवम्बर तक प्राथमिक व सक्रिय सदस्यता रजिस्टर तैयार किया जाएगा।सदस्यता अभियान को लेकर सहादतगंज कार्यालय में महानगर तथा जिला के कार्यकताओं की अलग-अलग कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा कार्यकताओं को सदस्यता अभियान के बारे में बताया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सदस्ता डिजिटल माध्यम से होगी, आफ लाइन माध्यम से प्रदेश द्वारा तय प्रारुप को भरकर कोई भी सदस्य बन सकता है। साधारण सदस्य बनने के लिए 18 वर्ष से अधिक की आयु, भारतीय नागरिक व भाजपा के संकल्प, मूल दर्शन तथा निष्ठाओं को स्वीकर करने वाला होना चाहिए। सक्रिय सदस्य के लिए विस्तृत फार्म भरने के साथ नमो एप पर 100 रुपये सदस्यता शुल्क जमा करना है।उन्होंने कहा कि सदस्यता ही पार्टी की आत्मा है। अभियान चलाकर कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता दिलाएं।क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि महाजनसम्पर्क अभियान के दौरान घरो में जाकर पार्टी की विचारधारा व सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करनी है।परिवार के सदस्यों को मिस्ड काल द्वारा सदस्य बनाना है।29 सितम्बर व 27 अक्टूबर को मन की बात कार्यक्रम को सदस्यता पर्व से जोड़कर सदस्य बनाना है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा अभियान के तहत भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को सदस्ता के लिए लक्ष्य दिया गया है। जिसमें प्रदेश पदाधिकारी को पांच हजार, विधायक को दस हजार, जिला पंचायत अध्यक्ष को पन्द्रह हजार, महापौर को बीस हजार, जिला पदाधिकारी को एक हजार सदस्य बनाना है।जिला की कार्यशाला में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि 11 से 17 सितम्बर के बीच महाजनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा।11 सितम्बर को राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के नेता घर घर सम्पर्क करेंगे।12 सितम्बर को प्रदेश के प्रमुख नेता, विधायक व मोर्चा द्वारा घर घर सम्पर्क किया जाएगा। 11 से 17 सितम्बर को सभी कार्यकर्ता बूथ स्तरीय सम्पर्क करेंगे। महानगर की कार्यशाला में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री मणींद्र पांडे, डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी हर्षवर्धन सिंह, सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, अभिषेक मिश्रा, डॉ. राकेश मणि त्रिपाठी जिला कार्यशाला में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, जिपंअ रोली सिंह, विधायक रामचन्दर यादव, अमित सिंह चैहान, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पाण्डेय सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## जनपद में हज यात्रा 2025 के लिए स्थापित किये गये सुविधा केंद्र

**बहराइच ।**जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि शासन द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद में हज-2025 का प्रसार-प्रचार किये जाने के उद्देश्य से ई-सुविधा केन्द्र/हज फैसिलीटेशन सेन्टर स्थापित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। फैसिलीटेशन सेन्टर स्थापना की अन्तिम तिथि 09 सितम्बर, 2024 है।

जनपद में 08 हज ई-सुविधा केन्द्र/हज फैसिलीटेशन सेन्टर स्थापित कर नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं।उन्होनें बताया कि मदरसा अलमरकजुल इस्लाम दारूल फिक्र, दरगाह रोड, बहराइच के नोडल, शहाबुद्दीन, मो. नं 9838394369, मदरसा दारूल उलूम मसूदिया मिस्बाहिया सलारगंज, मो0 आरिफ, 9450258551, मदरसा जामिया अशरफिया मसूदुल उलूम, छोटी तकिया, शमीम आलम, 9721263085, मदरसा अशरफिया कादरिया मोईनुल उलूम, माधौपुर फखरपुर, मो0 हसीब रिजवी, 9450394535, मदरसा अजीजुल उलूम, नानपारा, मो0 रफीक 9450751474, मदरसा दारूल उलूम अशरफिया हशमतुर्रजा, महराजगंज, महसी, मो0 वकील, 9670199331, मदरसा उस्मानिया इस्लामिक स्कूल, कैसरगंज, रईस अहमद, 9839954080, मदरसा सैय्यद गौसुल उलूम, मौजा-दरहेटा फखरपुर, कारी मो0 क्यासुल वारिस, 9450111314 को नोडल अधिकारी नामित किया गया हैं।हज यात्रा 2025 पर जाने वाले इच्छुक व्यक्तियों हेतु नामित मदरसो से ऑनलाइन आवेदन व प्रपत्रों को उ.प्र. राज्य हज समिति, लखनऊ को अपलोड कराये जाने की सुविधा प्रदान की जायेगी।

# अयोध्या में पांच वर्ष में रोजगार से जोड़े गये 12,919 युवा

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।**प्रदेश की योगी सरकार की ओर से बेरोजगार युवाओं को रोजी रोजगार से जोड़ने के लिए सेवा योजन विभाग की ओर से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।इन मेलों के जरिए बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने में काफी लाभदायक साबित हो रहे है। अयोध्या जिले के सेवायोजन विभाग ने पांच वर्ष में लगभग 12,919 युवाओं को रोजगार से जोड़ कर उनकी बेरोजगारी को दूर किया है।

अयोध्या में वैसे तो राममंदिर निर्माण के बाद से अब तक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिला है।किन्तु बेरोजगारों को रोजी रोटी देने की दिशा में सेवा योजन विभाग की एक विशेष भूमिका रही है।बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने के लिए अयोध्या का सेवायोजन विभाग काफी अग्रणी रहा है।सेवा योजन विभाग ने अपनी सार्थकता को सिद्ध करते हुए बीते पांच वर्षों ( वर्तमान सत्र ) को लेते हुए अब तक 12,919 बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ा है। सेवा योजन विभाग की ओर से बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए पांच वर्ष से लगातार रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम मे वर्ष 2017-18 मे 15 रोजगार मेले आयोजित किए गए। जिसमें 1213 युवाओं को रोजगार मुहैया कराया गया।इसी प्रकार वर्ष 2019-20 मे 18 रोजगार मेले लगाए गए।

- **बेरोजगारी दूर करने की दिशा मे योगी सरकार के बढ़ते कदम**

जिसमे 3664 युवाओं को, वर्ष 21-22 मे 17 रोजगार मेले का आयोजन कर 2798 युवाओं को रोजगार दिया गया, व वर्ष 2023-24 मे अब तक कुल छह मेले आयोजित कर 2198 रोजगार मेले का आयोजन कर 2198 युवाओं को रोजगार दिया गया है।जिला सेवा योजन अधिकारी ने बताया कि प्राइवेट सेक्टर की 181 कम्पनियों ने विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की।वैसे सेवा योजन विभाग की ओर इस सत्र मे 46 रोजगार मेले का आयोजन करेगा। अब तक कुल छह रोजगार मेले ही आयोजित किए गए है।सेवा योजन काफी तेजी से युवाओं को नौकरी दे रहा है।जनपद में अबतक आईटीआई अयोध्या, झुनझुनवाला कालेज ब्लाक मसौधा, ब्लाक मिल्कीपुर, डॉ राम मनोहर लोहिया कालेज, परमहंस डिग्री कालेज, रामपुर सर्धा, अवध विद्यालय सहित कई अन्य स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में कई कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें प्रमुख क्षेत्र विनिर्माण, इंजीनियरिंग, टेलीकॉम, स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, आईटी आदि व प्रमुख कंपनियां-इंस्टा ह्यूमन मैनेजमेंट प्रा. लिमिटेड, सुजलॉन एनर्जी, टम्बल ड्राई सोल। प्रा. लिमिटेड, कैरियर ब्रिज, रीचा आईबीएम आदि कंपनियां हैं।

# हिन्दू महासभा त्रिदंडी का राष्ट्रीय और प्रांतीय अधिवेशन आज

**अयोध्या।** अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी का राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय अधिवेशन कल 25 अगस्त को यहां अम्बर पैलेस, तारा पैलेस कालोनी, निकट आकाशवाणी में आयोजित किया जा रहा है।इस अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिये देशभर से पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं का पहुंचना शुरू हो गया है।आज यहां प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि राम नगरी में हो रहे इस अधिवेश में जिसको राशन उसको आरक्षण सहित मथुरा, काशी, लक्ष्मण टीला समेत बांग्लादेष में हिन्दुओं पर हुये हमलों सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा होने की उम्मीद है।




इसके अलावा मथुरा, काशी, लक्ष्मण टीला समेत बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हुये हमलों के मुद्दों के अलावा पार्टी के संगठनात्मक ढांचे की मजबूती को लेकर अधिवेशन में चर्चा की जायेगी और संगठन की भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा और विभिन्न धार्मिक मुद्दों पर एक साझा दृष्टिकोण तैयार किया जाएगा।श्री त्रिवेदी ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुये कहा कि राम मन्दिर निर्माण के बाद अयोध्या में हो रहे अधिवेशन में संगठन के भावी रणनीतियों खासकर वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ उतरने पर चर्चा होगी। हालांकि चुनाव आयोग की तकनीकी कारणों को हिन्दू महासभा की नीतियों के साथ चुनाव लड ? वाले प्रत्याशियों चुनावी मैदान में उतारने के लिये अखण्ड आर्यावर्त आर्य महासभा राजनैतिक दल को तैयार किया गया है, जिसकी विधिवत घोषणा कल अधिवेशन के दौरान की जायेगी।पत्रकार वार्ता के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितिन उपाध्याय प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बजरंग सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष राम तिवारी प्रदेश प्रवक्ता दिवाकर विक्रम सिंह प्रदेश मंत्री राकेश दत्त मिश्रा, महिला महामंत्री आरती यादव प्रदीप सोनी भावना ठाकुर, प्रमोद त्रिवेदी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

बहराइच 24 अगस्त।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार 14 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है।यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।

सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद ( चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित ), वैवाहिक वादों ( तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर ), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों ( किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि ), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने बताया है कि 11,12 एवं 13 सितम्बर 2024 को कोई भी व्यक्ति जिसका आपराधिक वाद लम्बित हो, तो वह सम्बन्धित न्यायालय में समय से आकर प्रार्थना पत्र देकर अपने आपराधिक वाद निस्तारण कराते हुए इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठा सकते है।




## संक्षेप

### संधू संयुक्त छठे व जोशी संयुक्त 14वें स्थान पर

जकार्ता। भारतीय गोल्फर युवराज संधू और खालिन जोशी यहां बीएनआइ सिपुत्रा गोल्फप्रेन्यूर टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन से शीर्ष 15 में शामिल रहे। संधू (68-72-65-70) ने अंतिम तीन होल में बर्डी लगायी जिससे वह संयुक्त छठे स्थान पर रहे। वहीं जोशी दूसरे से पांचवें होल में पांच शॉट ड्राप कर बैठे, उन्होंने 12वें से 18वें होल के बीच पांच बर्डी लगाकर 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 14वें स्थान पर रहे। राहिल गगंजी (69-70-73-69) और सुनहित बिश्नोई (72-70-70-69) संयुक्त 28वें जबकि अमन राज (71-71-73-74) संयुक्त 50वें स्थान पर रहे।

### पुरानी दिल्ली 6- नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को हराया

नयी दिल्ली। बल्ले और गेंद से सामूहिक प्रयास से पुरानी दिल्ली 6 ने शनिवार को यहां दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी20 के बारिश से बाधित मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को छह विकेट से हराया। बारिश के कारण इस मैच को 18-18 ओवर कर दिया गया। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की पारी की शुरुआत खराब रही, लेकिन सार्थक रंजन (40 गेंद में 56 रन) और प्रणव राजवंशी (35 गेंद में 41 रन) की पांचवें विकेट के लिए 54 गेंदों पर 73 रनों की साझेदारी कर टीम को सात विकेट पर 130 रन तक पहुंचने में मदद की केशव दलाल (36 गेंद में 59) के अर्धशतक की मदद से पुरानी दिल्ली 6 ने आसानी से लक्ष्य का पीछा करते हुए टूर्नामेंट की अपनी दूसरी जीत दर्ज की और आसानी से लक्ष्य का पीछा किया। दलाल को कप्तान ललित यादव का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 31 गेंद की नाबाद पारी में 44 रन का योगदान दिया।

### सारा व विशाल ने पिकलबॉल चैम्पियनशिप जीता

मुंबई। आस्ट्रेलिया की शीर्ष रैंकिंग की महिला खिलाड़ी सारा बर ने विशाल मसंद के साथ मिलकर यहां मॉनसून पिकलबॉल चैम्पियनशिप 2.0 का मिश्रित युगल ओपन खिताब जीता। फाइनल कड़ी टक्कर वाला मुकाबला रहा जिसमें ईशा लखानी और जेसन टेलर ने दबदबा बनाया लेकिन अनुभवी खिलाड़ी सारा शुक्रवार रात को नतीजे में निर्णायक रहीं जिन्होंने 2-0 से जीत दर्ज की। चैम्पियनशिप के चौथे दिन छह वर्गों में विजेता रहे।

### भारतीय निशानेबाजी दल पेरिस रवाना

नयी दिल्ली। पिस्टल निशानेबाज मनीष नरवाल ने आगामी पेरिस खेलों में भारतीय निशानेबाजी दल के तोक्यो पैरालंपिक में पदक तालिका को पार करने पर भरोसा जताते हुए शनिवार को कहा कि कड़े अभ्यास के बाद टीम अच्छी स्थिति में है। राइफल निशानेबाज अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल और नरवाल सहित 10 सदस्यीय निशानेबाजी दल 30 अगस्त से पेरिस के पास शेटराउ में आयोजित होने वाले निशानेबाजी स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेगी। भारत ने तोक्यो पैरालंपिक में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। तोक्यो में 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में स्वर्ण पदक जीतने वाले नरवाल ने शनिवार को टीम के रवाना होने से पहले कहा, हमारी तैयारियां अच्छी हैं और हम पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। हमारा लक्ष्य अपने पिछले प्रदर्शन को पार करना और अधिक पदक घर लाना है।

### भारत को पहली बार सर्फिंग का कोटा

माले (मालदीव)। भारतीय सर्फिंग टीम ने यहां चल रही एशियाई सर्फिंग चैम्पियनशिप के जरिये जापान के एची नागोया में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए पहली बार कोटा हासिल किया जिसमें एक पुरुष और एक महिला सर्फर शामिल होंगी। एशियाई सर्फिंग चैम्पियनशिप में भारत के सर्फरों द्वारा हासिल किये गये कुल रैंकिंग अंक के आधार पर देश को कोटा प्रदान किया गया। एशियाई खेलों में दोनों वर्गों में कौन खिलाड़ी हिस्सा लेगा इसका फैसला भारतीय सर्फिंग महासंघ द्वारा बाद में लिया जायेगा।

# शिखर धवन ने की संन्यास की घोषणा

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। दो साल पहले देश के लिए अपना अंतिम मैच खेलने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि वह तीनों प्रारूपों में देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद एक संतुष्ट इंसान के तौर पर इस खेल को अलविदा कह रहे हैं। इस 38 साल के खिलाड़ी ने 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में एकदिवसीय मैच के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को शुरू किया था। उन्होंने देश के लिए अपना आखिरी मैच 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला।

धवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं अपनी क्रिकेट यात्रा का यह अध्याय समाप्त कर रहा हूं लेकिन मेरे साथ अनगिनत यादें हैं और मैं बहुत आभारी हूं। प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद। उन्होंने इस पोस्ट के जारी वीडियो में कहा, नमस्कार सभी को, आज मैं एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं जहां से पीछे देखने पर सिर्फ यादें ही नजर आती हैं और आगे देखने पर पूरी दुनिया। मेरी हमेशा से सिर्फ एक ही मंजिल थी भारत के लिए खेलना और वो हुआ भी जिसके लिए मैं कई लोगों का शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा, वो कहते हैं ना कहानी में आगे बढ़ने के लिए पन्ने पलटना जरूरी है, बस मैं भी ऐसा ही करने जा रहा हूं। मैं अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। और अब जब मैं अपनी क्रिकेट यात्रा को अलविदा कर रहा हूं तो मेरे दिल में सुकून है कि मैं अपने देश के लिए बहुत खेला। धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 मैच खेले हैं। धवन का क्रिकेट सोनेट क्लब में परवान चढ़ा और पश्चिम दिल्ली के इस खिलाड़ी को मैदान पर हर परिस्थिति में संघर्ष करने वाले क्रिकेट के तौर पर जाना जाता है। धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय में भाग लिया, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में खराब फॉर्म और यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल जैसी युवा सलामी बल्लेबाजों के उभरने के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 44.11 की औसत से 6,793 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 40.61 की औसत और सात शतक की मदद से 2,315 रन बनाए। धवन ने कहा, मैं बहुत शुक्रगुजार हूं, बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और डीडीसीए (दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ) का, जिन्होंने मुझे मौका दिया और सारे फैन्स का जिन्होंने मुझे इतना सारा प्यार दिया। उन्होंने कहा, मैं खुद से यही बात कहता हूं कि तू इस बात से दुखी मत हो कि तू अपने देश के लिए फिर नहीं खेलेगा, पर इस बात की खुशी अपने पास रख कि तू देश के लिए खेला और यही मेरे लिए सबसे बड़ी बात है। दिल्ली में जन्में इस बल्लेबाज ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की यादगार शुरुआत नहीं की और दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए थे। धवन ने शुरुआती संघर्षों के बाद, 2013 में भारतीय टीम में वापसी की और इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के विजयी अभियान में प्लेयर-ऑफ-द-टूर्नामेंट बनने सहित कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ तीनों प्रारूपों की टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। उनके शानदार करियर का एक मुख्य आकर्षण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट पदार्पण पर मोहाली में खेली गयी 185 रन की शानदार पारी थी, जिसमें उन्होंने केवल 85 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। धवन हालांकि अपने पहले टेस्ट मैच में गेंद का सामना करने से पहले ही आउट हो सकते थे। भारत की पारी की पहली गेंद मिचेल स्टार्क के हाथ से छूटकर स्टंप पर गिर गई और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर वह क्रीज से बाहर थे।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने अपील नहीं की और धवन ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए टेस्ट पदार्पण में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया। अपने खेल के चरम पर, दिल्ली का यह धाकड़ खिलाड़ी अपने स्ट्रोक की विविधता और ताकतवर शॉट के लिए जाना जाता था। धवन उन लोगों को धन्यवाद देना नहीं भूले जिन्होंने भारतीय बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर रोहित शर्मा के साथ बेहतरीन साझेदारी करके उन्हें महान खिलाड़ी बनने में मदद की। उन्होंने कहा, मेरे मन में हमेशा एक लक्ष्य था कि भारत के लिए खेलना और मैंने इसे कई लोगों की बदौलत हासिल किया। सबसे पहले मेरे परिवार, मेरे बचपन के कोच तारक सिन्हा और मदन शर्मा, उनके मार्गदर्शन में मैंने क्रिकेट सीखा। उन्होंने कहा, फिर मेरी पूरी टीम, जिसके साथ मैंने वर्षों तक खेला, इस दौरान मुझे एक और परिवार, प्रसिद्धि और सभी का प्यार और समर्थन मिला। धवन आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने इस लीग में 222 मैचों में 6769 रन बनाये। इसमें दो शतक और 51 अर्धशतक शामिल हैं।

# एशिया चैम्पियनशिप : तनवी अंडर-15 एकल फाइनल में

नयी दिल्ली। भारत की शीर्ष जूनियर शटलर तनवी पत्री ने शनिवार को चीन के चेंगदू में बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 लड़कियों के एकल वर्ग में थाईलैंड की कुंगकेव काकानिक पर शानदार जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

शीर्ष वरीयता प्राप्त तनवी को शुरुआती गेम में कड़ी टक्कर मिली लेकिन उन्होंने दूसरे गेम में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया और 31 मिनट में 21-19, 21-10 से जीत दर्ज की। फाइनल में उनका मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त वियतनाम की गुयेन थी थू हुइगेन से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में चीन की लियू यू टोंग को 21-18, 17-21, 21-19 से हराया। इससे पहले सामिया इमाद फारूकी ने 2017 में अंडर-15 लड़कियों के एकल वर्ग का खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और तस्नीम मीर 2019 में उसी वर्ग में विजयी रही थीं। लड़कों के अंडर-17 वर्ग में हालांकि जी दत्तू को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया का रादिथ्या बायु वर्धन से हार का सामना करना पड़ा। वह कांस्य पदक के साथ देश लौटेंगे। इंडोनेशिया के खिलाड़ी ने पहले गेम को गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 9-21, 21-13, 21-13 से जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट पक्का किया।



**क्रिकेट मैदान पर गिरने से बदली पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम के जीवन की दिशा**

नयी दिल्ली। पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम 10 साल की उम्र में क्रिकेट के मैदान पर गिर गए थे जिससे उन्हें घुटने की गंभीर चोट लगी और कई सर्जरी के बावजूद इस चोट ने उन्हें दिव्यांग बना दिया। इस कारण वह लगभग एक दशक तक खेलों से दूर रहे लेकिन इससे उनके जीवन की दिशा बदल गई। दो दशक से भी ज्यादा समय बाद मैकेनिकल इंजीनियर से पैरा शटलर बने सुकांत कदम पेरिस पैरालंपिक में अपना पदार्पण करने के लिए तैयार हैं और भारत के लिए पदक जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। खड़े होने में दिक्कत और कम गतिशीलता संबंधी विकलांगता वाले खिलाड़ी एसएल4 श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हैं।

# नोसाका और सुन मॉन्टेरी ओपन फाइनल में



एजेंसी

मॉन्टेरी (मैक्सिको)। चेक गणराज्य की छठी वरीय लिंडा नोस्कोवा ने शुक्रवार रात अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 7-6 (7), 7-5 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अब 19 वर्षीय नोस्कोवा का सामना न्यूजीलैंड की लुलु सन से होगा। दोनों खिलाड़ी अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगी। सुन ने पहले सेमीफाइनल में रूस की इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को 7-5, 3-6, 7-6 (6) से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनायी। पिछले हफ्ते सुन ने सिनसिनाटी ओपन में नोस्कोवा को राउंड 64 में 6-4, 7-6 (4) से पराजित किया था।

**ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत महिला ए टीम हार के कगार पर**

गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम की स्पिनरों ने अनौपचारिक टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां भारत की दूसरी पारी में शिकंजा कस दिया जिससे टीम पर हार का खतरा मंडरा रहा है। जीत के लिए 289 रन का पीछा करते हुए भारत ने महज 149 रन तक छह विकेट गंवा दिये है। चार्ली नॉट (27 रन पर दो विकेट), ग्रेस पार्सन्स (27 रन देकर दो विकेट) और लिली मिल्स (15 रन पर एक विकेट) ने तिकड़ी ने 21 ओवर में 42 रन के अंदर पांच विकेट चटकाकर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। स्टंप्स के समय रघवी बिष्ट (नाबाद 16) के साथ उमा छेत्री (नाबाद 10) क्रीज पर मौजूद थी। भारत ए को जीत के लिए अब भी 140 रन की जरूरत है और उसके चार विकेट बचे हुए हैं। इससे पहले मैडी डार्के के नाबाद 105 रन बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में खराब शुरुआत से उबरते हुए 260 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया ए ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 164 रन पर की। डार्के ने एक छोर संभालते हुए पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। इस दौरान उन्हें ग्रेस पियरसन (35) के साथ नौवें विकेट के लिए 75 रन की शानदार साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रिया पूनिया और श्वेता सेहरावत ने शुरुआती विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की जिसे ऑस्ट्रेलिया की कप्तान ने श्वेता को पगबाधा कर तोड़ा। इसके बाद पूनिया और शुभा सतीश (45) ने 52 रन जोड़े लेकिन ऑफ स्पिनर लिली ने जॉर्जिया वोल के साथ कवर में कैच लेकर इस सलामी बल्लेबाज को वापस भेज दिया। इसके बाद लेग स्पिनर पार्सन्स ने तेजल हसबनिस (6) को आउट किया जबकि तेज गेंदबाज टेस फ्लिंटॉफ ने शुभा सतीश को पवेलियन की राह दिखायी। भारत ए की कप्तान मीन मणि पांचवें विकेट रूप में आउट हुई उस समय टीम का स्कोर 57वें ओवर में 130 रन था। इसके बाद पार्सन्स ने सजीवन सजना को आउट कर टीम को छठा झटका दिया।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान पर बनायी बड़ी बढ़त

एजेंसी



रावलपिंडी। मुशफिकुर रहीम ने 191 रन की शानदार पारी खेलने के साथ ही मेहदी हसन मिराज (77) के साथ सातवें विकेट के लिए 196 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की जिससे बांग्लादेश ने शनिवार को यहां पहले टेस्ट में पाकिस्तान के तेज आक्रमण को कुंद करते हुए चौथे दिन अपनी पहली पारी में 565 रन बनाये। मुशफिकुर ने अपनी साढ़े आठ घंटे से अधिक की मैराथन पारी के दौरान 341 गेंद में एक छक्का और 22 चौके जड़कर बांग्लादेश को पहली पारी में 117 रन की बड़ी बढ़त दिलायी।

यह बांग्लादेश का घर से बाहर तीसरा सबसे बड़ा स्कोर था। उसके बल्लेबाजों ने घास वाली पिच पर चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने की पाकिस्तान की योजना को विफल कर दिया। पिच बल्लेबाजी के लिए आसान दिख रही है। अपनी पहली पारी छह विकेट पर 448 रन पर घोषित करने वाले पाकिस्तान ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज सैम अयूब का विकेट जल्दी खो दिया और स्टंप्स के समय उसका स्कोर एक विकेट पर 24 रन था। टीम अब भी बांग्लादेश से 94 रन पीछे है। अब्दुल्ला शफीक 12 रन जबकि कप्तान शान मसूद नौ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। मुशफिकुर ने टेस्ट करियर की अपनी 11वीं शतकीय पारी के दौरान मैदान की हर दिशा में शॉट लगाये। उनकी मैराथन पारी दिन के अंतिम सत्र में समाप्त हुई जब उन्होंने खुर्म शहजाद की गेंद पर स्क्वायर कट के प्रयास में विकेट के पीछे कैच दे दिया। उन्होंने आठवें क्रम के बल्लेबाज मेहदी के साथ 196 रन की साझेदारी के दौरान पाकिस्तान के चारों तेज गेंदबाजों को गर्मी और नमी वाली परिस्थितियों में कड़ी मेहनत करने पर मजबूर कर दिया। यह पाकिस्तान के खिलाफ किसी टेस्ट में सातवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी थी। इससे पहले यह रिकॉर्ड रिचर्ड हेडली और वॉरेन लीज के नाम था। न्यूजीलैंड की इस जोड़ी ने 48 साल पहले (1976 में) कराची में पाकिस्तान के खिलाफ 186 रन की साझेदारी की थी। नसीम शाह ने 93 रन देकर तीन विकेट लिए और उनके साथी गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी दो पुछल्ले बल्लेबाजों के विकेट चटकाये। दो अन्य तेज गेंदबाजों खुर्म शहजाद और मोहम्मद अली ने भी दो-दो विकेट लिए। पाकिस्तान ने इस मैच में विशेषज्ञ स्पिनर के बिना उतरने का फैसला किया। ऑफ स्पिन करने वाले हरफनमौला सलमान अली आगा (41) ने सबसे अधिक ओवर डाले। मुशफिकुर ने उनके खिलाफ आसानी से रन बनाये। इस गेंदबाज ने 136 रन लुटाये। सलमान बदकिस्मत रहे कि वह विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल नहीं हो सके क्योंकि मुशफिकुर जब 150 रन पर थे तो बाबर आजम ने लेग स्लिप पर उनका कैच छोड़ दिया। विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान भी मेहदी कैच पकड़ने में विफल रहे। उस समय वह 52 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। सलमान ने भी शाहीन की गेंद पर मेहदी का कैच टपका लेकिन आखिर में स्लिप में इस बल्लेबाज का कैच पकड़ कर अपनी पिछली गलती की भरपाई की। इससे पहले बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 316 रन से की। दिन के पहले घंटे में लिटन (56) नसीम की गेंद पर विकेट के पीछे रिजवान को कैच दे बैठे। उन्होंने मुशफिकुर के साथ छठे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की। मुशफिकुर और मेहदी ने इसके बाद पाकिस्तान के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। मुशफिकुर ने इस दौरान लंच से पहले सलमान के खिलाफ दो रन चुराकर अपना शतक पूरा किया।

**इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका का संघर्ष जारी**

मैनचेस्टर (इंग्लैंड)। अपना चौथा टेस्ट मैच खेल रहे कामिंदु मेंडिस की तीसरी शतकीय पारी से श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला की शुरुआती टेस्ट के चौथे दिन लंच तक इंग्लैंड पर 169 रनों की बढ़त बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

# मेस्सी ने एमएलएस प्लेऑफ से पहले जुड़ सकते हैं इंटर मियामी से

एजेंसी


शुरू किया अभ्यास

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी ने इस हफ्ते मैदान पर व्यक्तिगत ट्रेनिंग शुरू कर दी है और वह एमएलएस के नियमित सत्र के खत्म होने से पहले इंटर मियामी में शामिल हो सकते हैं। मियामी के कोच गेरार्डो टाटा मार्टिनो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अर्जेंटीना की 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर जीत के बाद से 37 वर्षीय मेस्सी दायें टखने की चोट के कारण बाहर हैं। वह इस मैच के दूसरे हाफ में गिर गए थे। मेस्सी शनिवार को इंटर मियामी और एफसी सिनसिनाटी के बीच मुकाबले में नहीं खेलेंगे। उन्हें सितंबर के दो विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम से भी बाहर रखा गया है। वह एक जुलाई से इंटर मियामी के लिए नहीं खेले हैं लेकिन कोच मार्टिनो ने कहा कि वह जल्द ही टीम की पूर्ण ट्रेनिंग में शामिल हो सकते हैं। मार्टिनो ने कहा कि हालांकि मेस्सी की वापसी का कोई समय नहीं बताया जा सकता लेकिन यह अक्टूबर के अंत में शुरू होने वाले एमएलएस प्लेऑफ से पहले हो सकता है।

**भारतीय अंडर-17 टीम बाली में इंडोनेशिया की चुनौती के लिए तैयारी में जुटी**

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष अंडर-17 फुटबॉल टीम रविवार और अगले मंगलवार को बाली में इंडोनेशिया के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए तैयारी में जुटी है। शुक्रवार की रात को टीम ने स्थानीय टीम बाली यूनाइटेड एफसी अंडर-20 के खिलाफ अभ्यास मैच खेला जो 2-2 से ड्रा रहा। भारत के लिए मोहम्मद समी और मोहम्मद अरबाश ने गोल किए। कोच इश्फाक अहमद की भारतीय अंडर-17 टीम अगले महीने भूटान में होने वाली सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप और उसके बाद अक्टूबर में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी में जुटी है। इंडोनेशिया जाने से पहले खिलाड़ी डेढ़ महीने से अधिक समय से श्रीनगर में ट्रेनिंग कर रहे थे। अहमद ने कहा, हमने कल के अभ्यास मैच में अपनी पूरी टीम को आजमाया और परखा।

**आईएसएल ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग के 2024-25 सत्र में खेलने की पुष्टि की**

नयी दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने शनिवार को पुष्टि की कि कोलकाता स्थित मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब (एमएससी) घरेलू शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिता में सबसे नयी टीम होगी जिससे आगामी सत्र में टीमों की कुल संख्या 13 हो जाएगी। यहां जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि 2024-25 सत्र में देश के सबसे पुराने फुटबॉल क्लबों में से एक मोहम्मडन स्पोर्टिंग आईएसएल में प्रतिस्पर्धा करेगा। मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने 2023-24 सत्र में आई-लीग का खिताब जीता था। वह पंजाब एफसी के बाद आई-लीग से आईएसएल पदोन्नत होने वाली दूसरी टीम है। आईएसएल के आगामी सत्र में जो 16 टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी उसमें बेंगलुरु एफसी, चेन्नईयिन एफसी, एफसी गोवा, हैदराबाद एफसी, जमशेदपुर एफसी, केरल ब्लास्टर्स एफसी, मुंबई सिटी एफसी, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी, ओडिशा एफसी, पंजाब एफसी के अलावा 100 साल से अधिक की विरासत वाले कोलकाता के तीनों प्रतिष्ठित क्लब मोहन बागान सुपरजायंट्स, ईस्ट बंगाल एफसी और मोहम्मडन स्पोर्टिंग शामिल हैं।

# 93 मीटर की दूरी जल्द तय करेंगे नीरज : झाझड़िया

एजेंसी




नयी दिल्ली। दिग्गज पैरा एथलीट देवेंद्र झाझड़िया को लगता है कि स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा के लिए 90 मीटर दूर भाला फेंकना बस समय की बात है और उन्होंने भविष्यवाणी की कि वह एक या दो साल में 93 मीटर दूर भाला फेंक सकते हैं। चोपड़ा ने इस महीने की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर भाला फेंककर रजत पदक जीता था। उन्होंने गुरुवार को फिर से लुसाने डायमंड लीग में 89.49 मीटर के थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। झाझड़िया खुद पैरा भाला फेंक के दिग्गज हैं और जिन्होंने एफ46 श्रेणी में दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं। उन्होंने कहा कि जब चोपड़ा 90 मीटर की बाधा को पार करेंगे तो वह इसे बड़े अंतर से पार करेंगे जिसमें वह तीन से चार मीटर से आगे होंगे। झाझड़िया (43 वर्ष) ने पीटीआई से कहा, अगर मैं भाला फेंक की भाषा में कहूं तो 89 से अधिक मीटर इस वक्त नीरज के लिए एक बैरियर बन गया है। मैंने अपने 20 साल के खेल करियर में देखा है कि जब कोई बैरियर टूटता है तो वह महज एक मीटर या उससे कम से नहीं बल्कि तीन से चार मीटर से टूटता है। उन्होंने कहा, जब नीरज ऐसा करेंगे तो वह सिर्फ 90 मीटर से नहीं बल्कि तीन से चार मीटर दूर तक भाला फेंकेंगे। मेरे शब्दों को याद रखना। मार्च में भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष चुने गए झाझड़िया ने कहा, उम्र उनके पक्ष में है, 26 साल कोई उम्र नहीं है और मुझे उम्मीद है कि जब वह 28 या 29 साल के होंगे तब वह अपने शिखर पर होंगे। तब तक वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, वह बहुत अनुशासित और बहुत समर्पित हैं। मैंने यह तब देखा है जब हमने 2022 में फिनलैंड में साथ में ट्रेनिंग की थी।

**सिनर ने डोपिंग जांच में पॉजिटिव आने पर अपनी टीम के दो सदस्यों को निकाला**

न्यूयॉर्क। टेनिस के शीर्ष खिलाड़ियों में शुमार यानिक सिनर ने मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल के पॉजिटिव पाये जाने के बाद अपने फिटनेस ट्रेनर और फिजियोथेरेपिस्ट को अपनी टीम से निकाल दिया। अमेरिकी ओपन से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में सिनर ने शुक्रवार को इस मामले में अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा कि वह जानते हैं कि वह निर्दोष हैं लेकिन मामले के परिणाम के लिए चिंतित हैं। हालांकि उन्हें पता चल गया है कि उन्हें निलंबित नहीं किया जाएगा। सिनर के फिटनेस ट्रेनर उम्बर्टो फेरारा और फिजियो जियाकोमो नाल्डी पिछले दो साल से इटली के इस खिलाड़ी की टीम में शामिल थे। इस दौरान सिनर जून में एटीपी रैंकिंग में पहली बार शीर्ष पायदान पर पहुंचे थे। इटली के इस 23 साल के खिलाड़ी ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। सिनर ने कहा, मैं अब इनका साथ जारी नहीं रखना चाहता। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह मेरे और मेरी टीम के लिए काफी मुश्किल समय रहा है। यह अब भी मुश्किल है लेकिन इन दोनों को हटाने के बाद थोड़ा तरोताजा महसूस कर रहा हूं। अमेरिकी ओपन सोमवार से फ्लशिंग मिडोज में शुरू होगा।

# और मजबूत होगी भारत-अमेरिका की साझेदारी

## राजनाथ सिंह ने अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन से मुलाकात कर अहम रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा की

एजेंसी

वाशिंगटन। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात कर भारत और अमेरिका के आपसी हितों के अहम रणनीतिक मामलों पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। इससे एक दिन पहले ही भारत और अमेरिका ने अपनी वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए दो प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। सिंह दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर यहां पहुंचे हैं।

सिंह ने शुक्रवार को अपनी बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मिलकर और आपसी हित के अहम रणनीतिक मामलों पर दृष्टिकोण साझा करके खुशी हुई। उन्होंने प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी सार्थक बातचीत की और उन्हें भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया ताकि मेक इन इंडिया कार्यक्रम में तेजी लाई जा सके। सिंह ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, यूएसआईएसपीएफ (भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदारी मंच) द्वारा आयोजित गोलमेज सम्मेलन में रक्षा उद्योग की अग्रणी अमेरिकी कंपनियों के साथ सार्थक बातचीत हुई। उन्हें



भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया ताकि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में हमारे मेक इन इंडिया कार्यक्रम में तेजी लाई जा सके। भारतीय और अमेरिकी कंपनियां साथ मिलकर दुनिया के लिए सह-विकास और सह-उत्पादन करेंगी। यूएसआईएसपीएफ ने एक्स पर लिखा, यूएसआईएसपीएफ बोर्ड के सदस्यों और रक्षा उद्योग के नेताओं के साथ एक गोलमेज सम्मेलन में रक्षा मंत्री ने अमेरिका-भारत रक्षा संबंधों, इसमें अभूतपूर्व वृद्धि तथा इस बात पर चर्चा की कि कैसे रक्षा क्षेत्र एवं अमेरिकी कंपनियों का निवेश भारत की विकास गाथा और 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इसमें कहा गया है कि सिंह ने रक्षा गतिविधियों के माध्यम से रणनीतिक साझेदारी और रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने कहा कि सिंह ने रक्षा संबंधों और रणनीतिक संबंधों के विकास पर बात की, जिसमें निजी क्षेत्र अब साइबर, ड्रोन, एआई, अंतरिक्ष और क्वांटम जैसी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में गहन रक्षा तालमेल स्थापित करने में अहम भूमिका निभाता है।

सिंह ने इससे एक दिन पहले शुक्रवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की। सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे प्रिय मित्र अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ शानदार बैठक हुई। हमने मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसे प्रगाढ़ बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

# डीजेएसएस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर करेगा अनेक कार्यक्रम आयोजित



नयी दिल्ली। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सामाजिक-आध्यात्मिक संगठन दिव्य ज्योति जागृति संस्थान (डीजेजेएस) रविवार और सोमवार को नृत्य बैले, इमर्सिव एलईडी लाइट शो और अद्वितीय 3डी गोवर्धन पर्वत मॉडल जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

यहां डीडीए ग्राउंड, सेक्टर 10, द्वारका में आयोजित होने वाला दो दिवसीय कार्यक्रम दर्शन इतिहास का, परिवर्तन आज का (अतीत के मूल्यों को याद करना और वर्तमान को बदलना) की थीम पर आधारित है। आयोजकों ने एक बयान में कहा कि ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रमुख हस्तियों में शामिल होंगी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही मटकी-फोड़ लीला का आयोजन भी किया जाएगा। भगवान कृष्ण के जन्म के रूप में जन्माष्टमी का पर्व देशभर में 26 अगस्त को मनाया जाएगा।

संक्षेप

## हिंदू भारत की ओर पलायन नहीं कर रहे : हिमंत



सिलचर (असम)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि पड़ोसी बांग्लादेश में व्याप्त अस्थिरता के बावजूद वहां के हिंदुओं ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश नहीं की है। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हिंदू बांग्लादेश में रह रहे हैं और लड़ रहे हैं। पिछले एक महीने में, एक भी हिंदू को भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते नहीं पकड़ा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पड़ोसी देश के मुसलमान भारत के कपड़ा क्षेत्र में रोजगार तलाशने के लिए घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया, पिछले एक महीने में 35 मुस्लिम घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है। वे प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जो लोग आ रहे हैं वे असम के लिए नहीं, बल्कि कपड़ा उद्योग में काम करने के लिए बेंगलुरु, तमिलनाडु, कोयंबटूर जाने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अपने प्रधानमंत्री से बांग्लादेश सरकार पर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाने का अनुरोध किया है।

## एसटी, एससी व ओबीसी के छात्रों के आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

एजेंसी

भुवनेश्वर। एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश में एसटी, एससी और ओबीसी उम्मीदवारों को उचित आरक्षण नहीं देने के कथित इनकार को लेकर ओडिशा विधानसभा में विपक्षी कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सदस्यों ने शनिवार को हंगामा किया जिसके बाद सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस विधायक दल के नेता रामचंद्र कदम ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) छात्रों को कई सीटों का नुकसान हो रहा है क्योंकि प्रशासन ने उन्हें उचित कोटा से वंचित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसटी, एससी और ओबीसी राज्य की आबादी का 94 प्रतिशत हिस्सा हैं और उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त उचित आरक्षण नहीं मिल रहा है। कदम ने कहा, हालांकि राज्य में एसटी और एससी की आबादी का अनुपात 38.75 प्रतिशत है, लेकिन उन्हें प्रवेश में केवल 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है।

# बुलडोजर न्याय पूरी तरह अस्वीकार्य : प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा कि देश में 'बुलडोजर न्याय' पूरी तरह अस्वीकार्य है और यह बंद होना चाहिए। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की जब मध्य प्रदेश के छतरपुर में थाने पर पथराव की घटना के एक आरोपी की कोठी को बुलडोजर से तोड़ दिया गया।

प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'अगर कोई किसी अपराध का आरोपी है तो उसका अपराध एवं उसकी सजा सिर्फ अदालत तय कर सकती है, लेकिन आरोप लगते ही



आरोपी के परिवार को सजा देना, उनके सिर से छत छीन लेना, कानून का पालन न करना, अदालत की अवहेलना करना, आरोप लगते ही आरोपी का घर ढहा देना- यह न्याय नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बर्बरता और अन्याय की पराकाष्ठा है। कांग्रेस नेता के अनुसार, कानून बनाने वाले, कानून के रखवाले और कानून तोड़ने वाले में फर्क होना चाहिए।

यह बंद होना चाहिए

सरकारें अपराधी की तरह व्यवहार नहीं कर सकतीं। कानून, संविधान, लोकतंत्र और मानवता का पालन सभ्य समाज में शासन की न्यूनतम शर्त है। जो राजधर्म नहीं निभा सकता, वह न तो समाज का कल्याण कर सकता है, न ही देश का। प्रियंका गांधी ने कहा, बुलडोजर न्याय पूरी तरह अस्वीकार्य है, यह बंद होना चाहिए।

# त्रिपुरा बाढ़ : बचाव अभियान के दौरान दो की मौत, राहुल व मुख्यमंत्री ने जताया शोक

एजेंसी

अगरतला। बाढ़ प्रभावित त्रिपुरा में बचाव अभियान के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। त्रिपुरा स्टेट राइफल्स (टीएसआर) के जवान आशीष बोस दक्षिण त्रिपुरा के बेलोनिया में बचाव अभियान के दौरान नदी में बह गए, जबकि जीप चालक चिरंजीत देब शुक्रवार को पश्चिमी त्रिपुरा जिले के इंद्रनगर में तीन लोगों को बचाते समय डूब गया।



इन मौतों के साथ राज्य में बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 26 हो गई है, जबकि पिछले तीन दशकों में इस पूर्वोत्तर राज्य में आई सबसे भीषण बाढ़ के कारण 1.28 लाख लोग बेघर हो गए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बचाव अभियान के दौरान हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। गांधी ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर लिखा, बाढ़ प्रभावित त्रिपुरा में बचाव अभियान के दौरान दो बहादुर जवानों की दुखद मौत की खबर सुनकर बेहद दुख हुआ। उनकी निःस्वार्थ सेवा, साहस और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। इस कठिन समय में राष्ट्र उनके साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने भी दो लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। फेसबुक पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, आशीष बोस (बेलोनिया से टीएसआर जवान) और चिरंजीत देब (इंद्रनगर से) की मृत्यु से बहुत दुख हुआ, दो बहादुर योद्धा जिन्होंने त्रिपुरा बाढ़ के दौरान दूसरों को बचाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके परिवारों और मित्रों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। उनका बलिदान हमें साहस और बहादुरी की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उनके निःस्वार्थ कार्य को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने भी दो लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

# युद्ध के बीच यूक्रेन का 33वां स्वतंत्रता दिवस

एजेंसी



कीव। यूक्रेन के 33वें स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को किसी तरह की आतिशबाजी, परेड या संगीत कार्यक्रम नहीं हुआ क्योंकि रूस द्वारा उसके ऊपर किए गए आक्रमण को 30 माह पूरे हो चुके हैं और युद्ध से जर्जर देश में चारों तरफ उदासी भरा माहौल रहा। यूक्रेनी लोग युद्ध में मारे गए नागरिकों और सैनिकों की स्मृति में इस दिन को मनाएंगे। यूक्रेनी लोगों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को बधाई दी है और अग्रिम पंक्ति के सैनिकों को धन्यवाद दिया है। एकजुटता दर्शा रहे लोगों में यह एक साझा स्वीकार्यता है कि ढाई साल काफी कठिन रहे हैं और थकान बढ़ती जा रही है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने राष्ट्र से कहा, मौन के रूप में स्वतंत्रता का अनुभव हम तब करते हैं जब हम अपने लोगों को खो देते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस द्वारा शुरू किया गया युद्ध अब उसके अपने क्षेत्र में फैल गया है। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की घुसपैठ का जिक्र करते हुए कहा, जो लोग हमारी धरती पर बुराई बोना चाहते हैं, उन्हें इसका फल अपनी ही धरती पर मिलेगा।

# हिंदू-मुस्लिम दोनों ने मिलकर ढाकेश्वरी मंदिर की रक्षा : पुजारी

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थित प्राचीन ढाकेश्वरी मंदिर की अधिष्ठात्री देवी को सभी मानवों की माता बताते हुए पवित्र तीर्थस्थल के एक पुजारी ने कहा कि देश में शेख हसीना सरकार के पतन के तुरंत बाद हिंदू, मुस्लिम और अन्य स्थानीय समुदाय के अनेक लोग शक्तिपीठ की रक्षा के लिए साथ आए।

ढाका में स्थित सदियों पुराने इस मंदिर के आसपास कई मस्जिदें हैं। अकसर यहां मंदिर में बजने वाली घंटियां और पास की मस्जिद में होने वाली अजान को साथ सुना जा सकता है।

प्रमुख शक्तिपीठों में से एक श्री श्री ढाकेश्वरी राष्ट्रीय मंदिर का शुक्रवार को संवाददाता ने दौरा किया और यहां पुजारियों व तीर्थस्थल आए हिंदू समुदाय के श्रद्धालुओं से बातचीत की। इस दौरान एक युवा विवाहित जोड़ा अपनी दो माह की बेटी के लिए आशीर्वाद लेने पहुंचा हुआ था, जबकि एक महिला मंदिर प्रांगण के एक कोने में गर्भगृह के सामने मोमबत्तियां जला प्रार्थना कर रही थी।

इंटरटेनमेंट...

# 'शोले' में ट्रिपल रोल निभाना चाहेंगे सलमान




मुंबई। सलमान खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान 'शोले' और 'दीवार' की रीमेक बनाने की इच्छा जताई है। फराह खान के साथ बातचीत के दौरान सलमान खान ने कहा कि वो फिल्म 'शोले' में ट्रिपल भूमिका निभाना चाहते हैं। पिछले दिनों डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'एंग्री यंग मेन' की रिलीज को लेकर सलमान खान काफी सुर्खियां बटोर रहे थे।

एक्टर ने सोशल मीडिया पर सलीम-जावेद की डॉक्यूमेंट्री सीरीज का प्रमोशनल वीडियो को शेयर किया है। इस वीडियो में फराह खान सलमान खान से सवाल पूछती नजर आ रही हैं। फराह खान ने सलमान खान से पूछा कि अगर उन्हें सलीम-जावेद की किसी फिल्म का रीमेक बनाना होगा तो वो किस फिल्म का बनाएंगे? इसपर सलमान खान ने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'शोले' और 'दीवार' का नाम लिया। जब फराह खान ने पूछा कि जय या वीरू में से कौन सा किरदार निभाना चाहेंगे? सलमान खान ने चुटकी लेते हुए कहा- मैं जय-वीरू और गब्बर का भी किरदार निभा सकता हूं। अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र की फिल्म 'शोले' साल 1975 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को रमेश सिप्पी ने डायरेक्ट की थी। यश चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'दीवार' भी 1975 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और शशि कपूर की लीड भूमिका थी। दोनों फिल्में सलीम-जावेद ने लिखी थी।

## मेकर्स के मन में विश्वास लाने के लिए किए प्रयोग : विनीत

मुंबई। एक्टर विनीत कुमार सिंह हाल ही में 'घुसपैठिया' में नजर आए। एक्टर सोलो हीरो के रूप में फिल्म 'मुक्काबाज' में काम किया। लेकिन इस फिल्म के बाद वो अपने करियर को जिस दिशा में देख रहे थे। वैसा कुछ नहीं हुआ। मेकर्स के मन में विश्वास लाने के लिए, नए प्रयोग किए। इस समय उनके पास कबीर खान, रीमा कागती और अनुराग कश्यप के साथ बड़े प्रोजेक्ट्स भी हैं। विक्की कौशल की 'छावा' में भी वह अहम रोल में हैं। बर्थडे पर मैं मुंबई में रहूंगा। फैमिली के साथ ही सेलिब्रेट करूंगा। हालांकि मैं एक प्रोजेक्ट की शूटिंग में व्यस्त हूं। इसलिए बर्थडे को लेकर कुछ भी बड़ा प्लान नहीं है। इतना बता सकता हूं कि बर्थडे पर मेरे एक प्रोजेक्ट को लेकर अनाउंसमेंट आ सकती है।

## जब गोविंदा ने देखा लाइफ का सबसे बुरा समय

मुंबई। अपनी फिल्मों से अक्सर सबको हंसाने वाले गोविंदा ने रियल लाइफ में बेहद ट्रैजिक समय भी देखा है। साल 2014 में दिए एक इंटरव्यू में एक्टर ने बताया था कि उन्होंने अपने परिवार में 11 मेंबर्स की डेथ देखी है। गोविंदा के अनुसार वो दौर उनकी लाइफ का सबसे चैलेंजिंग और इमोशनली तोड़ देने वाला समय था। 2014 में दिए एक इंटरव्यू में एक्टर ने कहा था, 'मैंने अपने परिवार के 11 लोगों की मौत देखी है। मैंने अपनी बेटी को भी इस संसार से विदा होते देखा है'। महज चार महीने की उम्र में गोविंदा की बेटी की डेथ हो गई थी। गोविंदा की स्ट्रगल यहीं खत्म नहीं हुई थी बल्कि एक्टर ने अपने माता-पिता, दो भाइयों, बहन-बहनोई को भी दम तोड़ते देखा था।

# नागार्जुन के कन्वेंशन सेंटर पर चला बुलडोजर

मुंबई। तेलुगु स्टार नागार्जुन के हैदराबाद स्थित अवैध एन कन्वेंशन सेंटर को शनिवार, 24 अगस्त को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। उन्होंने यह सेंटर रंगारेड्डी जिले के शिल्परामम के पास माधापुर में हाइटेक सिटी के पास बनाया था। एक्टर पर आरोप था कि उन्होंने झील की जमीन पर इस सेंटर का अवैध निर्माण कराया था। हैदराबाद आपदा राहत एवं संपत्ति संरक्षण एजेंसी की टीम ने आज सुबह इसे गिरा दिया।



उधर, नागार्जुन ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा, 'अगर कोर्ट इसे तोड़ने का फैसला देता, तो मैं खुद इसे तोड़ देता। मुझे उम्मीद है कि अफसरों की इस गलत कार्रवाई पर कोर्ट से हमें राहत मिलेगी।' नागार्जुन ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की। अपने ऑफिशियल अकाउंट पर लिखा, 'कोर्ट केसेस और स्टे ऑर्डर लेने के बाद भी गैरकानूनी तरीके से कन्वेंशन सेंटर को तोड़ा गया।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com